आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

नं.1 क्षेत्रीय अखबार

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 212 | उज्जैन, शुक्रवार 14 अगस्त, 2026 | श्रावण शुक्ल 2 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

# पंजाब के पूर्व डिप्टी सीएम सुखबीर बादल पर गुरुद्वारे में हमला

## नांदेड़ में निहंग ने कृपाण मारी, 2024 में भी गोल्डन टेंपल में सुखबीर पर हुई थी फायरिंग, पीएम मोदी ने जाना हाल, फडणवीस ने दिए जांच के आदेश

**एजेंसी ▸▸ नांदेड़**

महाराष्ट्र के नांदेड़ में गुरुद्वारे के पास एक निहंग ने पंजाब के पूर्व उप मुख्यमंत्री सुखबीर बादल पर हमला किया है। उनके हाथ में चोट आई है और उन्हे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बादल के साथ उनके समर्थक भी अस्पताल पहुंचे। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने जांच के आदेश दिए हैं।

शिरोमणि अकाली दल के नेता और पंजाब के पूर्व उप मुख्यमंत्री सुखबीर सिंह बादल पर नांदेड़ में हमले की खबर सामने आ रही है। बादल पर नांदेड़ के एक गुरुद्वारे में निहंग ने हमला किया। हमले में उनके हाथ में चोट लगी है। उन्हें यशोमती अस्पताल में भर्ती कराया गया है। नांदेड़ पुलिस ने यह जानकारी दी।



### पीएम मोदी ने हरसिमरत कौर से फोन पर की बात

इस बीच, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शिरोमणि अकाली दल के प्रमुख सुखबीर सिंह बादल की पत्नी हरसिमरत कौर बादल से फोन पर बात कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। पुलिस के मुताबिक, बादल पर एक गुरुद्वारे के पास हमला हुआ। इसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो में बादल एक इमारत के अंदर जाते हुए दिखाई दे रहे हैं। उनके दाहिने हाथ पर कपड़ा बंधा हुआ है।

- **हमले में सुरक्षाकर्मी भी घायल-** हमला नांदेड़ के गुरुद्वारा माता साहिब कौर में हुआ। बताया जा रहा है कि बादल के एक सुरक्षाकर्मी संतोष केंद्रे पर भी हमला किया गया। शुरूआती जानकारी में सुखबीर बादल पर कृपाण से हमला होने की बात सामने आई है।
- **पत्नी के साथ तख्त श्री हजूर साहिब गए थे सुखबीर बादल-** इससे पहले दिन में सुखबीर बादल अपनी पत्नी हरसिमरत कौर बादल के साथ नांदेड़ के तख्त श्री हजूर साहिब गए थे। हरसिमरत कौर बादल अकाली दल की सांसद हैं। हमला सुबह करीब 11 बजे हुआ।

### मुख्यमंत्री ने दिए जांच के आदेश

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने हमले के मामले में नांदेड़ के पुलिस अधीक्षक (एसपी) से जानकारी मांगी है। मुख्यमंत्री कार्यालय ने पुष्टि की कि इस मामले में एक व्यक्ति को तुरंत गिरफ्तार किया गया है और हमले के पीछे की मंशा की जांच करने के लिए आदेश दिए गए हैं।

### पहले भी हो चुका हमला

यह पहली बार नहीं है, जब सुखबीर सिंह बादल पर हमला इस तरह का हमला हुआ है। दिसंबर 2024 में अमृतसर के स्वर्ण मंदिर के बाहर उन पर जानलेवा हमला हुआ था। तब वह धार्मिक सजा के तहत पहरेदार के रूप में सेवा दे रहे थे। उन पर नारायण सिंह चौड़ा नाम के व्यक्ति ने गोली चलाई थी। हालांकि, वे बाल-बाल बच गए थे। इसके तुरंत बाद हमला को पकड़ लिया गया था।

## देश विदेश

### एअर इंडिया के पायलटों का अब रोज ड्रग टेस्ट होगा

**नई दिल्ली।** एअर इंडिया और एअर इंडिया एक्सप्रेस के सभी पायलटों की अब रोज जांच होगी कि उन्होंने प्रतिबंधित दवाओं या नशीले पदार्थों का नशा तो नहीं किया है। न्यूज एजेंसी ने सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी है। यह टेस्ट आज से अनिवार्य कर दिया गया है। दोनों एयरलाइंस में 5 हजार से ज्यादा पायलट हैं। पिछले हफ्ते फुकेट-दिल्ली फ्लाइट के एक पायलट का ड्रग टेस्ट पॉजिटिव आने के बाद यह फैसला लिया गया। दरअसल, इस फ्लाइट के भुवनेश्वर से गुजरते समय अचानक टबुर्लेंस जैसे हालात बने और यह करीब 300 फीट नीचे आ गई थी। जिससे यात्रियों और क्रू मेंबर्स को चोटें आई थीं।

### लेह में भूकंप के तेज झटके रिक्टर स्केल पर 5.5 मापी तीव्रता

**लेह।** लद्दाख के लेह क्षेत्र में गुरुवार सुबह अचानक आए भूकंप के तेज झटकों से धरती कांप उठी। 'नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी' के अनुसार, सुबह लगभग 6.05 बजे आए इस भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 5.5 मापी गई। सिस्मोलॉजी सेंटर के आंकड़ों के मुताबिक, इस भूकंप का केंद्र बिंदु 36.881 डिग्री उत्तर अक्षांश तथा 74.402 डिग्री पूर्व देशांतर पर दर्ज किया गया. भूकंप का केंद्र जमीन से महज 10 किलोमीटर की गहराई पर स्थित था। अधिकारियों ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) के जरिए जानकारी दी कि उथला केंद्र होने के कारण झटके काफी तेज महसूस किए गए थे।

### कंगना की फिल्म में जूनियर आर्टिस्ट थीं साई पल्लवी



**डांस शो से बाहर किया, आज भारत की सबसे बड़ी फिल्म रामायण में सीता बनीं**

**मुंबई।** 2017 में भारतीय सिनेमा की सबसे बड़ी फिल्म रामायण की घोषणा हुई। देशभर के नामी लोग इस प्रोजेक्ट से जुड़े और 2021 में फिल्म की को-प्रोड्यूसर मधु मंटेना ने घोषणा की कि इस फिल्म में भारतीय सिनेमा के इतिहास की सबसे बड़ी स्टार कास्ट होगी। रणबीर कपूर और यश, भगवान राम और रावण के रोल के लिए चुने गए। हर किसी को इंतजार था कि आखिर माता सीता के रोल के लिए किस एक्ट्रेस का चुनाव होगा। आलिया भट्ट, दीपिका पादुकोण जैसे कई नाम की चर्चाएं हुईं। मेकर्स को एक ऐसे चेहरे की तलाश थी, जिसमें सादगी और खूबसूरती हो और उस नाम के साथ कोई स्कैंडल या विवाद न हो और फिर अगस्त 2023 में इस रोल के लिए साउथ एक्ट्रेस साई पल्लवी के नाम की घोषणा हुई। साई पल्लवी, एक ऐसी एक्ट्रेस, जो कुछ सालों पहले तक एक जूनियर आर्टिस्ट हुआ करती थीं। फिल्म में उन्हें छोटे-मोटे रोल दिए जाते थे, जिनके डायलॉग भी कम ही हुआ करते थे। वहीं फिल्मों में आने से पहले साई पल्लवी एक मेडिकल स्टूडेंट थीं और साउथ के एक डांस रियलिटी शो की कंटेस्टेंट थीं। वो दी अल्टीमेट डांस शो की फाइनलिस्ट रहीं, लेकिन जीत नहीं सकीं, लेकिन कुछ सालों बाद इन्हीं साई पल्लवी के गाने राउडी बेबी ने 1 बिलियन व्यूज हासिल कर इतिहास रच दिया।

### नैनो न्यूज

- **नई दिल्ली:** चांदी 3,414 रु. गिरकर 2.34 लाख किलो पर आई, सोना 972 रु. सस्ता होकर 1.52 लाख रुपये का 10 ग्राम हुआ, कैरेट के हिसाब से देखें कीमत।
- **नई दिल्ली:** टाटा संस में चंद्रशेखरन की जगह ले सकते हैं नरेंद्रन, चेयरमैन की रेस में टाटा स्टील के एमडी सबसे आगे, 1988 से ग्रुप से जुड़े हैं।
- **नई दिल्ली:** दीपके बोले-वोटर सरकार चुनता था, अब सरकार वोटर चुनती है, सीजेपी को सियासी पार्टी नहीं बनाएंगे, पार्टी बनी तो आसानी से तोड़ दी जाएगी
- **नई दिल्ली:** राहुल ने कहा-देश में लोगों को बोलने से रोका जा रहा, हमारा काम आवाज बुलंद करना, सरकार को समझ आ गया कि लोग अब चुप नहीं रहेंगे।
- **नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट बोला- पैकेज्ड फूड पर वॉर्निंग लेबल लगाओ, ज्यादा चीनी-नमक और फैट की जानकारी दो, सरकार ऐसा नहीं करती तो हम आदेश देंगे।
- **बांग्लादेश:** 10-10 घंटे बिजली कट रही, सरकार ने रात 8 बजे बाजार बंद करने का आदेश दिया, भारत से डीजल सप्लाई बढ़ाने की मांग।
- **रूस:** पुतिन पहली बार जापान के दावे वाले कुरील आइलैंड पहुंचे, जापान बोला- यह हमारा हिस्सा, 80 साल से 4 द्वीपों को लेकर दोनों में विवाद।
- **वाशिंगटन:** रिपोर्ट- अमेरिकी नौसैनिकों ने जहाज से कूदने की कोशिश की, मानसिक तनाव से जूझ रहे, यूएसएस अब्राहम लिंकन वॉरशिप ईरान जंग में 9 महीने से तैनात।
- **वाशिंगटन:** ट्रम्प की वफादार कैरोलिन लेविट ने नौकरी छोड़ी, पत्रकारों पर तंज के लिए मशहूर थीं, कहा- अच्छी मां बनना चाहती हूं।

### यूएन की रिपोर्ट में दावा, एनआईए की जांच में भी यही निकला था

# लाल किला धमाका अलकायदा ने कराया

## धमाके में 11 लोगों की मौत हुई, जबकि कई अन्य लोग घायल हुए थे

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली**

लाल किले के पास हुए धमाके में अलकायदा से जुड़े संगठन का हाथ था। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की 38वीं रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। 10 नवंबर 2025 की शाम लाल किले के पास हुए इस धमाके में 11 लोगों की मौत हुई थी, जबकि कई अन्य लोग घायल हुए थे।

रिपोर्ट के मुताबिक अलकायदा इन द इंडियन सबकॉन्टिनेंट ने इस धमाके को अंजाम दिया। इसमें कहा गया है कि अदक्र अब छोटे-छोटे सेल के जरिए काम



कर रहा है और उसने अपना लॉजिस्टिक्स, फाइनेंशियल नेटवर्क भी तैयार कर लिया है।

### दो अलग-अलग आतंकी संगठनों के नाम सामने आए

इससे पहले आई यूएनएससी की 37वीं रिपोर्ट में एक सदस्य देश ने इस हमले के पीछे जैश-ए-मोहम्मद (खीट) का हाथ बताया था। यानी इस हमले को लेकर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की लगातार दो रिपोर्टों में दो अलग-अलग आतंकी संगठनों के नाम सामने आए हैं। हालांकि, एनआईए की चार्जशीट में दावा किया गया था कि आरोपी अदक्र से जुड़े थे।

### विधायक संजय की कंपनी के साथ 1.5 करोड़ की ठगी

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ कटनी**

कटनी स्थित विजयराघवगढ़ से विधायक संजय पाठक की कंपनी से डेढ़ करोड़ रुपए के साइबर ठगी हो गई। साइबर ठगों ने कंपनी के सीनियर डायरेक्टर के मोबाइल नंबर को हैक कर फर्जी वॉट्सऐप मैसेज भेजकर कंपनी के अकाउंटेंट से दूसरे खाते में 1.5 करोड़ रुपए ट्रांसफर करवा लिए। पुलिस के अनुसार कंपनी के सीनियर अकाउंटेंट के मोबाइल पर सीनियर डायरेक्टर के नंबर से वॉट्सऐप मैसेज आया, इसमें दूसरे व्यक्ति के खाते में तत्काल 1.5 करोड़ रुपए ट्रांसफर करने के निर्देश दिए गए थे।

### भाजपा में बढ़ा मोहन यादव का कद

#### राष्ट्रीय राजनीति के संकेत, प्रदेश में सार्वजनिक मंच पर चुनौतियां

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली**

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का राजनीतिक कद लगातार बढ़ने की चर्चा भाजपा के राजनीतिक गलियारों में तेज है। दिल्ली में केंद्रीय नेतृत्व से मुलाकातों से लेकर राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रमों में उनकी सक्रिय भूमिका तक, कई घटनाक्रम यह संकेत दे रहे हैं कि पार्टी उन्हें मध्यप्रदेश की सीमाओं से बाहर भी एक महत्वपूर्ण चेहरे के रूप में आगे बढ़ा रही है। हालांकि भाजपा की ओर से अभी उन्हें राष्ट्रीय राजनीति के लिए औपचारिक रूप से कोई नई जिम्मेदारी देने की घोषणा नहीं हुई है।

मोहन यादव के मुख्यमंत्री बनने के बाद से भाजपा ने उन्हें राष्ट्रीय मंचों पर भी सक्रिय रखा है। दिल्ली में केंद्रीय नेताओं से उनकी मुलाकातें और राष्ट्रीय स्तर के आयोजनों में प्रदेश का प्रतिनिधित्व इस बात की ओर संकेत करता है कि पार्टी नेतृत्व उनके राजनीतिक प्रभाव का विस्तार करना चाहता है।

#### राष्ट्रीय स्तर पर सक्रियता बढ़ी

मोहन यादव का राजनीतिक प्रोफाइल अब केवल मध्यप्रदेश तक सीमित नहीं दिखाई देता। भाजपा के लिए हिंदी पट्टी की राजनीति में यादव समाज के प्रभाव को देखते हुए उनका राजनीतिक उपयोग पार्टी के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है। विश्लेषणों में भी उनके बढ़ते राजनीतिक कद और राष्ट्रीय स्तर पर उनकी स्वीकार्यता को लेकर चर्चा सामने आई है।

यही वजह है कि भाजपा के भीतर उनके भविष्य को लेकर कई तरह के कयास लगाए जा रहे हैं। हालांकि फिलहाल उनका प्राथमिक दायित्व मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में सरकार चलाना ही है। दूसरी ओर, मुख्यमंत्री के कुछ सार्वजनिक बयानों को लेकर भी राजनीतिक बहस देखने को मिली है। जुलाई में समान नागरिक संहिता और विवाह व्यवस्था को लेकर दिए गए उनके बयान पर विवाद खड़ा हुआ था और विपक्ष ने इसे मुद्दा बनाया।

### संसद का मानसून सत्र अनिश्चितकाल के लिए स्थगित

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली**

संसद का मानसून सत्र गुरुवार को भारी हंगामे और लगातार बने गतिरोध के बीच अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया। सत्र के अंतिम दिन भी दोनों सदनों में कोई विशेष विधायी कामकाज नहीं हो सका। लोकसभा की कार्यवाही जहां अंतिम दिन राष्ट्रगीत के बाद महज 1 मिनट के भीतर ही समाप्त कर दी गई, वहीं राज्यसभा की कार्यवाही भी केवल एक घंटे के आसपास ही चल पाई। सत्र के आखिरी दिन लोकसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, कैबिनेट के कई वरिष्ठ मंत्रियों के साथ-साथ नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी भी उपस्थित थे। राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' के गायन के तुरंत बाद लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला ने सदन की कार्यवाही को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित करने की घोषणा कर दी। दूसरी ओर, राज्यसभा में लगभग 1 घंटे चली संक्षिप्त कार्यवाही के दौरान खान और खनिज (विकास और विनियमन) संशोधन विधेयक को पारित कर दिया गया।

### प्रियंका गांधी के गोमूत्र-एक्सपर्ट वाले बयान के खिलाफ ऑनलाइन मुहिम

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली**

आईआईटी मद्रास के डायरेक्टर वी कामकोटी को गोमूत्र एक्सपर्ट बताने वाले प्रियंका गांधी के बयान पर विवाद बढ़ गया है। उनके खिलाफ एक ऑनलाइन मुहिम शुरू की गई है। इसे 13 अगस्त सुबह 9 बजे तक 14 हजार लोगों का समर्थन मिल चुका है। यह मुहिम चैंज डॉट ओआरजी पर शुरू गई गई है। इसमें लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला से मामले का संज्ञान लेने की मांग की गई है। साथ ही, प्रियंका से कमेंट वापस लेने और माफी की मांग की गई है। 38 से ज्यादा देशों में रह रहे भारतीय वैज्ञानिकों ने भी इसका समर्थन किया है।

### मवेशी के कारण फसल तबाही से नाराज किसान पहुंचे कलेक्ट्रेट

**एजेंसी ▸▸ अंबिकापुर**

छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले के मुख्यालय अंबिकापुर में गुरुवार को किसानों का एक अनोखा और अभूतपूर्व विरोध प्रदर्शन देखने को मिला। शहर के आवारा एवं बेसहारा मवेशियों द्वारा फसलों को पहुंचाए जा रहे भारी नुकसान से तंग आकर ग्रामीण किसानों ने 50 से अधिक मवेशियों को लगभग 13 किलोमीटर पैदल हांककर कलेक्ट्रेट परिसर में लाकर खड़ा कर दिया। ग्राम पंचायत परसा और देवगढ़ के किसानों ने एकजुट होकर दोपहर में कलेक्ट्रेट की ओर रुख किया। कलेक्ट्रेट के मुख्य प्रवेश द्वार और कलेक्टर चैंबर के ठीक सामने बड़ी संख्या में गाय, बैल और बछड़े बैठ गए। मवेशियों के साथ ही परेशान किसान भी अपनी मांगों को लेकर वहीं धरने पर बैठ गए।

### उत्तर प्रदेश में बनारस के घाट डूबे

# अंतिम संस्कार के लिए घंटों इंतजार

## उत्तराखंड के देहरादून-टिहरी में भूस्खलन, 15 राज्यों में अगले 4 दिन भारी बारिश का अलर्ट

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली**

बंगाल की खाड़ी में सिस्टम बनने से बुधवार को 20 राज्यों में अच्छी बारिश हुई। अगले 4 दिनों तक मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, राजस्थान समेत 15 राज्यों में तेज बारिश का अलर्ट है। उत्तर प्रदेश के बनारस में घाटों की सीढ़ियों तक पानी पहुंच गया है। हरिश्चंद्र घाट पर शवदाह स्थल डूब गया है। घाट की ऊपरी सीढ़ियों पर चिताएं जलाई जा रही हैं। लोगों को 2 से 3 घंटे तक शव का अंतिम संस्कार कराने के लिए इंतजार करना पड़ रहा है। उन्नाव मे सड़क पर नाव चलानी पड़ी।

राजस्थान के 5 से ज्यादा जिलों में बुधवार को तेज बारिश हुई। जयपुर में 4 घंटे से ज्यादा पानी बरसा। पानी से भरे गड्ढे के कारण बस पलट गई। बारिश और पेड़ गिरने से शहर के ज्यादातर हिस्सों में ट्रैफिक जाम



रहा। उधर, उत्तराखंड के देहरादून-मसूरी मार्ग पर लैंडस्लाइड के चलते मलबा सड़क पर आ गिरा। इससे दोनों ओर करीब 10 किमी लंबा जाम लग गया। राज्य के 9 जिलों में 67 सड़कें बंद हैं। मध्य प्रदेश के कई जिलों में लगातार चार दिनों से तेज बारिश हो रही है। हिमाचल प्रदेश में बारिश से 204 सड़कें बंद हैं।

### झारखंड विधानसभा घेराव पर पुलिस का बड़ा एक्शन

# 100 नामजद व 500 अज्ञात पर एफआईआर

**एजेंसी ▸▸ रांची**

झारखंड विधानसभा घेराव के दौरान छात्रों और पुलिस के बीच हुई झड़प के मामले में रांची पुलिस ने करीब 100 नामजद और 500 अज्ञात प्रदर्शनकारियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। वहीं, छात्रों के समर्थन में एबीवीपी ने देशभर के 1,200 से अधिक विश्वविद्यालयों और सभी जिलों में प्रदर्शन का एलान किया है।



झारखंड विधानसभा घेराव के दौरान छात्रों और पुलिस के बीच हुई झड़प के मामले में रांची पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस ने प्रदर्शन में शामिल करीब 100 लोगों को नामजद करते हुए 500 अज्ञात प्रदर्शनकारियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। इस बीच अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने देशव्यापी प्रदर्शन का एलान कर दिया है। बताया गया कि विधानसभा घेराव के दौरान प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई थी। इस दौरान दोनों पक्षों के बीच झड़प भी हुई।

### रक्षाबंधन और त्योहारी सीजन के चलते हवाई किराया बढ़ाया

# इंदौर से आबूधाबी उड़ान का किराया 38 हजार के पार

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

रक्षाबंधन और त्योहारी सीजन के चलते इंदौर से आबूधाबी जाने वाले यात्रियों को अब हवाई सफर के लिए पहले के मुकाबले काफी अधिक किराया चुकाना पड़ रहा है। अगस्त के अंतिम सप्ताह में इंदौर-आबूधाबी सीधी उड़ान का किराया बढ़कर 38 हजार रुपये तक पहुंच गया है। महीने की शुरूआत में जहां इसी रूट पर टिकट करीब 20 से 23 हजार रुपये में उपलब्ध था, वहीं अब कुछ तारीखों पर किराया 15 हजार रुपये तक बढ़ गया है। इससे त्योहारी अवधि में विदेश जाने की तैयारी कर रहे यात्रियों का यात्रा बजट प्रभावित हो रहा है।

इंदौर एयरपोर्ट से आबूधाबी के लिए





सीधी उड़ान सेवा 15 जुलाई से शुरू हुई थी। नई उड़ान सेवा शुरू होने के बाद मध्य प्रदेश के मालवा-निमाड़ क्षेत्र के यात्रियों को आबूधाबी के लिए सीधे हवाई संपर्क की सुविधा मिली है। इसका लाभ इंदौर के अलावा आसपास के जिलों के यात्रियों को भी मिल रहा है। हालांकि, त्योहारी सीजन में बढ़ती मांग के कारण अब टिकटों के दाम तेजी से ऊपर जा रहे हैं।

### 20 अगस्त तक रहेगा

ट्रैवल एजेंट एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अनुसार 20 अगस्त तक इंदौर से आबूधाबी जाने वाली उड़ान का किराया लगभग 20 से 23 हजार रुपये के आसपास है। इसके बाद 21 से 26 अगस्त के बीच किराया बढ़कर करीब 29 से 32 हजार रुपये तक पहुंच रहा है। वहीं 27 से 31 अगस्त के बीच कई तारीखों में टिकट का किराया 30 से 38 हजार रुपये तक पहुंच गया है। रक्षाबंधन के आसपास मांग अधिक रहने के कारण किराए में और दबाव देखने को मिल रहा है। वहीं आबूधाबी से इंदौर आने वाले यात्रियों के लिए स्थिति फिलहाल कुछ राहत वाली है. वापसी का किराया विभिन्न तारीखों पर लगभग 15 से 17 हजार रुपये के आसपास बताया जा रहा है।



## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का गुरुवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## खुसूर-फुसूर

### चुनौती पूर्ण रहेगा त्रि संयोग

यूं तो मंदिर के व्यवस्थापकों के लिए अब हर दिन ही चुनौती लेकर आता है। सिर्फ मंदिर ही नहीं प्रशासन एवं वर्दी के लिए भी शहर में इससे चुनौती के हाल बने रहते हैं। आवागमन व्यवस्था को लेकर जुझते हुए जैसे तैसे आवागमन की स्थिति बनी हुई है। अव्यवस्था के कारणों को जानने के साथ ही उसे भी नियंत्रित किया जा रहा है। वर्षा के मौसम में बाढ़ आने पर जिस तरह की स्थिति होती है वैसे ही हाल कई बार मंदिर में भी हो रहे हैं। आस्था और श्रद्धा का रैला पहुंच रहा है। इस बीच अति विशिष्ठ भी बराबर सम्मान पा रहे हैं। कुछ भी व्यवस्थाओं को जैसे तैसे अंजाम दिया जा रहा है। प्रति दिन की संख्या ही इतनी सामने आ रही है जो औसत आंकडों से दुगनी और ढाई गूना तक पहुंच रही है। अब ऐसे हालातों में एक त्रि संयोग की स्थिति भी आ रही है। इस त्रि संयोग के लिए वैसे तो अभी से तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है और अलग-अलग व्यवस्था दर्शनों एवं सवारी के लिए की जा रही है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं मूलभूत सुविधाओं को लेकर व्यवस्था में चिंता ली गई है और उसे अंजाम देने के लिए धरातल को भी बराबर देखा जा रहा है। इस दौरान व्यवस्था में लगे कर्मचारियों को धैर्य भी रखना है और श्रद्धालुओं के साथ समन्वित एवं सम्मानजनक व्यवहार भी करना है इस पर भी विशेष ध्यान दिया जाना जरूरी हो गया है। हाल ही में सवारी के दौरान कुछ ऐसा भी हुआ था जो सोश्यल मीडिया पर अच्छा संदेश नहीं छोड़ गया है। ऐसे मामलों पर विशेष ध्यान दिया जाना आवश्यक हो गया है। खासकर ऐसे आयोजनों में तो विशेष सतर्कता संवाद पर रखी जाना आवश्यक है। खुसूर-फुसूर है कि यह वास्तविकता है कि श्रद्धालुओं की संख्या के आगे व्यवस्थापकों की संख्या काफी कमजोर है। मंदिर से लेकर सडक तक यही स्थिति है। इस बीच भी हमारे व्यवस्थापक काफी बेहतर परिणाम दे रहे हैं। मंदिर का वर्दी केंद्र और उसका अमला कागजों में ही चल बना है उसकी वास्तविकता में कब नियुक्ति होगी और कब वह धरातल पर उतरेगा वो भविष्य के गर्त में है। अभी तो त्रि संयोगी स्थिति को संभाल कर पूरा पर्व सुरक्षा और व्यवस्थाओं के दायरे में पूर्ण करना चुनौती पूर्ण रहने वाला है।

## नैनो न्यूज

- कन्या महाविद्यालय में एनएसएस और एनसीसी का आयोजन, आगामी सिंहस्थ में साइबर मित्रों की भूमिका पर भी हुई चर्चा
- शामियाना महोत्सव में महाकाल टेंट संघ ने की घोषणा, हाउसिंग बोर्ड अध्यक्ष ने कहा-जमीन दिलाने में मदद करेंगे
- शहीदों को नमन और पौधरोपण कर मनाया वर्ल्ड लेफ्ट हैंडर्स डे, उज्जैन लेफ्टी क्लब ने शहीद पार्क में आयोजित किया कार्यक्रम
- मर्चेंट एसोसिएशन के संचालक मंडल की बैठक में लिया गया निर्णय, यह निर्णय दौलतगंज होलसेल किराना मर्चेंट एसोसिएशन के संचालक मंडल की बैठक में लिया गया।
- 5वें सरीसृप रक्षा अभियान में सर्प विशेषज्ञ देंगे विष और सांपों से बचाव की जानकारी, प्रातः 7 बजे कोठी रोड पर 5वां सरीसृप रक्षा अभियान आयोजित होगा।
- मौन तीर्थ में समाजजनों के साथ किया मंथन, गुर्जर आरक्षण संघर्ष समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय किरोड़ी सिंह बैंसला सड़क मार्ग से उज्जैन पहुंचे।
- ब्रह्माकुमारी संस्था व एनएसएस के संयुक्त तत्वावधान में आयोजन, युवाओं को सकारात्मक जीवन के लिए किया प्रेरित
- गीता कॉलोनी स्थित सिंधी धर्मशाला में संपन्न हुए चुनाव, 100 वोट पाकर हासिल की जीत, चुनावों में वासवानी को 100 वोट मिले, जबकि तुलसीदास को 50 वोट प्राप्त हुए।
- ई-अटेंडेंस व्यवस्था ध्वस्त, प्रदेशभर के लाखों शिक्षक परेशान, स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा शिक्षकों की उपस्थिति दर्ज करने के लिए लागू की गई ई-अटेंडेंस व्यवस्था

## ट्रेंडिंग




पोल शिफ्टिंग का कार्य अब रहवासियों और भवन मालिकों के लिए परेशानी का कारण बन रहा

# चौड़ीकरण के बीच बिल्डिंग के सेंटर में पोल, शिकायत के बाद भी नहीं हुई सुनवाई

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

शहर के कंठाल से बड़ा सराफा मार्ग के चौड़ीकरण के दौरान पोल शिफ्टिंग का कार्य अब रहवासियों और भवन मालिकों के लिए परेशानी का कारण बनता नजर आ रहा है। चौड़ीकरण के लिए नागरिकों द्वारा अपनी जमीन और घर का हिस्सा बिना किसी विरोध के प्रशासन को उपलब्ध कराने के बावजूद पोल शिफ्टिंग में बरती जा रही लापरवाही को लेकर लोगों में नाराजगी है।

बताया जा रहा है कि चौड़ीकरण के बाद विद्युत पोल को निर्धारित स्थान पर शिफ्ट करने के बजाय एक भवन के सेंटर में ही पोल खड़ा कर दिया गया है। इससे भवन के उपयोग, आवागमन और भविष्य में निर्माण कार्य को लेकर परेशानी की स्थिति पैदा हो गई है। संबंधित भवन मालिक द्वारा मामले की शिकायत अधिकारियों से किए जाने के बावजूद अब तक समस्या का समाधान नहीं होने का आरोप लगाया गया है।



### जमीन दी, सहयोग किया, फिर भी परेशानी

कंठाल से बड़ा सराफा क्षेत्र के चौड़ीकरण के दौरान कई भवन मालिकों और रहवासियों ने शहर के विकास और सड़क चौड़ीकरण के लिए प्रशासन का सहयोग किया। नागरिकों का कहना है कि उन्होंने अपनी जमीन और घर का हिस्सा बिना किसी विरोध के उपलब्ध कराया, ताकि सड़क चौड़ी हो सके और क्षेत्र में यातायात व्यवस्था बेहतर हो। इसके बावजूद निर्माण और पोल शिफ्टिंग के दौरान यदि इसी तरह की अव्यवस्था सामने आती है तो नागरिकों की परेशानी बढ़ना स्वाभाविक है। **शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं-** स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि पोल की स्थिति को लेकर संबंधित विभाग और प्रशासनिक अधिकारियों को शिकायत की गई, लेकिन शिकायत के बावजूद मौके पर जाकर स्थिति का उचित समाधान नहीं किया गया। लोगों का कहना है कि यदि पोल को भवन के बीच में ही रखा जाता है तो भविष्य में सुरक्षा और उपयोगिता से जुड़े कई सवाल खड़े हो सकते हैं।

### जिम्मेदार विभाग से मौके का निरीक्षण कराने की मांग

रहवासियों और भवन मालिकों ने प्रशासन से मांग की है कि मौके का तत्काल निरीक्षण कर पोल की स्थिति की जांच की जाए तथा यदि पोल गलत स्थान पर स्थापित हुआ है तो उसे निर्धारित और सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट कराया जाए। साथ ही चौड़ीकरण कार्य से प्रभावित नागरिकों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर सुना जाए। नागरिकों का कहना है कि शहर के विकास कार्यों में जनता का सहयोग तभी सार्थक होगा, जब प्रशासन भी प्रभावित लोगों की समस्याओं के प्रति संवेदनशीलता और जिम्मेदारी दिखाए। चौड़ीकरण के लिए नागरिकों द्वारा किए गए सहयोग के बाद अब प्रशासन से भी कॉर्पोरेटिव रवैया अपनाते हुए समस्या का स्थायी समाधान करने की अपेक्षा है।

बस किराया 37 प्रतिशत तक बढ़ा, संचालकों की बल्ले-बल्ले

# संचालक भी होले-होले बोले 25 फीसदी से ज्यादा जरूरत नहीं थी

## मोटरयान नियम में सुविधा का जिक्र किताब तक सिमटा, जमीनी हकीकत अलग

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

परिवहन विभाग ने बसों में किराया करीब 37% तक बढ़ा दिया है। फैसले से बस संचालकों की चांदी हो गई, लेकिन रोज सफर करने वाले यात्रियों की जेब सपाट हल्की हो रही है। बस संचालक भी होले-होले ही सही यह मान रहे हैं कि इतनी बढ़ोतरी की जरूरत नहीं थी। किराया वृद्धि के साथ ही मोटरयान अधिनियम में सुविधा का जिक्र है लेकिन जमीन पर यह सुविधा नहीं मिल रही है।

बसों में नियमों के पालन को लेकर हमेशा से ही विवाद की स्थिति रही है। न तो बसों में टिकिट ही दिया जा रहा है और न ही परिवहन विभाग के समय-समय पर जारी होने वाले नियमों का ही पालन हो रहा है। मात्र सवारियों से यात्री किराया वसूली ही सीधे तौर पर हो रही है। इस बेतहाशा किराया वृद्धि को लेकर प्रतिदिन यात्रा करने वाले यात्री सवाल उठा रहे हैं कि क्या मध्यप्रदेश मोटरयान नियम 1994 और केंद्रीय मोटर वाहन अधिनियम 1988 के प्रावधानों के तहत किराया बढ़ाने से पहले यात्री सुविधा को भी देखना जरूरी नहीं था।

**क्या कहता है नियम-कानून-** केंद्रीय मोटर वाहन अधिनियम 1988 धारा 67 कहती है कि राज्य सरकार को रूट पर बसों का किराया तय करने का अधिकार है। लेकिन किराया तय करते समय ईंधन की कीमत, परिचालन लागत, यात्रियों की क्रय शक्ति और सेवा की गुणवत्ता को ध्यान में रखने का प्रावधान है। इसी प्रकार मध्यप्रदेश मोटरयान नियम 1994 में नियम 100 से 103 कहता है कि राज्य परिवहन प्राधिकरण किराया तय करने से पहले जनसुनवाई और आपत्ति ले सकता है। नियमों में साफ है कि किराया वृद्धि के साथ बस की फिटनेस, सफाई, समयबद्धता और यात्री सुविधाओं का आकलन जरूरी है। यात्रियों का कहना है कि इस बार 37 फीसदी वृद्धि एकमुश्त की गई। न कोई सार्वजनिक चर्चा हुई, न सुविधा बढ़ाने का रोडमैप दिया गया।




**धीरे से ही सही मान रहे ज्यादा है-** यात्री किराया वृद्धि को लेकर तर्क दिया जा रहा है कि डीजल 12 प्रतिशत और टोल-बीमा महंगा होने से किराया बढ़ाना पड़ा। इधर संचालकों से चर्चा में अधिकांश तो इसे सही मान रहे हैं पर कुछ ने धीरे से ही सही यह माना कि हमारी लागत 15-18 फीसदी बढ़ी है। कुछ समय से हमें इसमें घाटा हो रहा था। 25 फीसदी से ज्यादा बढ़ाने की जरूरत नहीं थी। 37 फीसदी किराया वृद्धि से सीधे यात्रियों की जेब पर असर होगा। एक संचालक ने उदाहरण देते हुए कहा कि इंदौर का किराया 75 रूपए था उसे वह एक सौ रूपए तक वृद्धि ठीक थी लेकिन अब सीधे 110 रूपए की किराया वसूली की जा रही है वो भी यह कहकर की वृद्धि के मान से 116 रूपए होते हैं पर 110 लिए जा रहे हैं। यात्रियों का कहना है कि नियमों में सुविधा का जिक्र है, लेकिन धरातल पर कुछ नहीं बदला।

### नियम का पालन नहीं

बसों में न तो चालक और न ही परिचालक वर्दी पहन रहे हैं। ऐसे में किसी दुर्घटना की स्थिति में ये सिरे से गायब हो जाते हैं। यही नहीं बसों में सीसी टीवी बंद हैं। यात्री के लिए सीटों पर लगे अलार्म स्वीच बंद हैं। बसों में सीटों की स्थिति भी आरामदायक नहीं कही जा सकती है। बस में यात्री पासिंग की स्थिति अलग है और सीट के मान से यात्री संख्या अलग बयां हो रही है। यात्री किराया सूची का डिस्प्ले नहीं किया जा रहा है। अब भी इंदौर-उज्जैन की बसों में यात्रियों को खडा कर लाने-ले जाने की स्थिति कायम है जिसे ओव्हर लोड कहा जाता है।

### ये किया जा सकता था

वर्षों से अप-डाउन कर रहे यात्रियों का कहना है कि इस किराया वृद्धि का असर कभी कभार यात्रा करने वालों को इतना नहीं होगा जितना अप-डाउन वालों को होगा। अब उनसे सीधे एक सौ रूपए इंदौर के लिए जा रहे हैं। ऐसे में मासिक रूप से यह खर्च 5 हजार पर जा पहुंचा है जो पूर्व में तीन हजार 500 के लगभग था। परिवहन के जानकारों का कहना है कि किराया उचित और युक्तियुक्त तय होना चाहिए। किराया चरणबद्ध वृद्धि किया जाना था। सीधे 37 फीसदी की जगह दो बार में बढ़ाते, इसे यात्री सुविधाओं से जोड़ते जिसमें नई बसें, सहित अन्य यात्री सुविधाओं को भी प्राथमिकता देना चाहिए था। इससे संचालकों में सुविधाओं को लेकर रूझान की स्थिति बनती। अभी तो जो है जैसा है वैसे में ही किराया बढ़ने पर यात्रियों की सुविधा धरातल पर गौंण दिखाई दे रही है।

## महाराजा महाविद्यालय में वृक्षारोपण

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

हरियाली अमावस्या के अवसर पर स्थानीय महाराजा महाविद्यालय में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन हर्षोल्लास पूर्वक किया गया। इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए मुख्य अतिथि और संस्था के अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार लड्डा ने कहा कि वृक्ष हमारे मित्र होते हैं जो पर्यावरण में अपना महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। वृक्ष के बिना हम जीवन की कल्पना भी नहीं कर सकते इसलिए वृक्षारोपण को अपने जीवन का मुख्य ध्येय बनाना चाहिए। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार लड्डा के साथ संस्था के सदस्य अखिलेश कुमार शर्मा ने शासकीय अभियान के दिशानिर्देशानुसार एक पेड़ मां के नाम के अंतर्गत वृक्षारोपण किया।



## कला संस्कृति कार्निवल का आयोजन



**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

महाकाल की नगरी उज्जैन के महाकाल परिसर, कोयला फाटक में 3 दिवसीय कला संस्कृति कार्निवल 13, 14, 15 अगस्त का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं गणेश वंदना के साथ हुआ। इस अवसर पर कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की धर्मपत्नी सीमा यादव थीं। उनके कर-कमलों से कार्निवल का उद्घाटन किया गया।

विशेष अतिथि अंजना शुक्ला, संध्या सोलंकी, सीमा भानुप्रिया, संतोष सोडाणी, निधि तिवारी और उषा पवार मुख्य रूप से उपस्थित थी। कार्यक्रम के संयोजक तृप्ति परवाल राजकुमारी माहेश्वरी एवं पिंकी जैन ने सभी का धन्यवाद दिया एवं आभार माना। सहयोगी नीना जैन और प्रिया घरिया, ज्योति बेवाल की सहभागिता रही।

## बेलगाम दौड़ रहे अवैध वॉटर सप्लाई वाहन, जिम्मेदार मौन

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

शहर की विभिन्न कॉलोनियों में पानी की सप्लाई करने वाले वाहन इन दिनों यातायात और सुरक्षा के लिए चिंता का कारण बने हुए हैं। आरोप है कि कई वाहन बिना नंबर के तेज गति से दौड़ रहे हैं और इनमें से कुछ को नाबालिग चालक भी चला रहे हैं।

स्थानीय रहवासियों का कहना है कि कॉलोनियों की संकरी सड़कों पर तेज रफ्तार से दौड़ते इन वाहनों के कारण कभी भी गंभीर दुर्घटना हो सकती है। यदि बिना नंबर वाला वाहन किसी दुर्घटना के बाद मौके से भाग जाए तो उसकी पहचान और तलाश करना भी पुलिस के लिए चुनौती बन सकती है।

वहीं सवाल यह भी उठ रहा है कि इन वाहनों के संचालकों के पास जल परिवहन अथवा पानी सप्लाई से संबंधित आवश्यक अनुमति और दस्तावेज हैं या नहीं। रहवासियों का कहना है कि संबंधित विभाग यदि इन वाहनों की जांच करे तो कई अनियमितताएं सामने आ सकती हैं।

रहवासियों का कहना है कि नाबालिगों से वाहन चलवाना, बिना नंबर के वाहन दौड़ाना और तेज रफ्तार में पानी की सप्लाई करना गंभीर सुरक्षा चिंता है। इसके बावजूद जिम्मेदार विभागों की ओर से प्रभावी कार्रवाई दिखाई नहीं दे रही है।

लोगों ने यातायात पुलिस और संबंधित विभाग से बिना नंबर वाले वाहनों, चालकों की उम्र, वाहन दस्तावेज और पानी सप्लाई से संबंधित अनुमति की जांच कराने की मांग की है, ताकि किसी दुर्घटना के बाद कार्रवाई करने के बजाय समय रहते हादसे को रोका जा सके।

## सरदारपुरा में शासकीय भूमि से हटाया अवैध निर्माण

### शिकायत के बाद जांच में निर्माण मिला अनधिकृत, जेसीबी से हटाया अतिक्रमण

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

नगर निगम द्वारा शहर में अवैध निर्माण और अतिक्रमण के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में जोन क्रमांक 03 के अंतर्गत कमल टॉकीज के पीछे स्थित सरदारपुरा क्षेत्र में नगर निगम की टीम ने अवैध निर्माण हटाने की कार्रवाई की।

नगर निगम को प्राप्त शिकायत के आधार पर मौके पर जांच की गई। जांच के दौरान पाया गया कि संबंधित व्यक्ति मुन्नालाल बाथम द्वारा मकान निर्माण के दौरान बिना अनुमति निर्माण किया गया था। जांच में यह भी सामने आया कि शासकीय भूमि तथा मार्ग से जुड़ने वाली गली के हिस्से में अनधिकृत निर्माण किया गया था।



निर्माण को अवैध पाए जाने के बाद नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा के निर्देश पर जोन क्रमांक 03 की भवन निरीक्षक सौम्या चतुर्वेदी नगर निगम के रिमूवल गैंग और जेसीबी मशीन के साथ मौके पर पहुंचीं। टीम ने कार्रवाई करते हुए संबंधित अवैध निर्माण को हटाया और मार्ग को आवागमन के लिए सुगम बनाया।

नगर निगम अधिकारियों के अनुसार सार्वजनिक मार्ग, शासकीय भूमि तथा नागरिकों के आवागमन में बाधा उत्पन्न करने वाले अवैध निर्माण और अतिक्रमण के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। निगम का उद्देश्य सार्वजनिक मार्गों को अतिक्रमण मुक्त रखते हुए नागरिकों के आवागमन को सुगम एवं व्यवस्थित बनाए रखना है।

महाकाल की सवारी से पहले कमरी मार्ग तैयार

# कंठाल चौराहा अब भी अधूरा

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

महाकाल की पहली सवारी से पहले नगर निगम ने कमरी मार्ग चौराहे का निर्माण कार्य महज आठ दिनों में पूरा कर लिया है। वहीं शहर के महत्वपूर्ण कंठाल चौराहे का काम डेढ़ माह बीतने के बाद भी अधूरा है। चौड़ीकरण और मंदिरों के स्थानांतरण की प्रक्रिया में देरी के चलते मुख्य निर्माण कार्य की गति धीमी बनी हुई है।

कंठाल चौराहा शहर के प्रमुख मार्गों में शामिल है और यहां से महाकाल मंदिर की ओर जाने वाले मार्ग पर सवारी के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की आवाजाही रहती है।



ऐसे में आगामी 7 सितंबर को प्रस्तावित महाकाल की राजसी सवारी से पहले चौराहे का निर्माण पूरा करना नगर निगम और प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती बना हुआ है। कमरी मार्ग चौराहे का कार्य कम समय में पूरा होने के बाद अब लोगों की नजर कंठाल चौराहे पर है। रहवासियों और व्यापारियों का कहना है कि निर्माण कार्य जल्द पूरा होने से यातायात व्यवस्था में सुधार होगा और सवारी के दौरान भीड़ प्रबंधन में भी आसानी होगी। अब देखना होगा कि प्रशासन कंठाल चौराहे का शेष कार्य समय सीमा में पूरा कर पाता है या नहीं।

## पार्श्वनाथ सिटी में बिजली संकट से रहवासी परेशान

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

पार्श्वनाथ सिटी के रहवासी लंबे समय से बिजली, सड़क और पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं को लेकर परेशान हैं। सबसे गंभीर समस्या बिजली व्यवस्था को लेकर सामने आ रही है। रहवासियों का कहना है कि बार-बार बिजली गुल होने से उन्हें भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। रहवासियों के अनुसार बिजली समस्या को लेकर मप्र विद्युत वितरण कंपनी सहित संबंधित विभागों से कई बार शिकायत की जा चुकी है। मामले को लेकर न्यायालय तक भी मामला पहुंच चुका है, बावजूद इसके समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो पाया है।



सब पे नज़र, सबकी ख़बर

# दैनिक अवन्तिका

इंदौर | उज्जैन | शुक्रवार,14 अगस्त, 2026 | www.awantika.com



## न्यूज ब्रीफ

### उज्जैन की बेटी निकिता वियतनाम में लहराएंगी तिरंगा

**उज्जैन।** महाकाल की नगरी की बेटी अब विश्व मंच पर तिरंगा लहराने को तैयार है। फेमिना मिस इंडिया वर्ल्ड 2024 निकिता पोरवाल वियतनाम में होने वाली 73वीं मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। दुनिया के 120 देशों की प्रतिभागियों के बीच निकिता विश्व सुंदरी का ताज जीतने की चुनौती पेश करेंगी। ग्रैंड फिनाले 5 सितंबर 2026 को वियतनाम में होगा। निकिता का जन्म उज्जैन में हुआ। साल 2024 में मुंबई में हुए फेमिना मिस इंडिया वर्ल्ड का खिताब जीतकर वह मध्य प्रदेश की पहली मिस इंडिया बनीं। तभी से वह मिस वर्ल्ड की तैयारी में जुटी थीं। निकिता सिर्फ खूबसूरती का चेहरा नहीं हैं। वह एक अभिनेत्री, लेखिका, नाटककार और थिएटर कलाकार भी हैं। परफॉर्मिंग आर्ट्स में ग्रेजुएट निकिता ने 8 साल की उम्र में पहली किताब लिखी थी।

### एचआईवी जागरूकता अभियान का हुआ शुभारंभ

**इंदौर।** अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर मध्यप्रदेश में 12 अगस्त से 12 अक्टूबर 2026 तक प्रदेशव्यापी एचआईवी/एड्स सघन जागरूकता अभियान का शुभारंभ हुआ। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने वीडियो संदेश में कहा कि समय पर एचआईवी जांच और उपचार से संक्रमण को नियंत्रित किया जा सकता है। उन्होंने लोगों से बिना संकोच एचआईवी जांच कराने तथा संक्रमित व्यक्तियों से एआरटी उपचार प्राप्त करने की अपील की। उन्होंने गर्भवती माताओं की गर्भावस्था के प्रथम तीन माह में एचआईवी, सिफलिस एवं हेपेटाइटिस-बी की जांच कराने पर भी जोर दिया। भोपाल में आयोजित कार्यक्रम में लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल ने बाइक रैली को हरी झंडी दिखाकर अभियान का शुभारंभ किया।

### संभागीय लता मंगेशकर सुगम संगीत प्रतियोगिता 10 सितम्बर को

**इंदौर।** उस्ताद अलाउद्दीन खाँ संगीत एवं कला अकादमी, मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग द्वारा महान पार्श्व गायिका लता मंगेशकर सुगम संगीत संभागीय प्रतियोगिता वर्ष 2026-27 का आयोजन 06 से 15 सितम्बर, 2026 तक आयोजित किया जा रहा है। अकादमी के निदेशक श्री प्रकाश सिंह ठाकुर ने बताया कि प्रतिवर्ष आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता के अंतर्गत युवा प्रतिभाओं को मंच प्रदान किया जाता है। इस वर्ष प्रतियोगिता के संभागीय आयोजन अंतर्गत इंदौर संभाग में 10 सितम्बर, 2026 को प्रातः 10 बजे से शासकीय लता मंगेशकर संगीत महाविद्यालय, इंदौर में आयोजित होगी। यह प्रतियोगिता पूर्णतः निःशुल्क होगी, जो दो आयु वर्गों में आयोजित की जाएगी। इसमें जूनियर 8 से 15 वर्ष एवं सीनियर 16 से 25 वर्ष के दो आयु वर्ग हैं।

### मासूम अनिका को बचाने के लिए जुट गए आठ करोड़



**इंदौर।** इंदौर की अनिका शर्मा के लिए अब तक 8 करोड़ रुपये से ज्यादा की राशि उसके माता-पिता ने क्राउड फंडिंग से जुटा ली है, लेकिन डॉलर के रेट बढ़ने से अमेरिका से मंगाए जाने वाले इंजेक्शन की कीमत में बदलाव आया है। अब उस इंजेक्शन को मंगाने के लिए 9 करोड़ रुपये से अधिक की जरूरत होगी। अब माता-पिता को इंतजार है कि जिन लोगों ने राशि देने का वादा किया था, वे भी जल्द राशि उपलब्ध करा दें, ताकि उनकी बेटी का इलाज जल्द शुरू हो सके। इंदौर की अनिका शर्मा एसएमए टाइप - 2 बीमारी से पीड़ित है। इसके इलाज के लिए 9 करोड़ रुपये का इंजेक्शन लगेगा, जो अमेरिका से आना है। पिछले कई महीनों से अनिका की मां सरिता और पिता प्रवीण ने कई लोगों के साथ मिलकर क्राउड फंडिंग की और इस क्राउड फंडिंग से करोड़ों रुपये बेटी के इलाज के लिए जमा कर लिए। इंदौर में सबसे ज्यादा उन्हें मदद मिली। इसके बाद वे मुंबई भी गए और वहां से कई लोगों ने उन्हें मदद की, लेकिन अभी भी उतनी राशि नहीं जुट पाई है, जितनी इंजेक्शन खरीदने के लिए जरूरी है। मासूम अनिका का मामला इंदौर हाईकोर्ट तक भी पहुंच चुका है और कोर्ट ने सरकार को मदद करने के लिए कहा है।

## नैनो न्यूज

- **भोपाल-इंदौर एक्सप्रेसवे योजना आगे-** राज्य सरकार भोपाल-इंदौर के बीच करीब चार हजार करोड़ रुपए की छह लेन ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे योजना आगे बढ़ा रही है।
- **सफर का समय घटाने की तैयारी-** प्रस्तावित भोपाल-इंदौर एक्सप्रेसवे से दोनों शहरों के बीच यात्रा समय करीब चार घंटे से घटकर ढाई घंटे होने की उम्मीद है।
- **मौर्यकालीन धरोहर पर नई नजर-** उज्जैन की वैश्य टेकरी को लेकर पुरातत्व विभाग फिर सक्रिय हुआ है। यहां करीब 2200 वर्ष पुराने बौद्ध अवशेष मिलने की उम्मीद है।
- **बारिश से यातायात व्यवस्था चुनौती-** मध्यप्रदेश में बारिश और तेज हवाओं के कारण कई शहरों में जलभराव तथा यातायात प्रभावित होने की आशंका जताई गई है।
- **प्राकृतिक डेयरी उत्पादों को बढ़ावा-** एनालॉग पनीर पर रोक के साथ सरकार ने प्राकृतिक दूध से तैयार खाद्य उत्पादों को प्रोत्साहित करने और डेयरी क्षेत्र मजबूत करने पर जोर दिया।
- **निवेश से रोजगार के अवसर बढ़ेंगे-** अहमदाबाद में मिले निवेश प्रस्तावों से मध्यप्रदेश में औद्योगिक गतिविधियां बढ़ने की उम्मीद है।

### शहर में रहते हुए गांवों में नौकरी करने वाले शिक्षकों की बढी परेशानी

# फरमानः शिक्षकों को सुबह 10 बजे के पहले लगाना होगी ई-अटेंडेंस

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

ई-अटेंडेंस सिस्टम लागू कर प्रदेश के विद्यालयों में शिक्षकों की उपस्थिति बढ़ाने के लिए एक्टिव लोक शिक्षण आयुक्त अभिषेक सिंह ने शिक्षकों की परेशानी बढ़ा दी है। अब शिक्षकों को ताजा निर्देश जारी कर कहा गया है कि उन्हें दस बजे के पहले विद्यालय में पहुंचकर ई अटेंडेंस लगाना होगी। इसके बाद अगर साढ़े दस बजे तक ई अटेंडेंस लगाते हैं तो देरी का कारण बताना होगा। इस अवधि के बाद ई अटेंडेंस को मान्य नहीं किया जाएगा। इस आदेश से अकेले उज्जैन जिले में 8 हजार से अधिक शिक्षक प्रभावित हो रहे हैं।



लोक शिक्षण आयुक्त ने यह निर्देश सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को दिए हैं। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से ली गई बैठक में आयुक्त सिंह ने कहा है कि ई-अटेंडेंस को लेकर किसी तरह की लापरवाही से वेतन कट सकता है। इसलिए शिक्षकों, लोकसेवकों की जिम्मेदारी है कि वे समय पर विद्यालय में उपस्थित हों और पठन पाठन के कार्य में शामिल हों। शिक्षा विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को लेकर दिए ताजा निर्देश में आयुक्त ने कहा है कि सभी अधिकारी एवं कर्मचारी को प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से पूर्व संस्था में उपस्थित होना है।

#### उफनते नदी- नाले पार न करें टीचर, स्टूडेंट

लोक शिक्षण आयुक्त अभिषेक सिंह ने कहा है कि बारिश के दौरान उफनते नदी नाले पार करके न तो टीचर्स को और न ही स्टूडेंट्स को स्कूल जाना है। टीचर ऐसी स्थिति आने पर इसे अपने संकुल प्राचार्य और प्राचार्य को व्हाट्सएप ग्रुप के जरिये जानकारी देंगे। इसे कंसीडर किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा है कि वीडियो कांफ्रेंसिंग मीटिंग में उन्होंने टीचर्स के स्कूल आने के टाइमिंग की जानकारी ली है। कुछ जिलों में डीईओ के द्वारा गलत टाइम कोट किए जाने का मामला सामने आया है, उसे सुधारा जाएगा।

#### निर्देशों में दो दिन में किए दो बदलाव

बता दें लोक शिक्षण आयुक्त के निर्देश पर सोमवार को विभाग के कर्मचारियों, अफसरों को यह सूचना दी गई थी कि अब सुबह 10.30 बजे तक ई अटेंडेंस लगाना होगी, हालांकि सोमवार को सुबह 11 बजे तक शिक्षकों, कर्मचारियों की अटेंडेंस लगती रही थी। वहीं मंगलवार को ई अटेंडेंस का समय सुबह 10 बजे से पहले कर दिया गया है। इससे शिक्षकों की परेशानी बढ़ गई है। खासतौर पर शहरों में रहकर गांवों में ड्यूटी करने वाले शिक्षकों को विद्यालय पहुंचने में समय लगना तय है। इससे उज्जैन जिले में करीब 8 हजार से अधिक शिक्षक प्रभावित हो रहे हैं।

#### अवकाश की समस्या के लिए तकनीकी समिति के साथ निर्णय होगा

आयुक्त अभिषेक सिंह ने कहा कि मप्र शिक्षक संघ का प्रतिनिधिमंडल मिला था और हमारे एप शिक्षक में अवकाश का आप्शन नहीं आने समेत अन्य दिक्कतों की जानकारी दी गई है। इसके लिए संघ के प्रतिनिधियों से कहा गया है कि वे चार सदस्यीय टीम बना दें ताकि लोक शिक्षण आयुक्त कार्यालय के तकनीकी टीम के साथ इसका समाधान किया जा सके।

#### सागर और मंदसौर डीईओ ने जारी किया अलग-अलग आदेश

इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी सागर ने भी शिक्षकों को आदेश जारी कर निर्देशित किया था। इसके साथ ही मंदसौर में डीईओ ने आदेश जारी कर दिया। खास बात यह रही है कि दोनों ही जगह 15 मिनट समय का अंतर पाया गया। सागर डीईओ ने 10 के बाद और मंदसौर डीईओ ने पौने दस बजे का समय लिखा है।

### देशभक्ति का रंग तिरंगा यात्रा के संग..

# एसपी समेत अफसर घोड़े पर सवार होकर निकले

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



आजादी का जश्न स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त शनिवार को मनाया जाएगा उससे पहले हर घर तिरंगा अभियान यात्रा में देशभक्ति का रंग दिखाई देने लगा है। गुरुवार को पुलिस विभाग ने तिरंगा यात्रा निकाली और देश भक्ति के साथ राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया।

पुलिस विभाग की तिरंगा यात्रा दशहरा मैदान से शुरू हुई थी, जिसमें पुलिस बैंड, अश्वारोही दल, पुलिस बल, होमगार्ड, एनसीसी, एनआरएस, स्काउट तथा बड़ी संख्या में स्वयंसेवक शामिल थे भव्य तिरंगा यात्रा कलेक्टर रोशन कुमार, पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा, नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा यात्रा का नेतृत्व करते हुए घोड़े पर सवार होकर हाथों में तिरंगा थामे देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता का संदेश देते हुए चल रहे थे। पीछे पुलिस बैंड द्वारा देशभक्ति गीतों की धुनवबजाई जा रही थी, वही तिरंगा पुरी यात्रा मार्ग पर लहराता हुआ दिखाई दे रहा था। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि तिरंगा यात्रा का उद्देश्य जनजागरूकता बढ़ाना तथा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रत्येक नागरिक को अपने घर पर तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित करना रहा। शहर में तिरंगा यात्रा का आयोजन राजनीतिक दलों, सामाजिक संस्थाओं, स्कूली विद्यार्थियों द्वारा भी किया जा रहा है।

#### मुख्य समारोह की फुल ड्रेस रिहर्सल

स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह दशहरा मैदान पर शनिवार सुबह आयोजित किया जाएगा। इससे पहले गुरुवार सुबह समारोह की फुल ड्रेस फाइनल रिहर्सल की गई। कलेक्टर, एसपी की मौजूदगी में पुलिस के अश्वरोही दल सहित आठ प्लाटून और एनसीसी, स्काउट गाइड और अन्य संस्था के सदस्यों द्वारा परेड मार्च किया गया। फाइनल रिहर्सल के दौरान स्कूली विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति थी। रिहर्सल में प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा परेड का निरीक्षण किया गया और मंच से सलामी ली गई।

## जैन श्वेतांबर सोशल ग्रुप फेडरेशन का शपथ विधि समारोह आयोजित

### मनोज जैन बने राष्ट्रीय महासचिव

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर




जैन श्वेताम्बर सोशल ग्रुप्स फेडरेशन (रजि.) का शपथ ग्रहण समारोह इन्दौर के स्थानीय गार्डन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ तिरंगा थीम की रिल प्रदर्शन से हुआ पश्चात मंगलाचरण प्रस्तुति में कृतिका जैन एंड ग्रुप का यादगार नवकार महामंत्र मंगलाचरण नृत्य एवं अरिहंत ग्रुप की राष्ट्रीय थीम प्रस्तुति दी ।

संस्थापक अध्यक्ष विजय पुष्पा मेहता ने आशीर्वचन पश्चात राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष मामा लता जैन को शपथ दिलाई। स्थाई समिति राष्ट्रीय अध्यक्ष शिखरचंद बाफना द्वारा पदाधिकारीयों को एवं पूर्व अध्यक्ष किशोर पोरवाल द्वारा सभी कमेटी चेयरमेन को शपथ दिलाई गई। शाजापुर ग्रुप के मनोज जैन को राष्ट्रीय महासचिव बनाया गया। जैन के राष्ट्रीय महासचिव बनने पर ग्रुप सदस्यों ने बधाई देते हुए स्वागत किया। शपथ विधि समारोह में शाजापुर से 15 दंपति सदस्यों ने भाग लिया। निवृ.अध्यक्ष श्री संजय श्वेता छाजेड ने स्वागत उद्बोधन के साथ ही नव मनोनीत राष्ट्रीय अध्यक्ष मामा को पिन लगाकर कार्यभार सौपा।

### 2200 साल पुराना टीला फिर खोदेगी एएसआई के साथ मिलकर प्रदेश सरकार

# उज्जैन की वैश्य टेकरी 'महास्तूप', सांची से भी बड़ा !

### प्रदेश की मोहन सरकार बौद्ध पर्यटन के बडे केंद्र के रूप में विकसित करने को उत्सुक

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

उज्जैन के कानीपुरा रोड स्थित वैश्य टेकरी सांची से भी बड़ा और 2200 साल पुराना इतिहास कुरेदने के लिए मध्यप्रदेश की सरकार मध्य प्रदेश में एक ऐसा बौद्ध स्तूप दबा है जिसके बारे में 86 साल पहले ही पता चल चुका था, लेकिन गैस के रिसाव के चलते तत्कालीन समय मेंखुदाई अधूरी छोड दी गई थी। अगर सब कुछ सही रहा और समयानुकुल यह खुदाई हो गई तो मोहन सरकार वैश्य टेकरी को विकसित कर बौद्ध पर्यटन के बडे केंद्र के रूप में विकसित करने को उत्सुक नजर आ रही है।

उज्जैन स्थित वैश्य टेकरी में सांची से भी बड़ा और करीब 2,200 साल पुराना प्राचीन बौद्ध स्तूप दबा हुआ है। सम्राट अशोक के काल से जुड़े इस बड़े विशाल ढांचे की 1939 के बाद अब फिर से खुदाई करने की तैयारी चल रही है। उज्जैन की ऐतिहासिक वैश्य टेकरी जहां सम्राट अशोक के काल के प्राचीन और विशाल बौद्ध स्तूप के अवशेष दबे हुए हैं। प्रसिद्ध वैश्य टेकरी पर सांची के स्तूप से भी कहीं अधिक विशाल और दो सहस्राब्दी से अधिक पुराना बौद्ध स्तूप दबा हुआ है, जिसके रहस्यों को बाहर लाने के लिए अब एक बार फिर से खुदाई की तैयारी शुरू हो गई है।



#### सांची से बडा स्तूप एवं व्यास

ब्रिटिशकालीन रिपोर्ट के अनुसार, इस स्तूप का व्यास करीब 350 फीट और ऊंचाई कम से कम 100 फीट थी, जो सांची के 120 फीट व्यास और 54 फीट ऊंचाई वाले स्तूप को काफी पीछे छोड़ देती है। यह तीसरी शताब्दी ईसा पूर्व यानी लगभग 2,200 साल पुराना माना जाता है। उज्जैन से लगभग 236 किलोमीटर पश्चिम में स्थित वैश्य टेकरी एक बड़ा गोलाकार टीला है, जिसके चारों तरफ आयताकार गड्ढा बना हुआ है।

#### कैसे पड़ा वैश्य टेकरी नाम?

भारतीय पुरातत्व संरक्षण के अधीक्षण पुरातत्वविद् शिवकांत बाजपेई के अनुसार, कुछ रिकॉर्ड इस स्मारक को सम्राट अशोक के समय से जोड़ते हैं। ऐसा माना जाता है कि जब अशोक उज्जैन के गवर्नर थे, तब उन्होंने अपनी पत्नी देवी (जो विदिशा के नगरश्रेष्ठी की पुत्री थीं) की प्रेरणा से इस स्तूप का निर्माण करवाया था। यही वजह है कि एक वैश्य की पत्नी की प्रेरणा से बने इस बौद्ध स्थल का नाम 'वैश्य टेकरी' पड़ गया। इसके अलावा, इसका संबंध प्राचीन बौद्ध साहित्य में वर्णित 'कनकगिरि विहार' और चीनी यात्री ह्वेनसांग द्वारा वर्णित एक विशाल स्तूप से भी जोड़ा जाता है, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि अभी बाकी है।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने संसद यूथ पार्लियामेंट-2026 को किया संबोधित

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि देश के युवाओं को राजनीति में आकर अपनी सक्रिय भागीदारी करनी होगी। युवा, डॉक्टर-इंजीनियर बनने के साथ ही राजनीति में आकर लोकतंत्र को सशक्त बनाएं। देश की आजादी के लिए अनेक स्वतंत्रता सेनानियों ने अपने प्राणों की आहुति दी। नेताजी सुभाषचंद्र बोस ने आईसीएस की परीक्षा पास करने के बाद नौकरी ठुकराकर अंग्रेजों को करारा जवाब दिया था। वे देश को गुलामी की जंजीरों से मुक्त कराने के लिए स्वाधीनता के आंदोलन में कूद पड़े। देश के युवाओं को लोकतंत्र, संसदीय परम्परा और नीति निर्माण से जोड़ने की यह पहल अनुकरणीय है। देश का युवा भारत के भविष्य के लिए मंथन करने बैठा है। यह एक सुखद अनुभूति है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव गुरुवार को विधानसभा भवन स्थित विधान परिषद में आयोजित 'संसद यूथ पार्लियामेंट 2026' के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव, विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर तथा दिलीप बिल्डकॉन के सीएमडी दिलीप सूर्यवंशी ने संसद यूथ पार्लियामेंट 2026 का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया।

### मध्यप्रदेश की मोहन सरकार के सामने बढ़ती चुनौतियां

# असंतोष से लेकर घोटाले के आरोपों तक विपक्ष हमलावर

### उज्जैन में जमीन से जुड़े एक विवाद ने प्रदेश की राजनीति को खासा गरमा दिया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली



मध्यप्रदेश की मोहन यादव सरकार के सामने इन दिनों कई मुद्दों को लेकर राजनीतिक और प्रशासनिक दबाव बढ़ता दिखाई दे रहा है। एक ओर सरकारी कर्मचारियों और शिक्षकों से जुड़े सेवा संबंधी मामलों को लेकर असंतोष की आवाजें उठ रही हैं, वहीं दूसरी ओर जमीन सौदों और कथित घोटालों को लेकर विपक्ष सरकार पर लगातार हमलावर है।

उज्जैन में जमीन से जुड़े एक विवाद ने प्रदेश की राजनीति को खासा गरमा दिया है। कांग्रेस ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और उनके परिवार से जुड़े लोगों पर जमीन खरीद में अनियमितताओं के आरोप लगाते हुए सवाल उठाए हैं और जांच की मांग की है। मुख्यमंत्री और सरकार की ओर से इन आरोपों को खारिज किया गया है।

कांग्रेस इस मुद्दे को लेकर मुख्यमंत्री के इस्तीफे और जांच की मांग कर रही है। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने भी मुख्यमंत्री पर गंभीर आरोप लगाए हैं, जबकि भाजपा की ओर से कांग्रेस के आरोपों को राजनीतिक आरोप बताया गया है।

#### चावल घोटाले के आरोप भी बने मुद्दा

इसी बीच कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मध्यप्रदेश में कथित 1200 करोड़ रुपये के चावल डायवर्जन मामले को लेकर भाजपा सरकार पर निशाना साधा है। यह आरोप राजनीतिक बहस का हिस्सा बना हुआ है और सरकार की जवाबदेही को लेकर सवाल उठाए जा रहे हैं।

**कर्मचारियों और शिक्षकों में असंतोष-** दूसरी ओर सरकारी विभागों में कर्मचारियों की सेवा संबंधी समस्याएं भी सरकार के लिए चुनौती बनी हुई हैं। पुरानी पेंशन, ग्रेच्युटी, अवकाश नगदीकरण और न्यायालयीन आदेशों के पालन जैसे मुद्दों को लेकर कर्मचारी संगठनों की नाराजगी सामने आती रही है। स्कूल शिक्षा विभाग को लेकर भी शिक्षकों में असंतोष की चर्चाएं हैं। शिक्षकों का कहना है कि न्यायालयों से उनके पक्ष में आए निर्णयों और सेवा संबंधी अधिकारों के मामलों में समय पर कार्रवाई होनी चाहिए। कर्मचारियों का तर्क है कि लंबे समय तक लंबित रहने वाले मामलों से विभागीय व्यवस्था के प्रति भरोसा प्रभावित होता है।

#### अदालत की टिप्पणियों ने भी उठाए सवाल

हाल में मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने ग्वालियर में सड़क धंसने के मामले से जुड़े अधिकारी की नियुक्ति पर नगर निगम से सवाल किए। अदालत ने पूछा कि ऐसे अधिकारी को जिम्मेदारी क्यों दी गई, जिस पर सड़क धंसने के मामले में कथित जिम्मेदारी बताई गई थी। इससे प्रशासनिक जवाबदेही और अधिकारियों की नियुक्ति को लेकर भी सवाल खड़े हुए हैं। एक अन्य मामले में हाईकोर्ट ने मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग के निदेशक पर संविदा महिला कर्मचारी को चाइल्ड केयर लीव नहीं देने और अदालत के आदेशों की अनदेखी के मामले में 50 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया। लगातार सामने आ रहे आरोपों और कर्मचारियों की शिकायतों ने सरकार के सामने पारदर्शिता और जवाबदेही बनाए रखने की चुनौती बढ़ा दी है। हालांकि, इनमें से कई मामले राजनीतिक आरोप हैं और आरोपों को अंतिम रूप से सिद्ध मानना उचित नहीं होगा। सरकार की ओर से जिन मामलों में खंडन या सफाई दी गई है, उसका उल्लेख भी जरूरी है।

## दुकानें, मॉल और होटल 24 घंटे तक संचालित हो सकेंगे

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल

मध्य प्रदेश में व्यावसायिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने मध्य प्रदेश कार्यस्थल सशक्तिकरण संहिता (श्रम शक्ति संहिता), 2026 को मंजूरी दे दी। राज्यपाल की मंजूरी के बाद अब प्रदेश में दुकानों, मॉल, होटल, रेस्टोरेंट और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को चौबीसों घंटे संचालित करने का रास्ता साफ हो गया है। हालांकि, नए नियमों के तहत कारोबार का समय बढ़ाने की अनुमति दी गई है, लेकिन कर्मचारियों के अधिकारों और उनकी सुरक्षा को भी प्राथमिकता दी गई है।

नई व्यवस्था के अनुसार, किसी भी कर्मचारी से एक सप्ताह में 48 घंटे से अधिक काम नहीं कराया जा सकेगा। यदि किसी कर्मचारी से अतिरिक्त समय तक काम लिया जाता है तो उसकी सहमति लेना अनिवार्य होगा। इसके साथ ही निर्धारित नियमों के अनुसार अतिरिक्त भुगतान भी करना होगा। व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को कर्मचारियों के लिए अलग-अलग शिफ्ट की व्यवस्था करनी होगी, ताकि लगातार काम कराने की स्थिति पैदा न हो। सरकार ने पंजीयन प्रक्रिया को भी आसान बना दिया है। अब दुकानों और अन्य प्रतिष्ठानों को बार-बार पंजीयन का नवीनीकरण नहीं कराना होगा। एक बार ऑनलाइन पंजीयन कराने के बाद संबंधित प्रतिष्ठान को एक विशिष्ट पहचान संख्या जारी की जाएगी। यदि भविष्य में प्रतिष्ठान से जुड़ी किसी जानकारी में बदलाव होता है तो उसे ऑनलाइन अपडेट किया जा सकेगा।

## न्यूज कालम



## न्यायालय में लगा स्वास्थ्य परीक्षण शिविर, कर्मचारियों और अधिवक्ताओं की हुई जांच

**सनावद।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला न्यायालय मंडलेश्वर के प्रधान न्यायाधीश श्री अखिलेश जोशी के निर्देशानुसार उल्लास–एक अभिनव प्रयोग कार्यक्रम के अंतर्गत गुरुवार को सिविल न्यायालय सनावद में स्वास्थ्य एवं चिकित्सीय परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में सिविल हॉस्पिटल सनावद के चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मचारियों की टीम ने न्यायालय में पदस्थ न्यायाधीशगण, अधिकारी-कर्मचारी एवं अधिवक्ताओं का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया। न्यायाधीश मोहम्मद असलम दहलवी, न्यायाधीश योगेश चालीसा एवं न्यायाधीश सुश्री आकांक्षा गर्ग सहित न्यायालय से जुड़े अन्य लोगों ने भी स्वास्थ्य परीक्षण कराया। शिविर में लिपिड प्रोफाइल, सीबीसी, ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर एवं रूटीन हेल्थ चेकअप जैसी जांच की गई। चिकित्सकों ने स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक परामर्श देते हुए उचित खान-पान, नियमित स्वास्थ्य जांच तथा आवश्यकता के अनुसार दवाइयों के सेवन की सलाह दी। सिविल हॉस्पिटल सनावद के एमडी मेडिसिन एवं प्रभारी डॉ. अमर सिंह चौहान ने स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। शिविर में अधिवक्ता संघ अध्यक्ष श्री गणेश मालवीय सहित अधिवक्ता गण एवं न्यायालय कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सांदीपनी एकेडमी मंडलेश्वर में विद्यार्थियों को मिलेगा अंतरिक्ष विज्ञान का अनुभव

**मंडलेश्वर।** अंतरिक्ष विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के प्रति विद्यार्थियों में जागरूकता और प्रेरणा के उद्देश्य से स्पेस एप्लीकेशंस सेंटर (इसरो) अहमदाबाद द्वारा च्विक्रम साराभाई स्पेस एग्जीबिशनज्ज का आयोजन सांदीपनी एकेडमी, मंडलेश्वर में किया जा रहा है। राष्ट्रीयअंतरिक्ष दिवसज्ज के उपलक्ष्य में आयोजित यह विशेष प्रदर्शनी दिनांक 17 एवं 18 अगस्त को सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित होगी। इसमें समस्त शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के विद्यार्थी एवं अभिभावक भी प्रदर्शनी का अवलोकन कर सकेंगे।प्रदर्शनी में इसरो के वैज्ञानिकों से संवाद एवं मुलाकात का अवसर, अंतरिक्ष विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी से संबंधित वीडियो डॉक्यूमेंट्री, अंतरिक्ष विज्ञान चलित प्रदर्शनी, रॉकेट लॉन्चिंग का प्रदर्शन तथा उपग्रह एवं रॉकेट के कार्यशील मॉडल देखने का अवसर मिलेगा। इसके माध्यम से विद्यार्थियों को भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम, रॉकेट प्रौद्योगिकी, उपग्रहों तथा अंतरिक्ष अनुसंधान से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रत्यक्ष रूप से प्राप्त होंगी।सांदीपनी एकेडमी, मंडलेश्वर द्वारा विद्यार्थियों को इस महत्वपूर्ण वैज्ञानिक एवं शैक्षणिक आयोजन में सहभागिता के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

## हरियाली अमावस्या पर आली टोकसर में पौधारोपण, 5100 पौधे लगाने का लक्ष्य



**सनावद।** हरियाली अमावस्या के अवसर पर बुधवार को लायंस क्लब सनावद स्नेह द्वारा समीपस्थ ग्राम आली टोकसर में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पूर्व सांसद स्व. ताराचंद पटेल की स्मृति में पूर्व विधायक जगदीश मोराण्या सहित क्लब की जीएमटी डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर ला. अनिता जैन, ला. आरती पाटील, ला. हेमंत दातार एवं ला. शिवानी मौर्य ने पौधारोपण किया। इस अवसर पर ला. अनिता जैन ने बताया कि क्लब द्वारा इस वर्षा ऋतु में 5100 पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण, प्रकृति संवर्धन और क्षेत्र में हरियाली बढ़ाने के लिए पौधारोपण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। पौधे लगाना ही नहीं, बल्कि उनके संरक्षण और संवर्धन की जिम्मेदारी निभाना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। प्रकृति की सेवा के माध्यम से समाज और आने वाली पीढ़ियों के लिए बेहतर पर्यावरण तैयार करना बड़े पुण्य का कार्य है। कार्यक्रम के दौरान लायन सदस्यों ने विगत वर्षों में क्लब द्वारा लगाए गए पौधों के संरक्षण में सहयोग करने वाले समाजसेवी जगदीश जोहरा एवं खेमचंद मारू के प्रति आभार व्यक्त किया। क्लब सदस्यों ने कहा कि पौधारोपण अभियान को निरंतर जारी रखते हुए लगाए गए पौधों की देखभाल पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा।

## हर घर तिरंगा अभियान के तहत विद्यार्थियों ने पोर्टल पर अपलोड की सेल्फी

**सनावद।** श्रीमंत बाजीराव पेशवा शासकीय महाविद्यालय, सनावद में च्हर घर तिरंगाज्ज अभियान के अंतर्गत १२ अगस्त २०२६ को एक दिवसीय सेल्फी अपलोड कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. आई.एस. पंवार की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के प्रारंभ में मुख्य वक्ताओं एवं प्राध्यापकों ने विद्यार्थियों को च्हर घर तिरंगाज्ज अभियान के उद्देश्यों, राष्ट्रध्वज के गौरवशाली इतिहास तथा देशभक्ति की भावना को जागृत करने में अभियान की महत्ता के बारे में जानकारी दी।इसके बाद आयोजित सेल्फी अपलोड गतिविधि में महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। विद्यार्थियों ने सेल्फी पॉइंट पर तिरंगे के साथ सेल्फी लेकर उसे आधिकारिक च्हर घर तिरंगा पोर्टल पर सफलतापूर्वक अपलोड किया तथा डिजिटल प्रमाण-पत्र भी प्राप्त किए।कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य प्रो. आई.एस. पंवार ने सभी सहभागी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। आयोजन में महाविद्यालय का समस्त शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक स्टाफ उपस्थित रहा।

## 15 अगस्त को शुष्क दिवस घोषित

**बड़वानी।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्रीमती जयति सिंह ने 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस को शुष्क दिवस घोषित किया है। इस दौरान जिले की समस्त कम्पोजिट देशी, विदेशी दुकाने वाईन शाप, बार (एफएल-2) दुकानो को बंद रखते हुए 15 अगस्त को शुष्क दिवस सम्पूर्ण दिवस के लिये शुष्क दिवस घोषित किया जाता है। उक्त दिवस को मदिरा का विनिर्माण, अधिपत्य, परिवहन एवं विक्रय न हो उसका समुचित ध्यान रखा जावे। संबंधित वृत्त एवं थाना प्रभारियों को निर्देशित किया जाता है कि किसी प्रकार की मदिरा का क्रय विक्रय नही हो सके।

## हर घर तिरंगा अभियान देश के प्रति सम्मान, गौरव और एकता की भावना को मजबूत करने का अवसर है - कलेक्टर

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ आलीराजपुर



हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत जिले में नागरिकों को राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान एवं राष्ट्रभक्ति की भावना से जोड़ने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा पोषण प्रदर्शनी एवं आकर्षक पुष्प रंगोली का निर्माण कर आमजन को हर घर तिरंगा अभियान से जुड़ने के लिए प्रेरित किया गया।

इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर ने भी पुष्प रंगोली एवं तिरंगा रंगोली के निर्माण में सहभागिता की। उन्होंने स्वयं रंगोली निर्माण में सहयोग करते हुए उपस्थित अधिकारियों, महिला एवं बाल विकास विभाग के कर्मचारियों तथा ग्रामीण जनों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि हर घर तिरंगा अभियान केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि देश के प्रति सम्मान, गौरव और एकता की भावना को मजबूत करने का अवसर है। वे स्वयं अभियान से जुड़ें और अपने परिवार, पड़ोसियों तथा आसपास के लोगों को भी हर घर तिरंगा अभियान से जुडने के लिए प्रेरित करें।

आयोजित कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से विभिन्न पोषण सामग्री एवं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध पौष्टिक खाद्य पदार्थों को प्रदर्शनी के माध्यम से प्रदर्शित किया गया। प्रदर्शनी के माध्यम से उपस्थित ग्रामीण जनों को संतुलित एवं पौष्टिक आहार के महत्व की जानकारी दी गई। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास के अधिकारी , कर्मचारी एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहित ग्रामीण जनों ने हर घर तिरंगा अभियान में सहभागी बनने का संकल्प लिया ।


## श्रद्धा कांवड़ यात्रा त्रयंबकेश्वर से बडझिरी के लिए रवाना

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बुरहानपुर

बडझिरी स्थित श्री राम मंदिर से 5 अगस्त को प्रस्थान की गई "श्रद्धा कांवड़ यात्रा" 6 अगस्त शाम को नाशिक के त्रयंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग पहुंची। वहां पूजा-अर्चना के बाद कांवड़ 7 अगस्त सुबह 9 बजे बडझिरी, बुरहानपुर के लिए रवाना हो गई है। यात्रा में शामिल शिवभक्त पवित्र जल लेकर आ रहे हैं। इस जल से प्रथम श्रावण सोमवार 17 अगस्त को बडझिरी के श्री राम मंदिर में जल अभिषेक किया जाएगा।

**यात्रा में शामिल शिवभक्त**

इस श्रद्धा कांवड़ यात्रा में कुल 23 शिवभक्त शामिल हैं: टोलेश भारंबे जितेंद्र बड़गुजर - गुड्डू सेठ अजय तोखारे दर्शन तोखारे विशाल तोखारे अंकित तोखारे सुधाकर मराठे गुड्डू चौहान - कपड़े वाला राहुल पवार मनोज पवार दीपक पवार दीपक राजू नेमाड़े रविन्द्र पोस्या तुषार रविन्द्र नेमाड़े पवन चौहान रोहित चौहान धीरज चौहान विश्वनाथ भारंबे - मुन्ना सुमित अलोने तुषार बडगुजर विजया टील्या विशाल राठौड़ - बोदरली कांवड़ यात्रा के दौरान शिवभक्तों में भक्ति और उत्साह का माहौल है। मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालु कांवड़ियों का स्वागत कर रहे हैं। 17 अगस्त को जल अभिषेक के लिए बडझिरी और आसपास के क्षेत्र में विशेष तैयारियां की जा रही है



## ऑल इज वेल हॉस्पिटल द्वारा ग्राम तेड में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**बुरहानपुर।** बुरहानपुर के ऑल इज वेल हॉस्पिटल द्वारा शनिवार को ग्राम तेड, जिला खरगोन में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 22 से अधिक ग्रामीणों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराकर लाभ उठाया। शिविर का आयोजन अस्पताल के संचालक कबीर चौकसे के दिशा-निर्देशन में और ग्राम सरपंच के सहयोग से किया गया। शिविर में अस्पताल के चिकित्सक डॉ. अकरम खान ने मरीजों का परीक्षण किया। सभी मरीजों का निःशुल्क जनरल चेकअप और ब्लड प्रेशर की जांच की गई। डॉ. खान ने मरीजों की समस्याएं सुनकर जरूरी परामर्श भी दिया।इस दौरान डॉ. अकरम खान ने ग्रामीणों को मौसमी विकारों से बचने के उपाय बताए। उन्होंने बरसात के मौसम में साफ-सफाई रखने, उबला पानी पीने और खान-पान में सावधानी बरतने की सलाह दी। साथ ही छोटे-मोटे लक्षणों पर लापरवाही न बरतने की अपील भी की। शिविर को सफल बनाने में ग्राम सरपंच और स्थानीय नागरिकों का सहयोग रहा।

## हर घर तिरंगा अभियान के तहत पुलिस ने निकाली वाहन रैली, देशभक्ति का संदेश दिया

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ अलीराजपुर



देशभर में चलाए जा रहे च्हर घर तिरंगाज्ज अभियान के तहत आलीराजपुर पुलिस द्वारा आज दिनांक 13 अगस्त २०२६ को देशभक्ति एवं राष्ट्रीय एकता की भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वाहन रैली का आयोजन किया गया।

वाहन रैली का शुभारंभ पुलिस नियंत्रण कक्ष, आलीराजपुर से अनुविभागीय अधिकारी पुलिस आलीराजपुर डॉ. शक्तिसिंह चौहान द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। रैली में पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा तिरंगा ध्वज के साथ सहभागिता की गई।

वाहन रैली पुलिस नियंत्रण कक्ष आलीराजपुर से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए पुनः पुलिस नियंत्रण कक्ष आलीराजपुर पहुंची, जहां रैली का समापन किया गया। इस दौरान पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा आमजन में राष्ट्रप्रेम, देशभक्ति, राष्ट्रीय एकता एवं तिरंगे के प्रति सम्मान की भावना जागृत करने का संदेश दिया गया।

वाहन रैली में बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी सम्मिलित हुए। इस अवसर पर थाना प्रभारी आलीराजपुर निरीक्षक सोनू सितोले, रक्षित निरीक्षक बंशीलाल कन्नौजे एवं यातायात प्रभारी रक्षित निरीक्षक अर्जुन वास्कले सहित पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

आलीराजपुर पुलिस द्वारा च्हर घर तिरंगाज्ज अभियान के माध्यम से जिलेवासियों से राष्ट्रध्वज के प्रति सम्मान एवं देशभक्ति की भावना के साथ अभियान में सक्रिय सहभागिता करने की अपील की गई।

## नगर में निकलेगी भव्य रैली

**सनावद।** स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में देशभक्ति के रंग में रंगे च्हर घर तिरंगाज्ज अभियान के तहत सनावद नगर में आज १४ अगस्त को तिरंगा यात्रा वाहन रैली निकाली जाएगी। रैली को लेकर युवाओं एवं नागरिकों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। तिरंगा यात्रा वाहन रैली शाम ४ बजे बस स्टैंड से प्रारंभ होगी, जो नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए भ्रमण करेगी। इसके बाद रैली का समापन पुनः बस स्टैंड पर किया जाएगा।रैली में क्षेत्रीय विधायक सचिन बिरला सहित जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में नागरिक और युवा शामिल होंगे। रैली के माध्यम से लोगों को राष्ट्रध्वज के प्रति सम्मान और देशभक्ति की भावना के साथ च्हर घर तिरंगाज्ज अभियान में सहभागिता के लिए प्रेरित किया जाएगा।



## क्रांतिसूर्य यूनिवर्सिटी में बुनियादी सुविधाओं की कमी पर बिफरे छात्र

**खरगोन।** शहर में सचांलित हो रही क्रांतिसूर्य टंट्या भील विश्व विद्यालय में बुनियादी सुविधाओं की कमी को लेकर एक बार फिर छात्रों का गुस्सा फूट पड़ा है। गुरुवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के बैनर तले छात्रों ने प्रभावी प्रदर्शन किया। छात्रों की मांग है कि यूनिवर्सिटी भवन में अतिरिक्त कक्ष बढ़ाए जाएं, शिक्षकों की स्थायी नियुक्ति, और आधुनिक प्रयोगशालाएं (लैब) के साथ ही स्मार्ट बोर्ड आदि की व्यवस्था की जाए। उल्लेखनीय है कि यूनि वर्सिटी का खुद का भवन नही होने से स्वास्थ्य विभाग के प्रशिक्षण कक्ष में कक्षाएं लग रही है। यहां महज पांच कमरों में यूनिवर्सिटी संचालित हो रही है। विद्यार्थियों का आरोप है कि यूनिवर्सिटी में न तो साफ-सफाई की व्यवस्था है न ही शुद्ध पेयजल मिल रहा। प्रदर्शन कर रहे छात्रों को समझाईश के लिए पहुंचे कुलपति मोहनलाल कोरी, कुल सचिव अजय वर्मा, एसडीएम सत्येंद्र बैरवा को आक्रोषित छात्रों प्रतीक राजपूत, आदि ने बताया ने बताया कि तीन साल से यूनिवर्सिटी में प्रवेश तो दिया जा रहा, लेकिन न तो समय पर परीक्षाएं हो रही, न ही पर्याप्त शिक्षक है।

## ताप्ती मिल के 774 कर्मचारियों की आवाज लेकर दिल्ली पहुंचे सांसद

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बुरहानपुर,

बुरहानपुर की औद्योगिक पहचान ताप्ती मिल को पुनः शुरू कराने और कर्मचारियों की लंबित समस्याओं के समाधान के लिए खंडवा सांसद ज्ञानेश्वर पाटील बुधवार को कर्मचारी प्रतिनिधि मंडल के साथ नई दिल्ली पहुंचे। सांसद ने वस्त्र मंत्रालय की सचिव नीलम शमी राव से मुलाकात कर मिल की स्थिति और कर्मचारियों की मांगों से अवगत कराया।

सांसद पाटील ने सचिव के समक्ष अक्टूबर 2025 से जुलाई 2026 तक के 10 माह के बकाया वेतन का भुगतान कराने का आग्रह किया। साथ ही कोविड काल से करीब 5 वर्षों से लंबित बोनस के भुगतान की भी मांग रखी।उन्होंने बताया कि नेशनल टेक्सटाइल कॉरपोरेशन की बुरहानपुर ताप्ती मिल का उत्पादन कार्य 22 मार्च 2020 से बंद है। इसके बावजूद अधिकारी, लिपिक और सुरक्षा कर्मी मिल की सुरक्षा व आवश्यक व्यवस्थाओं को बनाए रखने में लगे हैं। लंबे समय से वेतन और बोनस नहीं मिलने से कर्मचारियों और उनके परिवारों के सामने गंभीर आर्थिक संकट है।

सांसद ने मिल के सुरक्षा विभाग में कार्यरत 19 दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों की समस्या भी प्रमुखता से उठाई। उन्होंने कहा कि उत्पादन बंद होने के बावजूद ये कर्मचारी तीनों शिफ्ट में मिल की संपत्ति की सुरक्षा कर रहे हैं। इन्हें भी करीब 10 माह का वेतन और 5 साल का बोनस नहीं मिला है। बैठक में सांसद ने ताप्ती मिल को पुनः नियमित रूप से शुरू करने के लिए केंद्र सरकार से विशेष आर्थिक पैकेज उपलब्ध कराने की मांग की।



## अपर कलेक्टर ने विधिवत ध्वजारोहण कर परेड की सलामी

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बड़वानी

15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के जिला स्तरीय मुख्य समारोह के गरिमामय आयोजन के लिए स्थानीय शहीद भीमा नायक शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्या लय के खेल मैदान पर अंतिम रिहर्सल का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्रीमती हेमलता सोलंकी ने विधिवत ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। तत्पश्चात अपर कलेक्टर श्रीमती हेमलता सोलंकी एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री धीरज बब्बर ने संयुक्त रूप से परेड का निरीक्षण किया और मार्च पास्ट की व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया।समारोह को भव्य एवं देशभक्तिपूर्ण बनाने के लिए विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं के छात्र-छात्राएं पूर्ण उत्साह के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अंतिम पूर्वाभ्यास में शामिल हुए। रिहर्सल के दौरान मुख्य समारोह की समय सारणी, मंच व्यवस्था, बैठक व्यवस्था, सुरक्षा और पेयजल सहित सभी आवश्यक तैयारियों की समीक्षा की गई तथा संबंधित अधिकारियों को समय सीमा में समस्त व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए।

## नगर पालिका ने निकाली तिरंगा रैली

**सनावद।** स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में च्हर घर तिरंगाज्ज अभियान के तहत नगर पालिका द्वारा अधिकारियों-कर्मचारियों एवं स्कूली विद्यार्थियों के साथ तिरंगा रैली निकाली गई। हाथों में तिरंगा लेकर शामिल हुए विद्यार्थियों और कर्मचारियों ने पूरे उत्साह के साथ रैली में सहभागिता की।रैली के दौरान देशभक्ति के नारों से नगर का माहौल गूंज उठा। विद्यार्थियों ने भारत माता की जय, वंदे मातरम् सहित विभिन्न देशभक्ति के नारे लगाकर लोगों में राष्ट्रप्रेम की भावना जागृत की।रैली के माध्यम से नागरिकों को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अपने घरों पर तिरंगा फहराने तथा च्हर घर तिरंगाज्ज अभियान में सहभागी बनने का संदेश दिया गया।

## कलेक्टर करेंगी स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह में ध्वजारोहण

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बड़वानी

कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह पीएम कालेज आफ एक्सीलेंस शहीद भीमा नायक स्नातकोत्तर महाविद्यालय बड़वानी के खेल मैदान में आयोजित होने वाले स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में ध्वजारोहण कर ध्वज फहराएँगी एवं परेड की सलामी ली जाएँगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा प्रदेश की जनता के नाम संदेश का वाचन प्रातः ९.२५ से ९.५५ बजे तक किया जाएगा, जिसका सीधा प्रसारण राज्य स्तरीय मुख्य समारोह, भोपाल से जिला स्तर पर किया जाएगा। जिसके बाद जिला स्तरीय मुख्य अतिथि द्वारा ०५ मिनट का संक्षिप्त लिखित बधाई संदेश का वाचन किया जाएगा।

मुख्यालय में जनपद अध्यक्ष द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा तथा समारोह में सामूहिक राष्ट्रगान गाया जाएगा। ऐसी नगर पालिका/नगर परिषद जिनका मुख्यालय ब्लॉक मुख्यालय पर नहीं है, उनमें नगर पालिव नगर परिषद अध्यक्ष द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा और समारोह में राष्ट्रगान गाया जाएगा। ग्राम पंचायत मुख्यालय में सरपंच द्वारा ध्वजारोहण कर राष्ट्रगान गाया जाएगा। ग्राम पंचायत मुख्यालय में सरपंच द्वारा ध्वजारोहण कर राष्ट्रगान गाया जाएगा। शासकीय कार्यालयों एवं शिक्षण संस्थाओं पर आयोजन सभी शासकीय कार्यालयों,में पूर्व वर्ष के अनुसार सुबह 8 बजे या उसके पूर्व ध्वजारोहण एवं राष्ट्रगान के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## हर घर तिरंगा अभियान के तहत नीमच में निकली वृहद तिरंगा यात्रा

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ नीमच

हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत गुरुवार को नीमच शहर में वृहद तिरंगा पैदल यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा में विधायक श्री दिलीप सिंह परिहार, कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा एवं पुलिस अधीक्षक श्री राजेश व्यास ने हाथों में तिरंगा लेकर सहभागिता की और नागरिकों को राष्ट्रप्रेम, देशभक्ति तथा राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया। तिरंगा यात्रा का शुभारंभ ज्ञान मंदिर स्थित शहीद स्मारक पार्क में शहीदों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्री सज्जन सिंह चौहान, मनासा विधायक श्री अनिरुद्ध माधव मारू, जावद विधायक श्री ओमप्रकाश सखलेचा, जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्णव, श्रीमती वंदना खंडेलवाल सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी, विद्यार्थी, पुलिस जवान, वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, सामाजिक एवं स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में नागरिक शामिल हुए।वृहद तिरंगा यात्रा जाजू बिल्डिंग, घंटाघर रोड, नया बाजार, बारादरी फव्वारा चौक एवं कमल चौक होते हुए भारत माता चौराहा पहुंची। यात्रा के दौरान देशभक्ति के गीतों और आजादी के तरानों से नीमच शहर का वातावरण राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत हो गया। मार्ग में विभिन्न स्थानों पर नागरिकों ने पुष्पवर्षा कर तिरंगा यात्रा का स्वागत किया

## स्वतंत्रता दिवस समारोह की अंतिम रिहर्सल की गई

**रतलाम** ।स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह के भव्य आयोजन के लिए की गई तैयारियों एवं परेड की अंतिम रिहर्सल आज 13 अगस्त को स्थानीय पुलिस परेड ग्राउंड पर की गई। रिहर्सल कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एएसआई मदनलाल सांखला ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। इस दौरान पुलिस अधीक्षक श्री अमित कुमार, अपर कलेक्टर श्री बृजेंद्र रावत, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, एसडीएम शहर सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।इस दौरान एस. ए. एफ. 24 वी वाहिनी 'बी' कंपनी रतलाम, जिला पुरूष बल रतलाम, जिला महिला बल रतलाम, जिला होमगार्ड बल रतलाम आदि शामिल है।

## वंदे मातरम बियॉन्ड बॉर्डर्सः 8 भाषाओं में गूंजेगा राष्ट्रीय गीत

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बुरहानपुर

गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड धारक और विश्वप्रसिद्ध बहुभाषी गायिका सुचेथा सतीश स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बुरहानपुर पहुंच रही हैं। वे 15 अगस्त को मैक्रो विजन अकादमी में विशेष संगीत समारोह प्रस्तुत करेंगी। सुचेथा सतीश 155 से अधिक भाषाओं में गायन के लिए जानी जाती हैं। उनकी इस असाधारण संगीत यात्रा की सराहना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी कर चुके हैं।

अपने बुरहानपुर दौरे के दौरान सुचेथा सतीश भारत के राष्ट्रीय गीत "वंदे मातरम्" की ८ भाषाओं में एक विशेष बहुभाषी प्रस्तुति देंगी। यह प्रस्तुति "वंदे मातरम" के 150वें वर्ष के उपलक्ष्य में समर्पित है। इस अनूठी पहल का नाम "वंदे मातरम् बियॉन्ड बॉर्डर्स" रखा गया है। इसका उद्देश्य भारत की भाषाई और सांस्कृतिक विविधता का उत्सव मनाने के साथ एकता, देशभक्ति और राष्ट्रीय गौरव के संदेश को सीमाओं से परे पहुंचाना है।वंदे मातरम् बियॉन्ड बॉर्डर्स" का आधिकारिक विमोचन 14 अगस्त 2026 को प्रातः 10.30 बजे मैक्रो विजन अकादमी, बुरहानपुर में होगा। गीत का विमोचन मैक्रो विजन अकादमी के संस्थापक एवं अध्यक्ष आनंद प्रकाश चौकसे के करकमलों द्वारा किया जाएगा।

## झांतला से सिंगोली तिरंगा यात्रा में उमड़ा राष्ट्रभक्ति का सैलाब

**नीमच** । जिले के टूरिस्ट जावा क्षेत्र के सिंगोली तहसील में तिरंगा यात्रा का अद्भुत नजारा देखने को मिला। देशभक्ति और अदम्य साहस किसी शारीरिक सीमा के मोहताज नहीं होते, इस बात को सच कर दिखाया है दिव्यांग पटवारी बालकिशन धाकड़ ने। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'हर घर तिरंगा अभियान' के अंतर्गत जावद विधानसभा क्षेत्र के झांतला से सिंगोली तक आयोजित भव्य तिरंगा पदयात्रा के दौरान देशभक्ति का एक अद्भुत और प्रेरक नजारा देखने को मिला। क्षेत्रीय विधायक व पूर्व मंत्री ओमप्रकाश सकलेचा आदि उपस्थित थे।

## न्यूज -कॉलम

### हवाई फायर का वीडियो सामने आने पर दर्ज केस

**उज्जैन।** सोशल मीडिया पर नजर रही नागदा पुलिस को ग्राम टुटियाखेड़ी में रहने वाले देवसिंह गुर्जर की फेसबुक पर हवाई फायर का वीडियो दिखाई दिया। वीडियो की जांच करने पर सामने आया कि 18 अक्टूबर 2025 दीपावली के समय का है। लेकिन खुले में 12 बोर की बंदूक से चलाई जा रही गोली का मामला गंभीर होने पर पुलिस ने मामले में देवसिंह गुर्जर के खिलाफ आयुध अधिनियम की धारा 25, 9 का प्रकरण दर्ज कर लिया। नागदा थाना प्रभारी अमृतलाल गवरी के अनुसार देवसिंह के पास लायसेंसी बंदूक होना पाई गई है। वह पेशे से कवि है और कई मंचों पर कविता पाठ कर चुका है। वह कांग्रेस की राजनीति से जुड़ा हुआ है। फिलहाल मामले में नोटिस तामिल कराकर जमानत पर रिहा किया गया है।

### दुकान के पीछे छुपकर दांव लगा रहे थे 7 जुआरी

**उज्जैन।** महिदपुर थाना क्षेत्र के ग्राम बैजनाथ में चाय और कटिंग की दुकान के पीछे बैठकर देर शाम को ग्रामीणों द्वारा जुआ खेला जा रहा था। खबर मिलने पर पुलिस की टीम ने दबिश मारी तो रमेश पिता पूरालाल चौधरी 55 साल, नारायणदास पिता भंवरदास बैरागी 40 साल, नारायणसिह पिता गुलाबसिह 50 साल निवासी बैजनाथ, धर्मेन्द्र पिता रुपसिंह 34 साल निवासी गुराडिया दासा, गोरधनसिह पिता रतनसिंह 30 साल, बहादुरसिह पिता मानसिह 45 साल निवासी मेंढकी और हाकमलाल पिता मांगु 55 साल निवासी आक्यालिम्बा गिरफ्त में आ गये। पुलिस ने मौके से 2 गड्डी ताशपत्ती की और 5 हजार 308 रूपये नगद बरामद किये। थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार ने बताय कि सभी के खिलाफ ु13 जुआ एक्ट की धारा में प्रकरण दर्ज किया गया। जुआ खेलने वाला का अपराधिक रिकार्ड देखने पर पता चला कि नारायणसिंह के खिलाफ पूर्व में 2 जुआ एक्ट के प्रकरण दर्ज है। रमेश चौधरी मारपीट और शासकीय कार्य में बाधा का आरोपी रह चुका है। वहीं हाकम के खिलाफ भी मारपीट, अवैध शराब के 5 मामले दर्ज है।

### जहरीली शराब के साथ हिरासत में आया बदमाश

**उज्जैन।** रात्रि भ्रमण पर निकली नीलगंगा थाना पुलिस जीवनखेड़ी मार्ग पर पहुंची थी, उसी दौरान एक युवक हाथ में प्लास्टिक की केन लेकर आता दिखाई दिया। उसने पुलिस वाहन देखा तो भागने का प्रयास किया। भ्रमण पर एसआई यादवेन्द्रसिंह परिहार, आरक्षक पुष्पराजसिंह, कमल पटेल और अंकित थे, उन्होने शंका होने पर पीछा किया और युवक को हिरासत में लिया। उसके पास से बरामद केन में कच्ची जहरीली शराब भरी मिली। पूछताछ करने पर नाम विकास उर्फ विक्की पिता अशोक माथुर निवासी शिव परिसर सामने आया। थाने लाने पर उसके खिलाफ पूर्व में भी आबकारी अधिनियम के 2 और मारपीट के 2 प्रकरण दर्ज होना सामने आये। जहरीली शराब मिलने पर आबकारी अधिनियम का प्रकरण दर्ज किया गया। गुरूवार दोपहर कोर्ट में पेश किया गया था, जहां से न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है।

### मदारगेट से पकड़ाया छात्र पर हमला करने वाला छात्र

**उज्जैन।** व्यायामशाला की गली स्थित मीरा कांवेंट स्कूल में मंगलवार को कक्षा 9 वीं में पड़ने वाले 2 छात्रों के बीच विवाद हो गया था। भैरूपुरा में रहने वाले छात्र पर क्लासरूम में उसकी ही कक्षा में पड़ने वाले छात्र ने नुकीले पेन से हमला कर दिया था। छात्र दुर्गेश बागवान लहूलुहान हो गया था। लंच टाइम में हुई घटना के बाद शिक्षकों ने घायल छात्र को अस्पताल पहुंचाया था। मामले की सूचना मिलने पर खाराकुआ थाना पुलिस ने घायल छात्र के बयान दर्ज किये थे। हमला करने वाले छात्र की स्कूल प्रबंधन से जानकारी लेने के बाद गुरूवार को हमलावर छात्र को मदारगेट से पकड़ा गया। वह कोलकत्ता जाने की तैयारी कर रहा था। बताया जा रहा है कि हमला करने वाले छात्र का परिवार बंगाली है, और काफी समय से उज्जैन में निवास कर रहा है। उसके पिता नक्काशी का काम करते है। एएसआई अजय माथुर ने बताया कि छात्र को नोटिस पर रिहा किया गया है। मामले में अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया जायेगा।

### बाइक धीरे चलाने का बोला तो युवक से मारपीट

**उज्जैन।** राघवी थाना क्षेत्र के ग्राम बरखेड़ी बाजार जगोटी रोड पर शासकीय स्कूल के पास गगन पिता कमल सेन 19 साल निवासी जगोटी पैदल गुजर रहा था। उसी दौरान तेजगति में बाइक चालक आया और मार्ग पर भरे पानी के बीच से बाइक निकाली। जिसके चलते पानी उड़ा और गगन के कपड़े गीले हो गया। गगन ने बाइक चालक को देखकर और धीरे चलाने के लिये कहा तो चालक ने बाइक रोक गगन के साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी देकर भाग निकला। राघवी पुलिस ने मामले में बाइक चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 670-3 | 278-7 |
| मेन बाजार | 150-6 | 130-4 |
| कल्याण नाइट | 368-7 | 246-2 |
| मिलन डे | 469-9 | 568-9 |
| मिलन नाइट | 247-3 | 460-0 |
| मधुर डे | 350-8 | 366-5 |
| मधुर नाइट | 389-0 | 139-3 |
| शुभांक | 3 9 | 6 |

## चार खातों से 3.17 लाख गायब, पुलिस तलाश रही सुराग...

# सावधान- साइबर ठग हर दिन बदल रहे तरीका

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन**



ऑनलाइन होने वाले फ्रॉड को लेकर पुलिस लोगों को जागरूक कर रही है, लेकिन साइबर ठगी करने वाले हर दिन तरीका बदल रहे है और लोगों के खातों से हजारों का ट्रांजेक्शन कर पुलिस को चुनौती दे रहे है। गुरूवार को चार मामले सामने आये। ठगों ने 3.17 लाख उ?ा दिये थे। चारों मामलों में पुलिस ने धोखाध?ी के प्रकरण दर्ज किये है।

डिजीटल क्रांति के युग में लोगों को मिली इंटरनेट सुविधा और ऑनलाइन ट्रांजेक्शन की व्यवस्था ने उनके समय की बचत और काम को आसान बना दिया है। लेकिन इसका फायदा साइबर ठगों ने तेजी के साथ उठाना शुरू दिया। पूर्व में बैंक अधिकारी, केवाईसी अपडेट, ऑनलाइन नौकरी, पुलिस अधिकारी बन डिजिटल अरेस्ट का झांसा देकर लोगों के साथ ऑनलाइन फ्रॉड किया जा रहा था। बढ़ते साइबर अपराध को लेकर पुलिस ने जागरूकता अभियान की शुरूआत कर साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने का प्रयास शुरू किया, लेकिन साइबर ठगों द्वारा हर दिन तरीका बदला जा रहा है। पिछले कुछ दिनों हुये चार मामले गुरूवार को सामने आये। जिसमें 3 लोगों के साथ लिंक भेजकर ठगी की गई तो एक को पार्सल भेजकर ठग लिया। माधवनगर, नानाखेडा और बडनगर थाना पुलिस ने चारों मामलों में प्रकरण दर्ज किये है।

### पहला मामला नारायणपुरा का

माधवनगर थाना पुलिस ने नारायणपुरा में रहने वाले कुशाल मेहर की शिकायत पर दर्ज किया है। कुशाल ने बताया कि उसकी मंगेतर ने ऑनलाइन प्रोडेक्ट आर्डर किया था। उसके खाते में पैसे कम होने पर रूपये ट्रांसफर करने के लिये मंगेतर भाविका ने वाट्सएप पर लिंक भेजी और ट्रांजेक्शन करने को कहा। उसने लिंक पर क्लिक किया प्रोडेक्ट की कीमत का ट्रांजेक्शन किया। कुछ देर बाद खाते से 99 हजार निकलने का मैसेज मिला। जबकि उसने सिर्फ प्रोडेक्ट की कीमत का ट्रांजेक्शन किया था। थाना प्रभारी गजेन्द्र पचौरिया ने बताया कि मामले में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई है।

### दूसरा मामला वरूचि मार्ग का

ऑनलाइन फ्रॉड का दूसरा मामला माधवनगर थाना क्षेत्र के ही वरूचि मार्ग पर रहने वाली प्रिया पति उल्लास पाल के साथ हुआ। उनके पास कॉल आया कि आपका पार्सल आया है। उन्होने पार्सल नहीं मंगवाने की बात कहीं तो कॉल धारक ने कहा कि पार्सल आपके नाम और पते का है। प्रिया ने पार्सल लेने से मना किया तो केसिंल चार्ज देने की बात कहीं चार्ज देने से मना करने पर पार्सल प्राप्त करने कहीं। प्रिया ने केसिंल चार्ज का ट्रांजेक्शन किया तो खाते से 93 हजार 850 रूपये निकाल लिये गये।

### तीसरा मामला ग्राम उमरिया का

बड़नगर थाना क्षेत्र के ग्राम उमरिया में रहने वाली अफसाना बी पति कमाल पटेल के ठगों ने लिंक भेजकर फ्रॉड किया। उसके मोबाइल पर आई लिंक को क्लिक करने के बाद खाते से 98 हजार का ट्रांजेक्शन साइबर ठगों ने कर लिया। पति के बैंक जाने पर ट्रांजेक्शन की जानकारी मिली। जानकारी जुटाने पर पता चला कि डबरा के निर्मल नामक व्यक्ति के खाते में ट्रांजेक्शन हुआ है। मामले की शिकायत साइबर हेल्पलाइन पर की गई। बड़नगर थाना प्रभारी कमलेश सिंगार ने बताया कि अज्ञात के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया गया है।

### चौथा मामला इंजीनियर के साथ

नानाखेडा थाना क्षेत्र के कालापत्थर क्षेत्र में रहने वाले इंजीनियर लाखन पिता नानूराम जाटवा के ऑनलाइन फ्रॉड हुआ। उसके मोबाइल पर आई लिंक को क्लिक करते ही मोबाइल हैक हुआ और खाते से 27 हजार से अधिक का ट्रांजेक्शन हो गया। ऑनलाइन धोखाधडी की शिकायत साइबर हेल्पलाइन 1930 पर की गई, जहां से मामला पुलिस के पास जांच के लिये पहुंचा है।

# पिपलोदा बागला स्टेशन पर मिली युवक की कटी लाश

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन**



पिपलोदा बागला स्टेशन पर बुधवार-गुरूवार रात ट्रेन के सामने आकर युवक ने आत्महत्या कर ली। उसकी लाश कई टुकडों में मिली है, जीआरपी मृतक की पहचान के प्रयास कर रही है। ट्रेन से कटने का एक मामला मोहनुपरा रेलवे ट्रेक पर भी सामने आया है।

जीआरपी ने बताया कि पिपलोदा बागला स्टेशन पर रात में पटरियों के बीच एक युवक की कटी लाश पडी होने की सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची थी। घटनास्थल देख प्रतीत हुआ कि युवक ने आत्महत्या की है। उसके शरीर के कई टुकडे हो चुके थे। युवक की बॉडी को एकत्रित किया गया और चादर में लपटे कर चरक अस्पताल पोस्टमार्टम कक्ष लाया गया। उसकी पहचान कर पाना भी मुश्किल था। जीआरपी के अनुसार मृतक के पास कोई पहचान का दस्तावेज नहीं मिला है। फिलहाल आसपास के पुलिस थानों से गुमशुदा लोगों की जानकारी मांगी गई है। बताया जा रहा था कि घटना से पहले पिपलोदा बागला स्टेशन से वीरभूमि एक्सप्रेस निकली थी। मृतक की पहचान होने पर उसके द्वारा संबंध में जानकारी सामने आ पायेगी।

**इधर 2 थानों के बीच उलझा मामला**

ट्रेन से कटने से दूसरा मामला गुरूवार तडके सामने आया। मोहनपुरा से नईखेडी की ओर जाने वाले रेलवे ट्रेक पर एक युवक की कटी लाश पडी होने की सूचना मिलने पर महाकाल थाने की डायल 112 पहुंची थी, मामला चिंतामण गणेश थाना क्षेत्र का बताया गया और सूचना दी गई। चिंतामण गणेश पुलिस पहुंची तो घटनास्थल महाकाल थाना क्षेत्र का बताया गया। 2 थानों की बीच उलझे घटनाक्रम के बाद तय हुआ कि महाकाल थाना क्षेत्र में रेलवे ट्रेक आता है। महाकाल पुलिस ने मर्ग कायम किया। मृतक युवक के पास पहचान का कोई दस्तावेज नहीं था ना ही घटनास्थल पर किसी ने उसकी पहचान की। पुलिस परिजनों का पता लगाने की कोशिश कर रही है।

# स्वतंत्रता दिवस-चौराहा से लेकर बाजारों तक पुलिस की नजर



**उज्जैन।** राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस के 2 दिन पहले गुरूवार शाम से पुलिस प्रशासन सुरक्षा की दृष्टि से पूरी तरह अलर्ट मोड पर आ गया है। चौराहा से लेकर बाजारों और संवेदनशील क्षेत्रों में नजर रखी जा रही है।

15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस का पर्व देशभर में हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा। आजादी के जश्न में कोई व्यवधान ना पडे, इसको लेकर उज्जैन पुलिस पूरी तरह से अलर्ट दिखाई दे रही है। गुरूवार शाम को एसपी प्रदीप शर्मा के निर्देश पर पूरे शहर में सुरक्षा के चाक चौबंद इंतजाम शुरू कर दिय गये थे। बाहरी मार्गो से शहर में आने वाले वाहनों की प्रमुख चौराहा पर चैकिंग की जा रही है। बाजारों और संदेनशील क्षेत्रों में नजर रख संदिग्धों, अपराधिक गतिविधियों में शामिल बदमाशों, रंगदारी करने वालों के खिलाफ सख्त एक्शन लिया जा रहा है। पुलिस द्वारा दो पहिया और चार पहिया वाहनों को रोककर चालकों के आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस सहित गाडी के जरूरी दस्तावेजों की जांच कर रही है। अलग-अलग थाना क्षेत्रों में पुलिस टीमों द्वारा लगातार पेट्रोलिंग शुरू कर दी गई है। पुलिस का उद्देश्य स्वतंत्रता दिवस के दौरान शहर में कानून-व्यवस्था बनाए रखना और किसी भी तरह की संदिग्ध या आपराधिक गतिविधि को समय रहते रोकना है। पुलिस आम लोगों से अपील की गई है कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की जानकारी तत्काल पुलिस को दें। स्वतंत्रता दिवस को देखते हुए पुलिस पूरी तरह मुस्तैद है और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर लगातार निगरानी की जा रही।

### बहन के दुप्पटे से फंदे पर लटका मिला भाई

**उज्जैन।** पताशी का ठेला लगाने वाला युवक गुरूवार सुबह बहन के दुपट्टे से फांसी के फंदे पर लटका मिला। सूचना मिलने पर पुलिस घटनास्थल पहुंची और शव को फंदे से उतारकर मामले की जांच शुरू की।

चिमनगंज थाना क्षेत्र के ढांचा भवन में रहने वाले निखिल पिता रामबाबू केसरवानी 25 साल सुबह कमरे से बाहर नहीं आया तो परिजन उसे जगाने के लिये पहुंचे। निखिल बहन के दुपट्टे से फंदे पर लटका हुआ था। परिजनों का शोर सुनकर आसपास के लोग एकत्रित हो गये। सूचना मिलने ही पुलिस घटनास्थल पहुंची। परिजनों ने बताया कि ढांचा भवन से घासमंडी की ओर जाने वाले ब्रिज के पास स्मार्ट रोड पर पताशी का ठेला लगाता था। परिवार मूलरूप से इलाहबाद का रहने वाला है। पिछले 10 साल से उज्जैन में रह रहे है। बारिश के चलते चार दिनों से निखिल पताशी का ठेला नहीं लगा रहा था। घर में कोई परेशानी नहीं थी, निखिल रात तक पूरी तरह ठीक था उसने साथ में खाना खाया था। उसकी शादी के लिये रिश्ता भी देख रहे थे बहन की शादी भी करना थी। एएसआई दिनेश वरकडे ने बताया कि फांसी लगाने की वजह सामने नहीं आ पाई, ना ही घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट मिला। मामले में मर्ग कायम कर शव को अस्पताल पहुंचाया गया, दोपहर में पोस्टमार्टम के बाद बॉडी परिजनों को सौंपी गई। जांच के बाद ही फांसी लगाने का कारण सामने आ पायेगा।

## केन्द्रीय जेल की सलाखों से 9 बंदियों को मिलेगी रिहाई




**उज्जैन।** आजादी के पर्व स्वतंत्रता दिवस पर इस बार केन्द्रीय जेल भैरवगढ़ की सलाखों से 9 बंदियों को रिहा किया जायेगा। जेल मुख्यालय से रिहाई का आदेश आ चुका है। शनिवार को ध्वजारोहण के बाद उन्हे अपराध मुक्त नई जिंदगी की शुरूआत करने के लिये छोड दिया जायेगा।

प्रदेश में राष्ट्रीय पर्वो पर जेलों में आजीवन कारावास की सजा काटने वाले बंदियों को उनके अच्छे आचरण पर समय से पहले रिहाई देने का प्रावधान तय किया गया है। 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस पर इस बार प्रदेश की जेलों से 530 बंदियों को रिहा किया जायेगा। उज्जैन केन्द्रीय जेल भैरवगढ़ से 9 बंदियों को रिहाई मिलेगी। जेल अधीक्षक मनोज साहू ने बताया कि रिहा होने वाले बंदियों में इंदर/कमल पिता रामचंद्र लालपुर थाना नरवर जिला उज्जैन, ईश्वर पिता मांगीलाल देवगुराडिया टोकखुर्द देवास, बालू पिता गुलाब खेजडाखेडी सोमतकला आगर-मालवा, संजय पिता सुंदरलाल रूडजी गौतमपुरा इंदौर, देवीलाल पिता जेतराम कुशालपुरा मनासा नीमच, विनोद पिता भगवान भदाना रामपुरा नीमच, गणपत पिता श्रीकिशन मरेठी अहमदपुर सिहोर, संदीप पिता कुंज बिहारी शर्मा शिवनगर छोल्लामंदिर भोपाल और गोलू/गोल्डी पिता जोसफ बाणगंगा नाका इंदौर शामिल है। सभी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी, लेकिन जेल में उनका आचरण अच्छा और नियमों का पालन करने पर उनकी रिहाई के लिये मुख्यालय को नाम भेजे गये थे।

सभी के नामों पर मुख्यालय से रिहाई की सहमति प्राप्त हुई है। 15 अगस्त को जेल परिसर में स्वतंत्रता दिवस का पर्व ध्वजारोहण के साथ मनाया जायेगा। जेल में बंदियों द्वारा देशभक्ति कार्यक्रम प्रस्तुत किये जायेगें। कार्यक्रम के बाद रिहाई पाने वालों को अपराध मुक्त नई जिंदगी की शुरूआत के लिये छोड दिया जायेगा। सभी के परिजनों को रिहाई से अवगत करा दिया गया है। 15 अगस्त की सुबह सभी के परिजन जेल परिसर पहुंचेगें।

### त्रिवेणी गेट पर चैम्बर से निकल रहा गंदा पानी, श्रद्धालु परेशान

**उज्जैन।** महाकाल लोक स्थित त्रिवेणी गेट के सामने चैम्बर खुला होने से गंदा पानी बाहर आ रहा है। पानी से उठ रही तेज दुर्गंध के कारण यहां से गुजरने वाले श्रद्धालुओं और आम लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। महाकाल मंदिर के सामने का यह क्षेत्र श्रद्धालुओं की आवाजाही का प्रमुख मार्ग है, ऐसे में गंदगी और बदबू से धार्मिक नगरी की छवि भी प्रभावित हो रही है। सावन माह में महाकाल मंदिर में श्रद्धालुओं की संख्या लगातार बढ़ रही है। देशभर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु महाकाल दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं और त्रिवेणी गेट क्षेत्र से भी दिनभर लोगों की आवाजाही बनी रहती है। इसके बावजूद खुले चैम्बर से गंदा पानी निकलना और आसपास दुर्गंध फैलना व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रहा है। श्रद्धालुओं का कहना है कि मंदिर और महाकाल लोक क्षेत्र की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिए जाने की जरूरत है। खुले चैम्बर से निकल रहे गंदे पानी के कारण संक्रमण और फिसलन जैसी समस्या भी पैदा हो सकती है। सबसे अधिक परेशानी बुजुर्गों, बच्चों और दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालुओं को हो रही है।

जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भूमिस्वामी 1. राहुल जयसिंघानी पिता श्री प्रकाश जयसिंघानी, निवासी-15, श्रीराम नगर, सांई कृपा ग्राउण्ड लोर, उज्जैन (म.प्र.) 2. सुमित तेजवानी पिता श्री अनिल तेजवानी, निवासी-15, श्रीराम नगर, सांई मंदिर के पास, उज्जैन (म.प्र.) के संयुक्त स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे क्रमांक-109/1/2/2 रकबा 0.0800 हेक्टेयर, सर्वे क्रमांक-109/2/2/1 रकबा 0.1200 हेक्टेयर, सर्वे क्रमांक-109/2/3 रकबा 0.2000 हेक्टेयर व सर्वे क्रमांक-109/2/2/2 रकबा 0.2000 हेक्टेयर इस प्रकार कुल किता 4-चार कुल रकबा 0.6000 हेक्टेयर ग्राम चौंसला तहसील घट्टिया जिला उज्जैन (म.प्र.) प.ह.न.-119 में स्थित हैं। उपरोक्त वर्णित भूमि को मेरे पक्षकार ने भूमिस्वामी से क्रय करने का अनुबंध कर बयाना राशि अदाकर दी है, जल्द ही शेष रही राशि अदा कर विक्रय-पत्र का निष्पादन करवाया जाना हैं। उक्त भूमि पर किसी व्यक्ति, संस्था, वित्तीय निकाय, बैंक, पेढी, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था आदि का किसी भी प्रकार का कोई स्वत्व, हित व अधिकार अथवा भार, बोझ, दान, विक्रय, बख्शीश, क्लेम आदि हो अथवा किसी भी प्रकार का कोई सुखाधिकार हो अथवा इस विक्रय व्यवहार में किसी प्रकार की आपत्ति हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 7 दिन में अपनी आपत्ति या क्लेम मय प्रमाण के मेरे कार्यालय में आकर प्रस्तुत करें, ताकि उसका निराकरण किया जा सके, अन्यथा मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त संपत्ति के विक्रय पत्र का पंजीयन करा लेंगे व उक्त अवधि गुजर जाने के पश्चात किसी भी प्रकार की कोई क्लेम, आपत्ति मान्य नहीं होगी। इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के पश्चात उक्त भूमि के संबंध में कोई भी व्यक्ति उक्त भूमि क्रय करने का व्यवहार नही करे। दिनांक 13/08/2026

**दीपिका सावरकर, अभिभाषक**
**कार्यालय-दुकान संख्या-ए-17**
**भरतपुरी कॉम्प्लेक्स,उज्जैन ( मध्य प्रदेश )**
**मो. 98272-99159**

जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भूमिस्वामी संजय जाट पिता श्री जसवंत जाट, निवासी-72, राम मंदिर चौक, हक्कानीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) के एकल स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि कृषि भूमि सर्वे क्रमांक-109/1/1 रकबा 0.0900 हेक्टेयर व सर्वे क्रमांक-109/1/2/1 रकबा 0.5200 हेक्टेयर इस प्रकार कुल किता 2-दो कुल रकबा 0.6100 हेक्टेयर ग्राम चौंसला तहसील घट्टिया जिला उज्जैन (म.प्र.) प.ह.न.-119 में स्थित हैं। उपरोक्त वर्णित भूमि को मेरे पक्षकार ने भूमिस्वामी से क्रय करने का अनुबंध कर बयाना राशि अदा कर दी है, जल्द ही शेष रही राशि अदाकर विक्रय-पत्र का निष्पादन करवाया जाना हैं। उक्त भूमि पर किसी व्यक्ति, संस्था, वित्तीय निकाय, बैंक, पेढी, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था आदि का किसी भी प्रकार का कोई स्वत्व, हित व अधिकार अथवा भार, बोझ, दान, विक्रय, बख्शीश, क्लेम आदि हो अथवा किसी भी प्रकार का कोई सुखाधिकार हो अथवा इस विक्रय व्यवहार में किसी प्रकार की आपत्ति हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 7 दिन में अपनी आपत्ति या क्लेम मय प्रमाण के मेरे कार्यालय में आकर प्रस्तुत करें, ताकि उसका निराकरण किया जा सके, अन्यथा मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त संपत्ति के विक्रय पत्र का पंजीयन करा लेंगे व उक्त अवधि गुजर जाने के पश्चात किसी भी प्रकार की कोई क्लेम, आपत्ति मान्य नहीं होगी। इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के पश्चात उक्त भूमि के संबंध में कोई भी व्यक्ति उक्त भूमि क्रय करने का व्यवहार नही करे। दिनांक 13/08/2026

**दीपिका सावरकर, अभिभाषक**
**कार्यालय- दुकान संख्या-ए-17, भरतपुरी कॉम्प्लेक्स,**
**उज्जैन ( मध्य प्रदेश ) मो. 98272-99159**

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार ने विक्रेता श्री महेश जैन पिता श्री छोगालालजी जैन जाति जैन निवासी शास्त्री नगर, उज्जैन कृषक ग्राम धन्नाखेड़ी तहसील घट्टिया जिला उज्जैन से उनके निजी स्वामित्व, स्वत्व एवं अधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नम्बर 260/2 रकबा 0.80 हैक्टर भूमि कुल किता 01 कुल रकबा 0.80 हैक्टर भूमि स्थित ग्राम धन्नाखेड़ी तहसील घट्टिया जिला उज्जैन को क्रय करने का सौदा चिट्ठी पत्रक किया होकर बर्याना राशि अदा कर दी है। अब शेष विक्रय धन अदाकर विक्रय अनुबंध पत्र व विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना शेष है। यदि उक्त वर्णित कृषि भूमि पर किसी भी व्यक्ति, संस्था, शासन या बैंक अथवा अन्य किसी का भी किसी प्रकार का कोई ऋण, भार अथवा कोई व्यवहार किसी भी प्रकार का हो, अथवा उक्त सम्पत्ती किसी को रहन या अन्य किसी भी प्रकार से अन्तरित या ऋण भारित की हुई हो या किसी भी व्यक्ति की कोई लेनदारी आदि हो तो इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 07 (सात) दिवस की अवधि में मय लिखित प्रमाण मुझसे मेरे कार्यालयीन समय में आकर सम्पर्क करें एवं अपना दावा एवं आपत्ती रखें। अन्य दशा में बाद अवधि मेरे पक्षकार द्वारा उक्त कृषि भूमि का विक्रय पत्र सम्पादन अपने हित में करवा लिया जावेगा। व कोई आपत्ती मान्य नहीं होगी। सूचित हो। इति दिनांक 13-08-2026

**अश्विन पलोड़ ( सर्विस प्रोवाईडर )**
**तहसील कार्यालय घट्टिया, जिला उज्जैन**
**मो. 99265-32350**

# अन्न और अध्यात्म



मुझसे पूछा गया है कि क्या अनशन जातीय उत्तेजना को मिटा सकता है? हां, मिटा सकता है, मगर यह अस्थायी है। मानसिक अनशन सच्ची सहायता है। अनशन स्वयं ध्येय नहीं है, साथ-साथ आध्यात्मिक विकास भी होना चाहिए। पूर्ण अनशन मन को बहुत दुर्बल बना देता है। अनशन के दौरान आत्मा की तलाश जारी रहनी चाहिए, यदि उसे आध्यात्मिक दृष्टि से लाभदायी बनाना हो। अनशन मुख्यतया मानसिक (निर्विचार स्थिति) होना चाहिए। सिर्फ अन्न न खाने से कोई लाभ नहीं है; संभवतः मन क्षुब्ध होगा। आहार-नियमन से आध्यात्मिक विकास किया जा सकता है।

प्रारंभिक समय में मैं आंखें बंद रखता था और इतने गहरे ध्यान में निमग्न रहता था कि दिन है या रात, इसका भी मुझे विशेष ख्याल नहीं रहता था। मैं बिल्कुल भोजन और नींद नहीं लेता था। यदि शरीर गतिशील रहता है, तो आपको भोजन की आवश्यकता होती है। यदि आप भोजन लेते हैं, तो आपको नींद की भी जरूरत होती है। यदि गतिशीलता न हो, तो नींद की आवश्यकता नहीं होती। जीवन बनाए रखने के लिए बहुत कम आहार पर्याप्त होता है। एक बात याद रखिए : जब मनुष्य उस अवस्था में नहीं होता, जिसमें चित्त बिल्कुल निष्पन्द होता है, तब पूर्ण रूप से आहार तथा निद्रा का त्याग संभव नहीं हैं। जब शरीर-मन जीवन की साधारण प्रवृत्ति में जुड़े होते हैं, तब अन्न और निद्रा का त्याग करने से शरीर इतना अस्वस्थ हो जाता है कि खड़ा भी नहीं रह सकता। साधक को कितने आहार और निद्रा की आवश्यकता होती है, इस विषय में कई मत हैं। कुछ लोग कहते हैं, रात के दस बजे से दो बजे तक सोना पर्याप्त है, अर्थात चार घंटे की नींद पर्याप्त है। कुछ लोग छह घंटे की नींद पर्याप्त मानते हैं। इसका अर्थ है, आहार और निद्रा का अतिरेक नहीं होना चाहिए। यदि आप इन दो में से किसी एक को पूर्णतया छोड़ना चाहते हैं, तो आपका मन निरंतर उसके प्रति उन्मुख रहेगा। इसलिए साधक को सब बातों में मध्यम मार्ग स्वीकार करना चाहिए। आहार मन को प्रभावित करता है, अतः किसी भी प्रकार के आध्यात्मिक अभ्यास के लिए शाकाहार अनिवार्य रूप से जरूरी है, क्योंकि उससे मन सात्विक-शुद्ध, संतुलित बनता है। आपके मन में सवाल उठ सकता है कि क्या मांसाहार करने वाला मनुष्य आध्यात्मिक प्रकाश पा सकता है? इसका जवाब है- हां, लेकिन क्रमशः उसे छोड़कर सात्विक आहार की आदत डालनी चाहिए। एक बार आपने प्रकाश प्राप्त कर लिया, तब आहार से विशेष फर्क नहीं पड़ेगा, जैसे प्रबल अग्नि में कौन सा ईंधन डाला जाता है, इसका महत्व नहीं होता।



सम्पादकीय

## विदेशी अंशदान

एफसीआरए अर्थात विदेशी अंशदान (विनियमन) संशोधन विधेयक के पारित न होने से ज्यादा अफसोस की बात यह है कि इस पर संसद में चर्चा नहीं हो पाई। चर्चा होती, तो देश के आम लोगों को भी इस विधेयक के प्रावधानों के बारे में बहुत कुछ पता चलता। समर्थन और विरोध में तर्क-तथ्य सुनकर लोगों का सामान्य ज्ञान बढ़ता, लेकिन यह मौका हाथ से जाता रहा। सदन में हंगामे से परेशान केंद्र सरकार ने विधेयक को लोकसभा के 21 सदस्यों और राज्यसभा के 10 सदस्यों वाली संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के पास भेज दिया है। जहां सत्ता पक्ष इस विधेयक के पक्ष में था, वहीं बुधवार को पूरा विपक्ष इस विधेयक के खिलाफ खड़ा हो गया। विधेयक को जेपीसी के पास भेजने की प्रक्रिया के दौरान भी विपक्षी नेता नारेबाजी करते रहे। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के नाम से सूचीबद्ध इस संशोधन विधेयक को केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने पेश किया। जहां विपक्षी नेताओं का आरोप है कि विधेयक अल्पसंख्यकों को नुकसान पहुंचाएगा। वहीं, संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बचाव करते हुए कहा कि विपक्षी नेता विधेयक में कोई भी ऐसा प्रावधान बताएं, जो अल्पसंख्यक विरोधी है।

वैसे मानसून सत्र में सदन में जो माहौल रहा है, उसकी केवल निंदा ही हो सकती है। देश का बहुमूल्य समय और संसाधन बर्बाद किया गया है। विपक्षी नेता पहले इस विधेयक को जेपीसी में भेजने की बात कर रहे थे, लेकिन बाद में विधेयक को वापस लेने की मांग करने लगे। सत्ता पक्ष में भी शायद कमी रह गई, विपक्षी नेताओं को विश्वास में नहीं लिया गया। आज के समय में अनेक कारणों से सांसदों, नेताओं के बीच परस्पर विश्वास हिल चुका है। विपक्षी नेता नरमी बरतने को तैयार नहीं हैं। कायदा तो यही है कि इस विधेयक पर कुछ चर्चा होती और उसके बाद ही इसे जेपीसी के पास भेजा जाता। कहा जाता है, जहां राजनीति ज्यादा हावी हो जाए, वहां समन्वय की राह कठिन हो जाती है। यह अति स्वार्थ की राजनीति को काबू में रखने का समय है। देशहित सबको सुनिश्चित करना चाहिए। संभावनाएं बरकरार हैं। संसद में हंगामे को देखकर यह नहीं सोचना चाहिए कि संवाद या समन्वय की स्थिति पूरी तरह से चौपट हो गई है। सरकार ने विधेयक को जेपीसी के पास भेजने का फैसला विचार-विमर्श के बाद ही किया है। मिसाल के लिए, द्रमुक सांसद पी विल्सन के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने केंद्रीय गृह मंत्री से मुलाकात की थी और केंद्र सरकार से विधेयक वापस लेने या इसकी विस्तृत जांच के लिए संसदीय समिति के पास भेजने का आग्रह किया था।

### श्रद्धालुओं को मिलती है मानसिक शांति व भक्ति

# उज्जैन के शिवालयों में गूंजती है महाकाल की अनादि गाथा

उज्जैन केवल मध्यप्रदेश का एक प्राचीन नगर नहीं, बल्कि भारतीय आस्था, अध्यात्म और सनातन परंपरा की ऐसी नगरी है, जहां कदम-कदम पर भगवान शिव की उपस्थिति का अनुभव होता है। महाकाल की नगरी में मंदिर केवल पूजा के स्थान नहीं हैं, बल्कि वे इतिहास, लोकविश्वास और सांस्कृतिक परंपरा के जीवंत केंद्र हैं। यहां महाकाल से लेकर मंगलनाथ और कालभैरव तक, शिव आराधना के अनेक रूप दिखाई देते हैं।



अजयकुमार बियाणी (दैनिक अवन्तिका)

उज्जैन की पहचान सबसे पहले महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग से होती है। बारह ज्योतिर्लिंगों में महाकालेश्वर का स्थान विशेष है। धार्मिक मान्यता है कि यहां भगवान शिव स्वयंभू रूप में विराजमान हैं। महाकाल की भस्म आरती उज्जैन की धार्मिक पहचान बन चुकी है। प्रातःकाल होने वाली इस आरती में शामिल होने के लिए देश-विदेश से श्रद्धालु आते हैं। भस्म आरती की परंपरा भगवान शिव के उस स्वरूप की याद दिलाती है, जो जीवन और मृत्यु दोनों के स्वामी माने जाते हैं। महाकाल मंदिर परिसर में नागचंद्रेश्वर मंदिर भी अपनी विशिष्ट मान्यता रखता है। मंदिर की तीसरी मंजिल पर विराजमान नागचंद्रेश्वर के दर्शन वर्ष में केवल नागपंचमी के दिन होते हैं। इस दिन यहां श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती है। यह परंपरा उज्जैन की धार्मिक विशिष्टता को और बढ़ाती है।

उज्जैन का मंगलनाथ मंदिर भी भगवान शिव के प्रमुख तीर्थस्थलों में गिना जाता है। इसे मंगल ग्रह की जन्मस्थली माना जाता है। मंदिर क्षिप्रा नदी के तट पर स्थित है। यहां मंगल दोष की शांति के लिए विशेष पूजा-अर्चना की जाती है। धार्मिक मान्यता के साथ-साथ इस स्थान का उल्लेख प्राचीन ग्रंथों में भी मिलता है। मंदिर परिसर से क्षिप्रा और आसपास का प्राकृतिक दृश्य मन को शांति देता है। गढ़कालिका मंदिर भी उज्जैन की धार्मिक परंपरा में विशेष स्थान रखता है। हालांकि यहां देवी कालिका की आराधना होती है, लेकिन उज्जैन की तांत्रिक और शैव परंपरा से इसका गहरा संबंध माना जाता है। लोकमान्यता है कि



महाकवि कालिदास ने यहां साधना की थी। इस कारण यह स्थान साहित्य, साधना और श्रद्धा– तीनों का संगम माना जाता है।

उज्जैन का कालभैरव मंदिर भगवान शिव के रक्षक स्वरूप की आराधना का प्रमुख केंद्र है। कालभैरव को उज्जैन का क्षेत्रपाल माना जाता है। यहां की सबसे प्रसिद्ध परंपरा भगवान कालभैरव को मदिरा अर्पित करने की है। श्रद्धालु अपनी आस्था के अनुसार यह भेंट लेकर आते हैं। मंदिर की यह परंपरा लंबे समय से चली आ रही है और उज्जैन आने वाले यात्रियों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र है। क्षिप्रा नदी के किनारे स्थित हरसिद्धि मंदिर भी उज्जैन की धार्मिक पहचान का महत्वपूर्ण हिस्सा है। यहां देवी की आराधना होती है, लेकिन मंदिर परिसर और आसपास का क्षेत्र उज्जैन की प्राचीन शैव परंपरा से भी जुड़ा रहा है। शाम के समय दीपमालिकाओं की रोशनी में मंदिर का दृश्य अत्यंत मनोहारी दिखाई देता है।

उज्जैन के प्राचीन मंदिरों में ओंकारेश्वर महादेव, अनादिकल्पेश्वर महादेव और नागचंद्रेश्वर जैसे शिव स्वरूप भी श्रद्धालुओं के लिए विशेष महत्व रखते हैं। शहर के अनेक पुराने मोहल्लों और मंदिरों में छोटे-बड़े शिवालय मिल जाते हैं। यही कारण है कि उज्जैन में शिव आराधना किसी एक मंदिर तक सीमित नहीं दिखाई देती।

उज्जैन की धार्मिक परंपरा को समझने के लिए चौरासी महादेव की परंपरा का उल्लेख आवश्यक है। मान्यता है कि उज्जैन की धार्मिक यात्रा में चौरासी महादेव के दर्शन का विशेष महत्व है। इन मंदिरों से जुड़ी कथाएं अलग-अलग हैं, लेकिन सभी के केंद्र में भगवान शिव की आराधना है। चौरासी महादेव की यात्रा उज्जैन की प्राचीन धार्मिक परंपरा और नगर की आध्यात्मिक संरचना को समझने का अवसर देती है। उज्जैन की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यहां धर्म केवल मंदिर की चारदीवारी तक सीमित नहीं है। यहां की गलियों, घाटों, बाजारों और पर्वों में भी धार्मिक जीवन दिखाई देता है। महाशिवरात्रि हो, सावन के सोमवार हों या सिंहस्थ का अवसर–पूरी नगरी शिवमय दिखाई देती है।

क्षिप्रा के घाटों पर होने वाली आरती, मंदिरों में गूंजते मंत्र, साधु-संतों की उपस्थिति और श्रद्धालुओं की भीड़ मिलकर उज्जैन को एक अलग ही आध्यात्मिक वातावरण प्रदान करती है।

महाकाल की नगरी का यह भी सौभाग्य है कि यहां आधुनिकता और प्राचीनता साथ-साथ चलती हैं। नए मार्ग और सुविधाएं विकसित हो रही हैं, तीर्थयात्रियों के लिए व्यवस्थाएं बढ़ रही हैं, लेकिन मंदिरों की परंपराएं आज भी अपनी मूल भावना के साथ जीवित हैं।

उज्जैन के शिवालयों की सबसे बड़ी शक्ति उनकी प्राचीनता भर नहीं है। उनकी असली शक्ति वह आस्था है, जो पीढ़ी दर पीढ़ी आगे बढ़ती रही है। दादा अपने पोते को मंदिर की कथा सुनाते हैं, माता अपने बच्चों को पूजा की परंपरा समझाती है और श्रद्धालु दूर-दूर से केवल दर्शन के लिए उज्जैन आते हैं। इतिहास के पन्नों में उज्जैन का उल्लेख हजारों वर्षों से मिलता है। विक्रमादित्य, कालिदास, महाकाल और क्षिप्रा–इन सबने मिलकर इस नगरी की ऐसी पहचान बनाई है, जिसे समय बदल नहीं पाया।

आज जब दुनिया तेजी से आधुनिक हो रही है, उज्जैन हमें अपनी जड़ों से जुड़े रहने का संदेश देता है। यहां मंदिर केवल पत्थरों से बने भवन नहीं हैं। वे हमारी स्मृतियों, विश्वासों और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षक हैं।

सावन में जब महाकाल की सवारी निकलती है, मंदिरों में घंटियां बजती हैं और गलियों में हर हर महादेव का जयघोष गूंजता है, तब लगता है कि उज्जैन केवल एक शहर नहीं, बल्कि सदियों से चलती आ रही एक जीवंत आध्यात्मिक यात्रा है। इंदौर के शिवालय शहर की प्राचीन स्मृतियों को संभाले हुए हैं तो उज्जैन के शिवालय स्वयं महाकाल की नगरी की आत्मा हैं। यहां समय बदलता है, पीढ़ियां बदलती हैं, लेकिन महाकाल की आस्था आज भी उतनी ही अडिग है–अनादि, अविनाशी और अविचल।

## पेंशन की धूल भरी पासबुक

बैंक की शाखा में हर महीने की पहली तारीख को सत्तर साल के भवानी शंकर अपने फटे कुर्ते की जेब से हरे रंग की पुरानी पेंशन पासबुक निकालकर कतार में सबसे आगे खड़े हो जाते थे। भारत में सरकारी कतारें मोक्ष के द्वार जैसी होती हैं, जहाँ पहुँचने के लिए आदमी को अपनी आधी उम्र और पूरी गरिमा विसर्जित करनी पड़ती है। उस पासबुक पर जमी धूल को वे अपनी धोती के पल्ले से बार बार पोंछते, जैसे किसी भ्रष्ट विभाग की फाइल से नैतिकता झाड़ रहे हों। बैंक का युवा मैनेजर, जो उपभोक्ता सेवा को एक बोझ समझता था, उन्हें देखते ही ऐसे बिदकता जैसे किसी नेता को अपना पुराना घोषणापत्र याद आ जाए। वह चिढ़कर कहता, बाबा, आपकी पेंशन सीधे खाते में जमा हो जाती है, तो आप रोज यहाँ आकर पासबुक की छपाई का हठ क्यों पकड़ लेते हैं? मैनेजर की आधुनिकता दरअसल डिजिटल इंडिया का वह पर्दा थी जिसके पीछे मानवीय संवेदनाएँ दम तोड़ चुकी थीं।

भवानी शंकर अपनी झुकी हुई कमर को सीधा करने का प्रयास करते यह झुकना उम्र का नहीं, व्यवस्था के बोझ का था और शांत स्वर में कहते, बेटा, इस कागज पर जब तक काली स्याही से लिखावट नहीं छपेगी तब तक मेरे मन को तसल्ली नहीं मिलेगी। हमारे देश में सत्य वही है जो छपा हुआ है, चाहे वह अखबार का झूठ ही क्यों न हो। पास खड़े गाँव के लोग उनका उपहास उड़ाते हुए कहते, ₹मासाब को लगता है कि बैंक वाले उनकी पेंशन की एंट्री छिपाकर डकार जाएँगे। दफ़्तर का चपरासी भी हँसते हुए तंज कसता, बाबा, जब खाते में कुछ होगा ही नहीं तो मशीन बेचारी क्या आपके चरित्र का प्रमाण पत्र छापेगी? चपरासी की हँसी में वह क्रूरता थी जो अक्सर निचली कुर्सियों पर बैठने वालों में ऊपर वालों की चापलूसी करते करते पैदा हो जाती है।

## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 14 अगस्त 2026 शुक्रवार
सूर्योदय - 06:07 सूर्यास्त 18:56
श्रावण मास शुक्ल पक्ष
राहुकाल - 10:30 से 12:00 तक
तिथि - दुतिया 18:47 उपरांत तृतीया
नक्षत्र - पूवार्फाल्गुनी 03:43 उपरांत उत्तराफाल्गुनी
योग - परिघ 09:29 उपरांत शिव
करण - बालव
चन्द्रमा - दिन पूर्ण सिंह में रहेगा।
मुस्लिम मास - सावान मास 30 तारिख

**मेष-** रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। प्रसन्नता तथा संतुष्टि रहेगी। कार्यभार व अधिकार में वृद्धि हो सकती है।

**वृषभ-** यात्रा मनोरंजक हो सकती है। व्यापार-व्यवसाय में नए प्रयोग किए जा सकते हैं। समय की अनुकूलता का लाभ लें।

**मिथुन-** धन प्राप्ति सुगम होगी। रुके हुए कार्य पूरे होंगे। नौकरी में अनुकूलता रहेगी। कार्य की प्रशंसा होगी।

**कर्क-** आत्मसम्मान बना रहेगा। उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। भूले-बिसरे साथियों व संबंधियों से मुलाकात होगी।

**सिंह-** कारोबार में अनुकूलता रहेगी। स्वास्थ्य कमजोर रह सकता है।

**कन्या-** जोखिम व जमानत के कार्य टालें। बुद्धि का प्रयोग लाभ में वृद्धि करेगा। प्रसन्नता बनी रहेगी। प्रमाद न करें।

**तुला-** यात्रा मनोनुकूल रहेगी। नया काम मिलेगा। नए अनुबंध होंगे। डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है।

**वृश्चिक-** कारोबार में वृद्धि होगी। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। समय की अनुकूलता रहेगी, लाभ लें।

**धनु-** जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। आय में वृद्धि होगी। व्यापार-व्यवसाय की गति धीमी रहेगी।

**मकर-** स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। क्रोध व उत्तेजना पर नियंत्रण रखें। जल्दबाजी न करें।२

**कुंभ-** चोट व दुर्घटना से बड़ी हानि की आशंका बनती है, सावधानी आवश्यक है।

**मीन-** लेन-देन में जल्दबाजी से बचें। आय बनी रहेगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें।

कविता

## भारत

मातृभूमि के चरणों में वंदन अर्पित करती,
धड़कनें देश प्रेम में मग्न हो स्पंदन करती ।
प्रहरी पर्वतराज हिमालय नित रक्षा करता,
प्रांगण में नदियों का संगीत मधुरिम गूँजता,
पूरब-पश्चिम उत्तर-दक्षिण चहुँ ओर भव्यता,
भारत की आनंद पुरातन गणमान्य सभ्यता,
परस्पर प्रीति की सौंधी खुशबू जहाँ महकती,
धड़कनें देश प्रेम में मग्न हो स्पंदन करती ।
भाषाओं में अनेकत्व मधु रस सौन्दर्य समाया,
तिरंगा देशभक्ति के गीत गाता ही लहराया,
मुसीबतों में हाथ थाम कर हौसला दिखाया,
विशाल जनतंत्र का स्वतंत्र सुंदर स्वराज पाया,
सकल विविधता में समरूपता नित जहाँ चहकती,
धड़कनें देश प्रेम में मग्न हो स्पंदन करती ।
कण-कण में जिसके खिलती नैसर्गिक सुंदरता,
रंग - बिरंगा पहनावा संस्कारों की शुभता,
रगों में वीरता हृदय में क्षमा की विशालता,
अलग-अलग धर्मों में पुष्पित होती मानवता,
पावन संस्कृतियाँ गर्वित हो सदा जहाँ हँसती,
धड़कनें देश प्रेम में मग्न हो स्पंदन करती ।
वीरता से जवान करें दुश्मनों का सामना,
मुस्कुराती विश्व बंधुत्व की नेह भावना,
जन-मन में पुष्पित परहित की प्रिय कामना,
करते सबका ही अभिनंदन और शुभकामना,
यशस्वी भारत की छवि हर दिल में जहाँ झलकती,
धड़कनें देश प्रेम में मग्न हो स्पंदन करती ।



मोनिका डागा (दैनिक अवन्तिका)

## शुल्क लगे तो फिर नकदी लौटेगी

यूं डिजिटल युग में कदम बढ़े थे,
नकदी से हमने ही नाता तोड़ा था।
हमको यूपीआई ने ही राह दिखाई,
हर भुगतान को सरल बनाया था।
मगर अब शुल्क की आहट हैं आई,
तब तो सोच में पड़ गया हैं बाजार।
ये छोटा-सा चार्ज भी बन सकता है,
नकदी नोट की वापसी का आधार।
हाँ, कभी जेब में सिक्के खनकते थे,
नोटों से होता था सबका कारोबार।
फिर मोबाइल ने यहाँ जगह बना ली,
डिजिटल पेमेंट हुआ हरेक व्यवहार।
कागज के नोटों से मुक्ति का सपना,
ये सुविधा ने सच करके दिखलाया।
लेकिन शुल्क की छोटी-सी दीवार ने,
फिर से नकदी का रास्ता हैं सुझाया।
व्यापारी बोलते हैं लेन-देन सस्ता हो,
ग्राहक बोले-भुगतान सभी सरल हो।
हमेशा तकनीक वो अच्छी कहलाए,
जिसमें हर वर्ग का हित नजर आए।
आज यूपीआई भारत की पहचान है,
क्या कहें यहीं सुविधा बेमिसाल रहें।



संजय एम. तराणेकर (दैनिक अवन्तिका)

# दीवार से चूना खुरचकर खा रहा है बच्चा तो न करें नजरअंदाज

छोटे बच्चों में कई बार ऐसी आदतें देखने को मिलती हैं जिन्हें देखकर माता पिता हैरान रह जाते हैं। कुछ बच्चे दीवार से चूना खुरचकर खाने लगते हैं तो कुछ मिट्टी चॉक कागज या दूसरी ऐसी चीजें मुंह में डालते हैं जो खाने योग्य नहीं होतीं। शुरूआत में माता पिता इसे बच्चे की शरारत या जिज्ञासा समझकर नजरअंदाज कर सकते हैं लेकिन अगर बच्चा बार बार ऐसी चीजें खाने की कोशिश कर रहा है तो इस आदत पर ध्यान देना जरूरी है। विशेषज्ञों के अनुसार गैर खाद्य चीजों को लगातार खाने की इच्छा जैसी स्थिति से जुड़ी हो सकती है। इसके अलावा शरीर में आयरन की कमी या एनीमिया जैसे पोषण संबंधी कारणों की भी जांच की जरूरत पड़ सकती है।

बच्चे के चूना खाने के पीछे कई वजहें हो सकती हैं। छोटे बच्चे अक्सर आसपास की चीजों को देखकर और उन्हें छूकर समझने की कोशिश करते हैं इसलिए कभी कभी जिज्ञासा के कारण भी वे दीवार से निकला चूना मुंह में डाल सकते हैं। लेकिन अगर यह व्यवहार लगातार बना हुआ है और बच्चा चूने के अलावा मिट्टी चॉक या अन्य गैर खाद्य वस्तुएं भी खाने लगा है तो इसे सामान्य आदत मानकर छोड़ना ठीक नहीं है। ऐसी स्थिति में बाल रोग विशेषज्ञ से सलाह लेना बेहतर होता है ताकि बच्चे की स्थिति और पोषण संबंधी जरूरतों को समझा जा सके।



चूना खाने से बच्चे के स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल असर पड़ सकता है। चूने के प्रकार और निगली गई मात्रा के आधार पर परेशानी अलग अलग हो सकती है। कुछ मामलों में पेट दर्द उल्टी कब्ज या पाचन तंत्र से जुड़ी समस्याएं हो सकती हैं। अगर बच्चे ने अधिक मात्रा में चूना निगल लिया है या उसके मुंह में जलन दर्द उल्टी अथवा सांस लेने जैसी परेशानी दिखाई दे रही है तो इसे हल्के में नहीं लेना चाहिए और तत्काल चिकित्सा सहायता लेनी चाहिए।

बच्चे को इस आदत से बचाने के लिए सबसे पहले घर का वातावरण सुरक्षित बनाना जरूरी है। जहां से दीवार का चूना निकल रहा है उसे जल्द ठीक करवाएं और घर में रखा चूना पेंट पुट्टी या ऐसी दूसरी सामग्री बच्चे की पहुंच से दूर रखें। बच्चे को बार बार डांटने या डराने के बजाय प्यार से समझाएं और उसका ध्यान किसी खेल खिलौने या दूसरी गतिविधि की तरफ मोड़ें। इससे धीरे धीरे उसकी आदत को कम करने में मदद मिल सकती है।

बच्चे के भोजन पर भी ध्यान देना जरूरी है। उसकी उम्र और जरूरत के अनुसार आयरन प्रोटीन और अन्य पोषक तत्वों से भरपूर संतुलित आहार देना चाहिए। हरी सब्जियां दालें चना राजमा अंडा और दूसरे पौष्टिक खाद्य पदार्थ बच्चे की डाइट का हिस्सा बनाए जा सकते हैं। हालांकि केवल चूना खाने की आदत देखकर माता पिता को खुद से आयरन या कोई दूसरा सप्लीमेंट शुरू नहीं करना चाहिए। जरूरत होने पर डॉक्टर जांच के बाद उचित सलाह दे सकते हैं।

अगर बच्चा लगातार चूना मिट्टी चॉक या अन्य गैर खाद्य चीजें खाता है तो बाल रोग विशेषज्ञ से परामर्श लेना सबसे बेहतर कदम है। समय रहते कारण समझने और सही उपाय अपनाने से इस आदत को नियंत्रित किया जा सकता है। माता पिता का धैर्य बच्चे की सुरक्षा और जरूरत पड़ने पर डॉक्टर की सलाह इस समस्या से निपटने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।

धर्म-आस्था

# मोर, कौआ, हंस और गिरगिट को किन देवताओं ने क्या वरदान दिये?

महाबली रावण के जीवन से सम्बन्धित अनेक रोचक कथाएँ हमें पढ़ने के लिए प्राप्त होती रहती हैं। एक ऐसी ही रोचक कथा महर्षि वाल्मीकि कृत रामायण के उत्तरकाण्ड के अठारहवें सर्ग में पढ़ने को प्राप्त होती है। एक बार की कथा है कि वेदवती ने जब अग्नि में प्रवेश कर लिया तो रावण पृथ्वी पर आया। यहाँ आने के लिए उसने पुष्पक विमान का उपयोग किया। वह उशीरबीज नामक देश में आया। उसने वहाँ देखा कि राजा मरुत्त देवताओं के साथ बैठकर यज्ञ कर रहे थे। यज्ञ कराने में प्रमुख भूमिका बृहस्पति के भाई, धर्म के ज्ञाता ब्रह्मर्षि संवर्त निभा रहे थे। वहाँ सम्पूर्ण देवता भी उपस्थित थे-



डॉ. नरेन्द्र मेहता (दैनिक अवन्तिका)

संवर्तो नाम ब्रह्मर्षि साक्षाद् भ्राता बृहस्पतेः।
याजयामास धर्मज्ञः सर्वैर्देवगणैर्वृत्तः।। 3।।
(वाल्मीकि रामायण, उत्तरकाण्ड, सर्ग 18-3)

राक्षस रावण को जीतना कठिन था क्योंकि उसे ब्रह्मा का वरदान प्राप्त था, अतः सभी देवता भयभीत हो गये और सभी ने तिर्यग योनि में प्रवेश कर लिया। इन्द्र मोर बने, धर्मराज कौआ बने और कुबेर गिरगिट हो गये तथा वरुण ने हंस का रूप धारण कर लिया-

इन्द्रो मयूरः संवृत्तो धर्मराजस्तु वायसः।
कृकलासो धनाध्याक्षो हंसश्च वरुणोऽभवत।।5।।
(वाल्मीकिरामायण उत्तरकाण्ड सर्ग 18-5)

हे राम! सुनो इस प्रकार कई देवताओं ने अलग-अलग रूप धारण कर लिया। रावण का प्रवेश यज्ञ मंडप में ऐसा था जैसे कोई अपवित्र श्वान यज्ञ स्थान में प्रवेश कर रहा हो। वहाँ पहुँचकर रावण ने राजा मरुत्त से कहा कि तुम मेरे साथ युद्ध करो या अपनी पराजय स्वीकार कर लो। यह बात सुनकर मरुत्त ने रावण से उसका परिचय पूछा तो उसने अपने आपको कुबेर का छोटा भाई निरुपित किया। रावण को आश्चर्य हुआ कि उसका नाम सुनकर भी मरुत्त को कोई भय नहीं हुआ। इसलिए रावण मरुत्त के व्यवहार से प्रसन्न हो गया। रावण बड़े गर्व से कहता है उसने अपने बड़े भाई कुबेर को रणभूमि में पराजित करके उससे पुष्पक विमान छीन लिया है। मरुत्त कहते हैं कि वास्तव में आप धन्य हैं, जो बड़े भाई से युद्ध कर उन्हें पराजित कर दिया। उनका विमान भी अधिकारपूर्वक ले लिया। तीनों लोकों में तुम जैसा पुरुष नहीं है। तुम्हारे जैसा कार्य करने वाले मैंने कभी नहीं देखे हैं। तुम बुद्धिहीन हो और यहाँ से जीवित नहीं जा सकते हो। मैं अपनी तीक्ष्ण बाणों से तुम्हें यमलोक पहुँचा दूँगा।

श्रुतपूर्वं हि न मया भाषसे यादृशं स्वयम।
तिष्ठेदानीं न में जीवन प्रति यास्यसि दुर्मते।।9।।
(वाल्मीकिरामायण-उत्तरकाण्ड सर्ग 18-3 1/2)

राजा मरुत्त धनुष बाण लेकर युद्ध करने के लिये रवाना हुए तो महर्षि संवर्तन ने उनका मार्ग रोक लिया। महर्षि संवर्तन ने मरुत्त को समझाते हुए कहा कि इस समय उससे युद्ध करना उचित नहीं है। माहेश्वर यज्ञ जो इस समय चल रहा हूँ इसे पूर्ण करना आवश्यक है। यज्ञ में दीक्षित पुरुष क्रोध नहीं कर सकते हैं। वह राक्षस दुर्जेय है और युद्ध में किसकी विजय होगी यह बात भी संदिग्ध है। मरुत्त ने धनुष बाण त्याग दिये और यज्ञ कार्य सम्पन्न करने के लिए चल दिये।

शुक ने मरुत्त को पराजित मान कर यह स्वीकार कर लिया कि रावण विजयी हो गया है। उसने हर्ष में सिंहनाद कर दिया। रावण ने युद्ध में पधारे हुए महर्षियों का भक्षण कर लिया और सहर्ष पृथ्वी पर घूमने लगा-

तान् भक्षयित्वा तत्रस्थान महर्षीन यज्ञमागतान।
पितृप्तो रुधिरैस्तेषां पुनः सम्प्रययौ महीम।।20।।
(वाल्मीकि रामायण उत्तरकाण्ड सर्ग 18/20)

जब रावण वहाँ से चला गया तो सभी देवता अपने स्वरूप में प्रकट हो गये। मोर बनने वाले इन्द्र ने मोर से कहा तुम सर्प से भयमुक्त हो गये हो। तुम्हारे पंख बहुत सुन्दर होंगे। मेरे सहस्त्र नेत्र इनको सुन्दर बना देंगे। जब वर्षा होगी तो तुम्हारी प्रसन्नता बढ़ जाएगी। कहा जाता है कि इन्द्र के इस वरदान के पूर्व मोर के पंख केवल नीले रंग के थे। यमराज, कौआ बने बैठे थे। तब धर्मराज ने उससे कहा कि तुम्हें मृत्यु का भय नहीं होगा। मनुष्य आदि कोई भी प्राणी तुम्हारा वध नहीं करेंगे। यमलोक में आये हुए मानव जो भूख से पीड़ित हैं, उनके वंशज पृथ्वी पर तुम्हें भोजन कराएंगे तब तुम्हें तृप्ति प्राप्त होगी। वरुण ने भी हंस को कहा तुम्हारे शरीर का रंग चन्द्रमंडल के समान शुभ्र फेन के समान सुन्दर होगा। जल का आश्रय लेकर तुम अनुपम रूप से प्रसन्न रहोगे।

## इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 6500 से 6600 विशाल 6300 से 6400 मसूर 6000 महाराष्ट्र सफेद 7700 से 7900 महाराष्ट्र लाल 8000 से 8200 कर्नाटक 8100 से - 8300 निमाड़ी तुअर 6500 से 7600 मूंग बेस्ट गर्मी 7200 से 7500 मूंग बेस्ट बोल्ड 7600 से 7800 मीडियम बोल्ड 7400 से 7600 मोगर 5500 से 6500 उड़द बोल्ड 9300 से 9500 उड़द गर्मी 8600 से 9300 ग्रेविटी क्लीन 9700 से 10000 हल्का उड़द 4000 से 6000 काबुली डॉलर 7500 से 8800 काबुली रशियन 6100 से 6200 बिटकी 5300 से 5400 सरसों निमाड़ी 8100 से 8300 रायडा 7100 से 7200 करंज 5000 से 5200 सोयाबीन 7000 टोली 5300 से 5400 अलसी 8500 से 9000 तिल्ली 8000 से 9000 गेहूं मिल क्वालिटी 2500 से 2550 लोकबन 2750 से 2800 पूर्णा 2550 से 2600 मालवराज 2600 से 2650 मक्का 1975 से 2000 चना दाल 7400 से 7500 मीडियम 7800 से 7900 बेस्ट 8000 से 8300 तुअर दाल 7300 से 7500 मीडियम 8400 से 8700 बेस्ट 9900 से 10100 एक्स्ट्रा बेस्ट -10900 से 11000 ब्रांडेड 12500 मूंग दाल 8900 से 9000 रुपए।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 700 से 800 ज्योति राशन आलू 500 से 600 गुल्ला 300 से 400 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1200 से 1300 पुराना 800 से 1000 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 300 से 400 प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एक्स्ट्रा सुपर 13500 से 14000 देशी 10000 से 11000 एवरेज 8000 बारीक 4000 रुपए क्विंटल।

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 2462-2946, काबली- 5130-8211, बड़ा- 4570-5600, मसूर- 5801-7271, सरसो- 7050-7601, सोयाबीन 3536-7381, तुवर- 4250-4250, तिल्ली- 10491-11001, मावा- 300 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्र्ड- 1,49,600 रवा- 1,49,400 चांदी- टंच- 2,35,500 पाट- 2,34,500।

## उज्जैन किराना


**अशोक कुमार भगवानदास**

**152 फवारा चौक उज्जैन**


किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती 75 से 200, तिबार 68 से 130, पोनिया 55 से 85, टुकडी 32 से 65, शेला 36 से 38, परमल 35 से 44, तुवर दाल निमाडी 135 महाराष्ट्र 105 से 120, तुवर दाल 80 से 120, मूंगदाल 85 से 110, मोगर 95 से 120, उड़द मोगर 110 से 120, उडद दाल 95 से 100, मसूरदाल 75 से 78, चना दाल 72 से 80 ।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com

## न्यूज कालम



### मक्सी-झोकर मार्ग पर बिजली के पोल में करंट फैलने से सांड की मौत

**शाजापुर।** बिजली पोल में करंट फैलने से सांड की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार बुधवार को मक्सी-झोकर मार्ग स्थित रेलवे स्टेशन के पीछे एक बिजली के पोल में करंट उतर आया जिससेएक सांड की दर्दनाक मौत हो गई। यह घटना घनी आबादी वाले इलाके में हुई है, जिसके बाद से स्थानीय रहवासियों में विद्युत विभाग की कार्यप्रणाली को लेकर भारी रोष है। नागरिकों का आरोप है कि विभाग को कई बार शिकायत करने के बावजूद समस्या का कोई स्थायी समाधान नहीं किया गया, जिसका नतीजा इस हादसे के रूप में सामने आया है। स्थानीय लोगों के मुताबिक, यह क्षेत्र सघन आबादी वाला है और दिनभर यहां से बच्चों सहित बड़ी संख्या में लोगों की आवाजाही रहती है। बारिश के मौसम में बिजली के पोल में इस तरह करंट फैलने से किसी बड़ी जनहानि की आशंका लगातार बनी हुई है। घटना के बाद आक्रोशित क्षेत्रवासियों ने विद्युत विभाग के आला अधिकारियों से मांग की है कि तत्काल प्रभाव से पोल और संबंधित लाइन का स्थायी सुधार किया जाए, भविष्य के हादसों को रोकने के लिए पूरे क्षेत्र की बिजली व्यवस्था की तकनीकी जांच हो। लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों के खिलाफ सख्तअनुशासनात्मक कार्रवाई की जाए।

### नगर परिषद द्वारा नगर में बड़े हनुमान चौक से तिरंगा यात्रा निकाली गई




**भौरासा।** शासन ओर प्रशासन के हर घर तिरंगा अभियान के आदेशानुसार एवं राष्ट्र एकता प्रेम भावना के चलते नगर परिषद के तत्वाधान में साथ ही शासकीय स्कूल के छात्र छात्राओं ओर नगर के समस्त जनप्रतिनिधियों,नगर के गणमान्य नागरिक, आमजन के साथ एक विशाल रैली के रूप में राष्ट्रीय गीतों की ताल से कदम ताल मिलाते हुए बड़े हनुमान चौक से यात्रा प्रारंभ हुई जो नगर मुख्य मार्गों से होती हुई बस स्टैंड से स्कूल ग्राउंड पर समाप्त हुई यात्रा में सैकड़ों विद्यार्थियों के साथ आमजन उपस्थित हुए जिसका नगर में जगह जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया यात्रा में मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष प्रतिनिधि अनिल चावड़ा,परिषद अध्यक्ष संजय जोशी, उपाध्यक्ष जयसिंह राणा सभी क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकानाएं दी साथ ही यात्रा के दौरान नायब तहसीलदार जागृति जाट,मुख्य नगर परिषद अधिकारी प्रमिला ठाकुर,एवं प्रमोद पालीवाल, एल्डरमैन प्रदीप मंत्री,नरेंद्र माली,अरविंद पौराणिक, समस्त पार्षदगण शिक्षक,शिक्षिकाएं, परिषद के कर्मचारीगण तिरंगा यात्रा सम्मिलित हुए।

### होजरी दुकान के ताले तोड़कर चोरों ने 40 हजार नकद व चांदी के सिक्के ले गए



**देवास।** देवास के नाहर दरवाजा थाना क्षेत्र में रामद्वारे के सामने स्थित एक होजरी दुकान में चोरी हो गई। चोर दुकान के ताले तोड़कर नकदी और चांदी के सिक्के ले गए। दुकान संचालक को घटना की जानकारी सुबह हुई। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई।सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है। 40 हजार कैश और चांदी के सिक्के चुराए दुकान संचालक ने बताया कि चोर करीब 40 हजार रुपए नकद और चांदी के सिक्के चुरा ले गए। उन्होंने बताया कि उनकी दुकान में पहले भी चोरी हो चुकी है। दुकान संचालक जैन के अनुसार, कुछ समय पहले दुकान के पीछे लगे वाटर कूलर का कंप्रेसर भी चोरी हो गया था। उस समय सीसीटीवी फुटेज सहित पुलिस को आवेदन दिया गया था।एक ही दुकान में दोबारा चोरी होने के बाद क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं। पुलिस फिलहाल सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों की तलाश कर रही है।

## 7 किलोमीटर लंबी तिरंगा यात्रा में दिखा अदभूत उत्साह, घोड़े पर सवार रानी लक्ष्मीबाई और भारत माता बनीं आकर्षण का केंद्र

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ शाजापुर





स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में जब शहर की सड़कों पर 20 हजार से अधिक लोगों का विशाल हुजूम हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लिए निकला, तो पूरा नगर वंदे मातरम और भारत माता की जय के जयघोष से गूंज उठा। देशभक्ति के नारों के बीच विद्यार्थी, जनप्रतिनिधि, मातृशक्ति और आम नागरिकों ने इस ऐतिहासिक तिरंगा यात्रा में कदम से कदम मिलाकर यह साबित कर दिया कि तिरंगा सिर्फ एक ध्वज नहीं, बल्कि हर हिंदुस्तानी की धड़कन है। हर घर तिरंगा अभियान के तहत निकाली गई इस यात्रा में मानों पूरा शहर देशभक्ति के रंग में रंगा हुआ सड़क पर उतर आया। इस विशाल तिरंगा यात्रा का शुभारंभ दुपाड़ा रोड से हुआ। क्षेत्रीय विधायक अरूण भीमावद, कलेक्टर ऋजु बाफना और पुलिस अधीक्षक प्रियंका शुक्ला ने हरी झंडी दिखाकर यात्रा को रवाना किया। यात्रा के शुभारंभ पर विधायक अरूण भीमावद ने विशाल जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि, तिरंगा हमारी आन, बान और शान का प्रतीक है। शाजापुर की सड़कों पर उमड़ा यह जनसैलाब हमारे नागरिकों की अटूट राष्ट्रभक्ति का प्रमाण है।

यात्रा दुपाड़ा रोड से शुरू होकर ट्रैफिक पॉइंट, बस स्टैंड, नई सड़क, आजाद चौक, छोटा चौक, सोमवारिया, मगरिया होते हुए वापस बस स्टैंड से शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय के ग्राउंड पहुंची। पूरे यात्रा मार्ग पर विभिन्न सामाजिक संगठनों और शहर वासियों ने पुष्पवर्षा कर इस जनसैलाब का ऐतिहासिक स्वागत किया। देशभक्ति का जोश इतना था कि विधायक भीमावद, कलेक्टर बाफना और एसपी शुक्ला भी पूरे रास्ते आमजनों के साथ कदमताल करते हुए ओजस्वी नारे लगाए।

## नागदा पहाड़ी पर दिनदहाड़े दिखा तेंदुआ:कार सवारों ने बनाया वीडियो

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ देवास

देवास नागदा की पहाड़ी पर गुरुवार दोपहर एक बार फिर तेंदुआ नजर आया। कार से गुजर रहे कुछ लोगों ने पहाड़ी क्षेत्र के खुले हिस्से के पास तेंदुए को देखा और मोबाइल कैमरे में उसका वीडियो रिकॉर्ड कर लिया। करीब एक मिनट के वीडियो में तेंदुआ साफ दिखाई दे रहा है, जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

वायरल वीडियो में तेंदुआ पहाड़ी के पास कुछ देर तक घूमता हुआ दिखाई दे रहा है। कार में सवार लोगों ने सुरक्षित दूरी बनाए रखते हुए उसका वीडियो बनाया। कुछ देर बाद तेंदुआ झाड़ियों की ओर चला गया और नजरों से ओझल हो गया। दिन के समय तेंदुए के खुले इलाके में दिखाई देने से आसपास के किसानों और ग्रामीणों में चिंता बढ़ गई है। खास बात यह है कि कुछ दिन पहले भी नागदा पहाड़ी क्षेत्र में तेंदुए की मौजूदगी दर्ज की गई थी। क्षेत्र में तेंदुए की लगातार मौजूदगी को देखते हुए किसानों और स्थानीय लोगों से विशेष सावधानी बरतने की अपील की गई है।

ग्रामीणों को अकेले पहाड़ी या घनी झाड़ियों वाले इलाकों में जाने से बचने की सलाह दी गई है। वहीं, तेंदुआ दिखाई देने पर उसके करीब जाने या उसे छेड़ने के बजाय सुरक्षित दूरी बनाए रखने की सलाह दी गई है। लगातार तेंदुए की मौजूदगी को देखते हुए पहाड़ी और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में अतिरिक्त सतर्कता बरतने की जरूरत बताई जा रही है।

## उफनते नाले में बहा युवक, ग्रामीणों ने बचाई जान

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ शाजापुर



जिले के अकोदिया क्षेत्र में हो रही भारी बारिश के कारण नदी-नाले पूरे उफान पर हैं। इस बीच गुलाना तहसील के ग्राम मुरादपुर पथरिया में एक बड़ा हादसा ग्रामीणों की सूझबूझ और तत्परता से टल गया। हरिओम गुर्जर नामक युवक उफनते नाले के तेज बहाव में बहने लगा था, जिसे ग्रामीणों ने अपनी जान पर खेलकर सुरक्षित बाहर निकाल लिया।

इस घटना ने गांव में बुनियादी सुविधाओं के अभाव को एक बार फिर उजागर कर दिया है, जिसके बाद ग्रामीणों ने प्रशासन से नाले पर स्थायी पुलिया निर्माण की मांग तेज कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मुरादपुर पथरिया निवासी हरिओम गुर्जर जंगल में बने एक मकान से दूध लेकर लौट रहा था। इसी दौरान नाले का जलस्तर और पानी का बहाव अचानक बढ़ गया। जलभराव के बीच संतुलन बिगड़ने से हरिओम सीधे नाले में गिर गया। तैरना न आने के कारण वह पानी के तेज बहाव में बहने लगा और मदद के लिए शोर मचाया। उसकी आवाज सुनकर नाले के दूसरे किनारे पर मौजूद ग्रामीणों ने तत्काल मोर्चा संभाला। कुछ साहसी ग्रामीणों ने बिना देर किए तेज बहाव के बीच पानी में छलांग लगा दी और हरिओम को किसी तरह लहरों के बीच संभाला, जबकि किनारे पर खड़े अन्य लोगों ने उसे सुरक्षित बाहर खींचने में मदद की। सही समय पर मिली इस सामूहिक मदद के कारण युवक की जान बच सकी। इस घटना ने गांव की उस पुरानी और गंभीर समस्या को फिर से सतह पर ला दिया है, जिसका सामना यहां के लोग पीढ़ियों से कर रहे हैं। करीब 200 परिवारों की आबादी वाले इस गांव की लगभग ८० प्रतिशत कृषि भूमि नाले के दूसरी ओर स्थित है। इसके अलावा चार-पांच परिवारों ने नाले के पार जंगल में मकान भी बना रखे हैं। ग्रामीणों को रोजाना खेतों तक जाने और मवेशियों के लिए चारा-दूध लाने के लिए अपनी जान जोखिम में डालकर इसी नाले को पार करना पड़ता है।



### 17 वर्षीय किशोरी ने फिनायल पिया

**देवास।** देवास शहर के जय शिव नगर में बुधवार रात एक 17 वर्षीय किशोरी ने फिनायल पी लिया। उसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। सूचना मिलने पर नाहर दरवाजा पुलिस मौके पर पहुंची। बताया जा रहा है कि किशोरी का रसलपुर निवासी एक युवक से संपर्क था। बुधवार रात युवक उससे मिलने जय शिव नगर पहुंचा था। इसी दौरान मोहल्ले के लोगों ने उसे पकड़ लिया।घटनाक्रम के बीच किशोरी ने कथित तौर पर फिनायल पी लिया। इसके बाद उसे तत्काल जिला अस्पताल ले जाया गया। सूचना मिलने पर नायब तहसीलदार भी अस्पताल पहुंचे। उन्होंने किशोरी और उसके परिजनों से घटना की जानकारी ली। बजरंग दल के कार्यकर्ता भी अस्पताल पहुंचे और युवक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।पुलिस के अनुसार, पूरे मामले की जांच की जा रही है। किशोरी और युवक के बीच संपर्क सहित अन्य पहलुओं की जानकारी जुटाई जा रही है। जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### आगर में रिटायर्ड सैनिकों ने निकाली तिरंगा यात्रा

**आगर मालवा।** आगर-मालवा में गुरुवार को भूतपूर्व सैनिक कल्याण संगठन की ओर से 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस यात्रा का मुख्य मकसद लोगों में राष्ट्रीय एकता और देशप्रेम का संदेश फैलाना था। रैली में पूर्व सैनिकों के साथ-साथ करणी सेना, भारत विकास परिषद के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में शहर के लोग शामिल हुए। पूरे रास्ते 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम' के नारों से माहौल गुंजायमान रहा। यह तिरंगा यात्रा अंबेडकर परिसर (छावनी नाका) से शुरू हुई। हाथों में तिरंगा थामे पूर्व सैनिक और लोग शहर के मुख्य रास्तों से होते हुए आगे बढ़े।

## कलेक्टर ने हाई स्कूल आंबादेव में स्मार्ट क्लास का किया निरीक्षण

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ आगर मालवा

जन विश्वास अभियान के तहत जिला कलेक्टर डॉ. शेर सिंह मीना ने आज ग्राम आंबादेव का भ्रमण कर हाई स्कूल का आकस्मिक निरीक्षण किया। हाई स्कूल आंबादेव के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने कक्षा 10वीं की स्मार्ट क्लास में छात्र-छात्राओं से संवाद किया। उन्होंने विद्यार्थियों से पाठ्य पुस्तक वितरण की जानकारी ली और बोर्ड कक्षाओं में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं की करियर काउंसलिंग करवाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने शेष रहे विद्यार्थियों को भी तत्काल पाठ्य पुस्तकें उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में पदस्थ 9 शिक्षकों में से केवल 4 शिक्षक ही उपस्थित पाए गए। इस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कलेक्टर डॉ. मीना ने जिला पंचायत सीईओ श्री बी.एस. सोलंकी को निर्देश दिए कि अनुपस्थित शिक्षकों के अवकाश आवेदनों का परीक्षण कर दोषी शिक्षकों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाए। इससे पूर्व कलेक्टर श्री मीना ने ग्राम आंबादेव का भ्रमण कर 'हर घर नल से जल' समूह जलप्रदाय योजना के तहत ग्रामीणों के घरों में नल कनेक्शन उपलब्ध कराने एवं रोड रेस्टोरेशन के कार्यों का अवलोकन किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण रेस्टोरेशन कार्य करवाने तथा प्रत्येक घर पर स्टैंड बनाकर नल का टेप लगवाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने ग्रामीणों से संवाद कर प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत चल रहे निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया और आवास निर्माण कार्य को तेजी से पूर्ण करवाने के निर्देश दिए।

## मुख्यमंत्री ने आगर में भव्य कलश यात्रा में वर्चुअल सहभागिता की

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ आगर मालवा

आगर-मालवा जिले में ज्विधायक श्री मधु गेहलोत के आह्वान पर आयोजित 51 हजार कलश यात्राच में आज जनसैलाब उमड़ पड़ा। इस भव्य कलश यात्रा में हजारों लाडली बहनों एवं श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि च्सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास की भावना के साथ यदि हम आगे बढ़ेंगे तो निश्चित रूप से बाबा महाकाल एवं बाबा बैजनाथ का आशीर्वाद हमें अवश्य मिलेगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार महिलाओं के सम्मान, शिक्षा और सुरक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। लाडली बहना योजना की राशि भी बहनों को शीघ्र ही प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि धार्मिक उत्सव और इस तरह के आयोजन हमारी सनातन संस्कृति को जागृत करने का सशक्त माध्यम हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सिंहस्थ 2028 में उज्जैन आने वाले लाखों श्रद्धालुओं के लिए आगर एक महत्वपूर्ण पड़ाव के रूप में विकसित होगा। प्रदेश और जिले के विकास के लिए सरकार तेजी से काम कर रही है। ज्सड़क, बिजली और पानी की पर्याप्त उपलब्धता के कारण आगर के किसान आज उन्नत खेती कर रहे हैं। विकास के मामले में भी आगर जिला प्रदेश में नंबर वन बनकर उभरा है।

### आगर को नम्बर-वन क्षेत्र बनाएंगे-गेहलोत

विधायक श्री मधु गेहलोत ने अपने उद्बोधन में कहा कि चार माह बाद निर्धन कन्याओं का आगर में निःशुल्क सामुहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि विधायक वेतन से आगर विधानसभा क्षेत्र में 23 निर्धन परिवारों को मकान बनाकर उपलब्ध करवाएं गए है। क्षैत्र के विभिन्न गांवों में सामाजिक कार्यों के लिये टीनशेड भी बनाएं है। विधायक ने कहा कि आगर क्षेत्र को विकास के मामले में नम्बर-1 बनाने का हरसंभव प्रयास किया जा रहा हैं। उन्होंने कलश यात्रा में एक आव्हान पर बड़ी संख्या में महिलाओं की सहभागिता उनका धन्यवाद भी ज्ञापित किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मुन्नाबाई चौहान, जिलाध्यक्ष श्री ओम मालवीय सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। इस मौके पर जनप्रतिनिधि श्री भैरूसिंह चौहान, श्री जितेन्द्र सिंह, श्री गोविन्द सिंह बरखेड़ी, श्री चिन्तामण राठौर सहित अन्य जनप्रतिनिधि, पत्रकारगण,पुलिस और प्रशासन के अधिकारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन एवं महिलाएं उपस्थित थी ।


**न्यायालय तहसीलदार, तहसील शुजालपुर, जिला- शाजापुर (म.प्र.)**

क्रमांक/रीडर-1/2026/968
शुजालपुर, दिनांक 11/08/2026

**सूचना**

एतद द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय में प्रचालित वसीयत नामांतरण प्रकरण क्रमांक 1044/अ-6/2026-27 वसीयतग्रहिता अमन परमार पिता कमलसिंह परमार जाति पंवार निवासी वार्ड क्रमांक 10 रायकनपुरा शुजालपुर सिटी तहसील शुजालपुर का इस न्यायालय में वसीयत नामांतरण हेतु वाद प्रचालित है। उक्त प्रकरण में **वसीयतकर्ता समन्दसिंह पिता रामसिंह जाति पंवार निवासी शुजालपुर सिटी** द्वारा ग्राम **झिरन्या स्थित भूमि सर्वे क्रमांक 138/2 रकबा 0.073, 148/5 रकबा 0.470, 21/1 रकबा 0.732, 92/2/1 रकबा 0.911 हे0 कुल किता 04 कुल रकबा 2.189 व कस्बा शुजालपुर स्थित भूमि सर्वे क्रमांक 932/1 रकबा 0.115, 931/2/मिन-1 रकबा 0.058 कुल किता 02 कुल रकबा 0.173 हे0 वसीयकर्ता का हिस्सा का प्लाट जिसकी लम्बाई 290 लम्बाई 290 फीट एवं चौडाई 46 फीट है।** भूमि वसीयतकर्ता द्वारा वसीयतग्रहिता अमन परमार को रजिस्ट्री वसीयतनामा से वसीयत की है।

उक्त संबंध में वसीयतकर्ता समन्दसिंह पिता रामसिंह जाति पंवार निवास शुजालपुर सिटी के कोई विधिक् वारिसन व उक्त भूमि का वसीयतनामा पर किसी प्रकार से कोई आपत्ति हो तो दिनांक **18/08/2026** को तहसील कार्यालय शुजालपुर जिला शाजापुर म.प्र. में उपस्थिति हो।

**तहसीलदार**
**तहसील शुजालपुर**


### महिलाओं ने तंबोला और नृत्य प्रतियोगिता में लिया भाग

**आगर मालवा।** अग्रवाल समाज महिला मंडल छावनी द्वारा बुधवार को सिंधारा तीज के अवसर पर अग्रवाल धर्मशाला छावनी में कार्यक्रम आयोजित किया गया। महिलाओं ने तंबोला खेला और नृत्य प्रतियोगिता में भाग लिया। कार्यक्रम में महिलाएं 16 श्रृंगार कर पहुंचीं। पारंपरिक परिधान और श्रृंगार में सजी महिलाओं ने अपनी सुंदरता और उत्साह से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। तंबोला और नृत्य प्रतियोगिता के दौरान महिलाओं में खासा उत्साह नजर आया।


**जाहिर सूचना सौदा निरस्ती हेतु**

सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता नरेन्द्र कुमार बैरवा पिता रामलाल बैरवा निवासी 173 पांवापुरीधाम इन्दौर रोड उज्जैन ने उनके द्वारा क्रय भुखंड क्रमांक 173 जो कि अमरीश नगर जिला उज्जैन मे स्थित होकर जिसका कुल क्षेत्रफल 135.31 वर्गमीटर को विक्रय करने का अनुबंध दिंनाक 11.08.2026 को क्रेता से किया था तथा उक्त सोदे बाबत क्रेता ने विक्रेता को बयाना राशि अदा की थी। उक्त सोदे बाबत दिंनाक 12.08.2026 को क्रेता व विक्रेता द्वारा दैनिक अवंतिका समाचार पत्र मे जाहिर सूचना प्रकाशित करवाई थी। किसी कारणवश उक्त सोदा क्रेता व विक्रेता की आपसी सहमति से आज दिंनाक 13.-8.2026 को निरस्त हो गया है जिसमे क्रेता को कोई आपत्ति नही है तथा विक्रेता ने प्राप्त बयाना संपूर्ण राशि क्रेता को लोटा दी है। आज दिनांक के पश्चात उक्त सोदे बाबत कोई दावा आपत्ति, दावा, क्लेम क्रेता व विक्रेता द्वारा नही किया जायेगा । उक्त जाहिर सुचना सोदा निरस्ती बाबत क्रेता व विक्रेता द्वारा सोदा निरस्ती अनुबंध पत्र संपादित कर प्रकाशित करवाई गई है । दिनांक 13.08.2026, उज्जैन

**प्रेमलता शर्मा एडवोकेट**
**कार्यालय - भरतपुरी काम्पलेक्स देवास रोड जिला उज्जैन**
**मोबाइल नंबर 98263-54843**



**संकल्प साख सहकारी संस्था मर्यादित, उज्जैन**

**एम.आई.जी. ए 22/10 वेदनगर उजैन शाखा कार्यालय 2 नेहा प्लाजा फ्रीगंज, उज्जैन कार्यालय संकल्प साख सहकारी संस्था मर्यादित उज्जैन जिला उज्जैन**

**क्रमांक/2026** **दिनांक**

**वार्षिक साधारण सभा की सूचना**

**सदस्य महानुभव,**

आपको सूचित किया जाता है कि संस्था के सदस्यों की वार्षिक साधारण सभा दिनांक 15.08.2026 वार शनिवार को समय दोपहर 1.00 बजे से शाखा कार्यालय 2, नेहा प्लाजा फ्रीगंज उज्जैन पर आयोजित की गई है, जिसमें आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है। निर्धारित दिनांक, समय व स्थान पर गणपूर्ति के अभाव में सभा की कार्यवाही आधे घंटे के लिये स्थगित की जावेगी। स्थगित बैठक में गणपूर्ति आवश्यक नहीं होगी। नोट - सभी सदस्यों को सूचना साधारण डाक से भेज दी गई है। जिन्हें सूचना प्राप्त नहीं हुई है, वे इसे सूचना मानकर साधारण सभा में उपस्थित रहने का कष्ट करें।

**प्रबंधक/अध्यक्ष**
**संकल्प साख सहकारी संस्था मर्यादित, उज्जैन (म.प्र.)**



**जाहिर-सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, पी एन बी हाऊसिंग फायनेंस लिमिटेड के समक्ष श्री अजय शर्मा पति श्री ओमप्रकाश शर्मा निवासी-101, लक्ष्मी नगर देवास (म.प्र.) द्वारा भवन क्रमांक 109 क्षेणी एल. आई. जी. जिसका कुल क्षेत्रफल 90.00 वर्गमीटर स्थित विकास नगर देवास (म.प्र.) जिसके पूर्व में भूखण्ड क्रमांक 110, पश्चिम में भूखण्ड क्रमांक 108, उत्तर में भूखण्ड क्रमांक 104 एवं दक्षिण में कॉलोनी का रोड है, उक्त भवन को देवास विकास प्राधिकरण द्वारा पंजीकृत विक्रय लेख दस्तावेज क्रमांक 2508 दिनांक 05.12.2002 के द्वारा मुकेश शर्मा पिता सूरजपाल शर्मा निवासी देवास को विक्रय किया गया, मुकेश शर्मा पिता सूरजपाल शर्मा द्वारा उक्त भवन को पंजीकृत विक्रय पत्र लेख दस्तावेज क्रमांक 2131 दिनांक 04.02.2012 के द्वारा विमला चन्द्रवाल पति संजय चन्द्रवाल को विक्रय किया तत्पश्चात लीज कि अवधि समाप्त हो जाने पर देवास विकास प्राधिकरण द्वारा लीज का नवीनी करण विमला चन्द्रवाल पति संजय चन्द्रवाल के हित में दस्तावेज क्रमांक एमपी10894202ए41362740 दिनांक 21.03.2024 किया गया गया तत्पश्चात विमला चन्द्रवाल पति संजय चन्द्रवाल द्वारा पंजीकृत विक्रय पत्र लेख दस्तावेज क्रमांक एमपी10894202ए41635582 दिनांक 24.05.2024 के द्वारा प्रदीप पाटीदार पिता श्री विक्रम पाटीदार को विक्रय किया गया प्रदीप पाटीदार द्वारा शपथ पर यह कथन किया है कि उपरोक्त मूल दस्तावेज में से दस्तावेज क्रमांक 2508 दिंनाक 05.12.2002 एवं दस्तावेज क्रमांक एमपी 108894202ए41362740 दिनांक 21.03.2024 गुम हो गए है जिसके समबन्ध में पुलिस थाना ओधोयोगिक क्षेत्र थाना देवास में रिपोर्ट भी कि है उक्तह संपत्ति किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निकाय, शासकीय अर्द्धशासकीय संस्था का या स्थानीय शासन का कोई ऋण भार, बोझ, हित, अधिकार, आधिपत्य, डिकी या वारिसान आदि का कोई हक, हित या भार हो या उक्त मूल दस्तावेज किसी व्यक्ति के पास बंधक हो तो वह मय प्रमाण के मुझसे इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर सप्रमाण मुझे कार्यालयीन समय में लिखित में आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा बाद मियाद अवधि उक्त संपत्ति को पी.एन.बी. हाऊसिंग फायनेंस लिमिटेड द्वारा बधक कर लिया जावेगा। तत्पश्चात कोई आपत्ति मेरे पक्षकार के हितों पर बंधनकारक नहीं होगी। सो सूचित हो । दिनांक 13.08.2026

**विवेक गुप्ता एडवोकेट**
**11/1 घटकरपर मार्ग, फीगंज, उज्जैन मप्र**
**मोबाईल नंबर 98272-28461**



**जाहिर-सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, पी. एन. बी. हाऊसिंग फायनेंस लिमिटेड के समक्ष श्रीमती दीपाली ठक्कर पति श्री विष्णु ठक्कर निवासी-50, मानसरोवर, उज्जैन (म.प्र.) द्वारा द्वारा भवन क्रमांक 166 का उ×ार दिशा वाला भाग जिसका कुल क्षेत्रफल 45.00 वर्गमीटर स्थित मालवीकाधाम, उज्जैन (म.प्र.) जिसके पूर्व में-कॉलोनी की सड़क, पश्चिम में-भवन क्रमांक 144, उत्तर में-भूखण्ड क्रमांक 165 एवं दक्षिण में-भवन क्रमांक 166 का शेष भाग है, को रोहित झांझोट पिता श्री पूनमचंद झांझोट से क्रय करने हेतु ऋण सुविधा की मांग की गयी है, संपूर्ण भूखण्ड को मालवीका गृह निर्माण सहकारी संस्था, उज्जैन द्वारा दिनांक 03.03.2013 को यश धनवानी पिता श्री किशनचंद धनवानी को विक्रय किया गया यश धनवानी द्वारा उक्त संपत्ति का उ×ार दिशा वाला भाग जिसका कुल क्षेत्रफल 45.00 वर्गमीटर को दिनांक 12.06.2017 को रोहित झांझोट पिता श्री पूनमचंद जी झांझोट एवं श्रीमती सपना झांझोट पति श्री रोहित झांझोट निवासी-न्यू अशोक नगर, उज्जैन को विक्रय किया गया तत्पश्चात श्रीमती सपना झांझोट पति श्री रोहित झांझोट का स्वर्गवास हो जाने पर उक्त संप×ि उनके एकमात्र उ×राधिकारी पति श्री रोहित झांझोट पिता श्री पूनमचंद झांझोट को उनके वैध उत्तराधिकारी होने के नाते उत्तराधिकार में प्राप्त हुआ है तथा रोहित झांझोट द्वारा स्वयं को स्वर्गीय श्रीमती सपना झांझोट पति श्री रोहित झांझोट का एकमात्र वारिस एवं उ×राधिकारी होना बताया है, तथा उक्त संप×ि पर अपने नाम का नामांतरण उज्जैन नगर पालिक निगम उज्जैन के संपत्तिकर अभिलेखों में दर्ज करवा लिया गया है, यदि उक्त संपत्ति को बंधक किये जाने में अथवा श्रीमती सपना झांझोट पति श्री रोहित झांझोट का अन्य कोई वारिस या उत्ताराधिकारी हो या कोई आपत्ति हो या किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निकाय, शासकीय अर्द्धशासकीय संस्था का या स्थानीय शासन का कोई ऋण भार, बोझ, हित, अधिकार, आधिपत्य, डिक्री या वारिसान आदि का कोई हक, हित या भार हो या उक्त मूल दस्तावेज किसी व्यक्ति के पास बंधक हो तो वह मय प्रमाण के मुझसे इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर सप्रमाण मुझे कार्यालयीन समय में लिखित में आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा बाद मियाद अवधि उक्त संपत्ति को पी. एन. बी. हाऊसिंग फायनेंस लिमिटेड द्वारा बधंक कर लिया जावेगा । तत्पश्चात कोई आपत्ति मेरे पक्षकार के हितों पर बंधनकारक नही होगी । सो सूचित हो ।दिनांकः-13.08.2026

**विवेक गुप्ता एडवोकेट**
**11/1, घटकरपर मार्ग, फ्रीगंज, उज्जैन म.प्र.**
**मोबाईल नंबर-9827228461**

## अब 24 घंटे खुल सकेंगी दुकानें-होटल और मॉल

**भोपाल** मध्य प्रदेश में अब दुकानें, होटल, रेस्टोरेंट, मॉल और दूसरे व्यावसायिक प्रतिष्ठान 24 घंटे और सातों दिन खुले रखे जा सकेंगे। राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने 'मध्य प्रदेश कार्यस्थल सशक्तिकरण संहिता (श्रम शक्ति संहिता), 2026' को मंजूरी दे दी है। हालांकि, इसका मतलब यह नहीं है कि कर्मचारियों से लगातार दिन-रात काम कराया जाएगा। कर्मचारियों की ड्यूटी शिफ्ट में लगानी होगी और तय समय के बाद शिफ्ट बदलनी होगी। नई व्यवस्था में कर्मचारी के काम के घंटे तय रहेंगे। एक सप्ताह में कर्मचारी से अधिकतम 48 घंटे काम कराया जा सकेगा। अतिरिक्त काम के लिए कर्मचारी की सहमति जरूरी होगी और ओवरटाइम का भुगतान भी तय नियमों के मुताबिक करना होगा। इससे लोगों को रात में भी खरीदारी या होटल-रेस्टोरेंट की सुविधा मिल सकेगी। खासतौर पर बड़े मॉल, होटल, रेस्टोरेंट और अन्य प्रतिष्ठानों को 24 घंटे कारोबार करने का मौका मिलेगा।

## एमपी बोर्ड 2027 की मेन एग्जाम का टाइम-टेबल जारी

**भोपाल** मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल ने 13 अगस्त 2026 को 2027 की हाईस्कूल और हायर सेकेंडरी मुख्य परीक्षाओं का टाइम-टेबल जारी किया। 10वीं की परीक्षा 24 फरवरी से 18 मार्च 2027 और 12वीं की 17 फरवरी से 19 मार्च 2027 तक होगी। दोनों कक्षाओं की परीक्षाएं सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तक आयोजित की जाएंगी। हाईस्कूल परीक्षा की शुरुआत 24 फरवरी को भाषा विषयों, चित्रकला, गायन-वादन, तबला-पखावज और कंप्यूटर के पेपर से होगी। 25 फरवरी को के सभी विषय और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की परीक्षा होगी। इसके बाद 27 फरवरी को उर्दू, 2 मार्च को हिंदी, 5 मार्च को गणित, 9 मार्च को अंग्रेजी, 12 मार्च को संस्कृत, 15 मार्च को विज्ञान और 18 मार्च को सामाजिक विज्ञान का पेपर होगा।

## केन-बेतवा प्रभावितों से मिले राहुल, सरकार संवाद करे

**भोपाल** मध्यप्रदेश में केन-बेतवा लिंक परियोजना से प्रभावित पन्ना और छतरपुर के किसानों-आदिवासियों का आंदोलन अब दिल्ली पहुंच गया है। गुरुवार को 20 प्रभावित किसानों ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से करीब 50 मिनट तक मुलाकात की। राहुल गांधी ने कहा कि वे इस मुद्दे को संसद में उठाएंगे और प्रभावित परिवारों के न्यायपूर्ण मुआवजे तथा सम्मानजनक पुनर्वास की मांग करेंगे। मुलाकात में छतरपुर के 11 और पन्ना के 9 किसान प्रतिनिधिमंडल के रूप में शामिल हुए। किसानों ने केन-बेतवा परियोजना के साथ पन्ना की मझगवां बांध और रुंझ परियोजना में विस्थापन और भ्रष्टाचार के आरोप भी राहुल गांधी के सामने रखे।

## तिरंगा यात्रा में 12 स्टूडेंट्स की तबीयत बिगड़ी

**सिंगरौली** सिंगरौली में तिरंगा यात्रा के दौरान 12 स्टूडेंट्स की तबीयत बिगड़ गई। उन्होंने चक्कर आने और कमजोरी महसूस करने की शिकायत की। एक छात्रा को सांस लेने में परेशानी हुई। सभी को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज किया गया। मामला चितरंगी में बुधवार दोपहर का है। इसका वीडियो गुरुवार को सामने आया। तिरंगा यात्रा में पंचायत एवं ग्रामीण विकास राज्यमंत्री राधा सिंह भी मौजूद थीं। ये सुबह 9 बजे शुरू होकर करीब साढ़े 11 बजे खत्म हुई। इसमें सांदीपनि विद्यालय, सरस्वती विद्यालय, एक्सीलेंस स्कूल समेत 8 स्कूलों के 200 से ज्यादा छात्र-छात्राएं शामिल हुए थे। 11वीं के छात्र मनोज सिंह चौहान ने कहा- हमें करीब 6 किलोमीटर दूर पैदल चलकर चितरंगी बाजार तक आना पड़ा। इसके बाद करीब एक घंटे मंत्री के इंतजार में खड़ा रखा गया। इस बीच किसी भी स्टूडेंट को पानी तक नहीं दिया गया।

## वाहन ने 13 गोवंशों को रौंदा 10 की मौत, किया चक्काजाम

**नरसिंहपुर** नरसिंहपुर जिले के तेंदूखेड़ा क्षेत्र में गुरुवार को राष्ट्रीय राजमार्ग-45 पर तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने सड़क पर बैठे 13 गोवंशों को रौंद दिया। हादसा ग्राम ढिलवार के पास जलसा ढाबा के पास हुआ। हादसे में 10 गोवंशों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 3 गंभीर रूप से घायल हैं। घटना की सूचना मिलने पर तेंदूखेड़ा पुलिस और गो संरक्षण अभियान से जुड़े पदाधिकारी मौके पर पहुंचे। गोवंशों की मौत के बाद विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने प्रशासन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते हुए एनएच-45 पर चक्काजाम कर दिया। प्रदर्शनकारियों का आरोप था कि सड़क पर मवेशियों की मौजूदगी को लेकर पहले भी प्रशासन को ज्ञापन दिया गया था, लेकिन सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं किए गए। पदाधिकारियों ने एनएच-45 पर आपातकालीन सुरक्षा के लिए तैनात 1033 वाहन सेवा की उपलब्धता पर भी सवाल उठाए।

## भितरवार गाड़ी रियासत के वंशज ने खुदकुशी की

**ग्वालियर** भितरवार गढ़ी रियासत के शासकों के वंशज हनुमत सिंह राजावत (68) ने ग्वालियर में खुदकुशी कर ली। उन्होंने एकता कॉलोनी में गुरुवार तड़के अपनी लाइसेंसी 315 बोर की राइफल से सीने में गोली मार ली। हनुमत सिंह करीब 20 साल से इसी कॉलोनी में रह रहे थे। उनकी मौके पर ही मौत हो गई।परिजन के मुताबिक, हनुमत सिंह लंबे समय से बीमार थे। पिछले करीब दो महीने से बिस्तर पर ही थे। इससे वे मानसिक रूप से परेशान हो गए थे। पिछले दो-तीन दिन से कह रहे थे कि अब वे जीना नहीं चाहते।वारदात के वक्त हनुमत सिंह की पत्नी उसी कमरे में सो रही थीं। उन्होंने पुलिस को बताया कि रात करीब 3:30 बजे फायरिंग की आवाज से नींद खुली। देखा कि हनुमत सिंह के सीने में गोली लगी है। उनकी राइफल सीने पर ही टिकी है।

# कंठाल-सतीगेट- छत्रीचौक मार्ग के शेष कार्यों में तेजी, वैकल्पिक यातायात मार्ग की बनेगी योजना

### निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने किया निरीक्षण, 150 मीटर पीक्यूसी सड़क का कार्य पूरा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

बाबा महाकाल की राजसी सवारी के मद्देनजर कंठाल चौराहा से सतीगेट होते हुए छत्री चौक तक चल रहे मार्ग चौड़ीकरण एवं निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने दिए हैं। गुरुवार को उन्होंने निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर अधिकारियों से प्रगति की जानकारी ली। निगम द्वारा कार्य को समय पर पूरा करने के लिए दिन के साथ रात्रिकालीन शिफ्ट में भी निर्माण कराया जा रहा है।

निरीक्षण के दौरान बताया गया कि मार्ग पर लगभग 150 मीटर पीक्यूसी सड़क का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। निगम आयुक्त ने शेष पीक्यूसी कार्य में गति बढ़ाकर निर्धारित समय-सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मार्ग चौड़ीकरण के दौरान स्थानीय रहवासियों का सहयोग मिल रहा है, जिससे मंदिर विस्थापन सहित अन्य बाधक कार्यों को समन्वय के साथ पूरा किया जा रहा है।

**कंठाल चौराहे का होगा नया स्वरूप**

कंठाल चौराहा निर्माण कार्य की समीक्षा के दौरान निगम आयुक्त ने बताया कि चौराहे को नया स्वरूप देते हुए पेवर ब्लॉक से विकसित किया जाएगा। निर्माण के दौरान यातायात व्यवस्था प्रभावित न हो, इसके लिए वैकल्पिक यातायात मार्ग की समुचित योजना तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं। श्रद्धालुओं और आम नागरिकों के आवागमन को सुगम बनाए रखना प्राथमिकता रहेगी।

**सतीगेट क्षेत्र में भी निर्माण कार्य तेज करने के निर्देश-** सतीगेट क्षेत्र में निगम आयुक्त ने बाधक भवनों को हटाने, एक ओर खुदाई कर प्रीकास्ट नाली निर्माण तथा दोनों ओर विद्युत पोल शिफ्टिंग के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने शेष कार्य शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। मार्ग के सौंदर्यीकरण के लिए 25 मीटर क्षेत्र में कोबल पत्थर लगाए जाएंगे।

**दिन-रात चल रहा निर्माण कार्य-** निगम आयुक्त श्री अभिलाष मिश्रा ने कहा कि बाबा महाकाल की राजसी सवारी को देखते हुए मार्ग चौड़ीकरण से जुड़े सभी शेष कार्यों को समय पर पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए निगम की टीम दिन एवं रात्रि की शिफ्ट में लगातार कार्य कर रही है। श्रद्धालुओं एवं आम



नागरिकों के लिए सुरक्षित, सुगम और व्यवस्थित आवागमन सुनिश्चित करना निगम की प्राथमिकता है। निरीक्षण के दौरान अधीक्षण यंत्री श्री आर.के. जैन, कार्यपालन यंत्री श्री हिमांशु तिवारी, सहायक यंत्री श्री डी.एस. परिहार, भवन अधिकारी श्री राजकुमार राठौर, सहायक यंत्री श्री दिलीप कुमार नौधने, उपयंत्री राजेंद्र रावत सहित निगम के संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## जैन श्वेतांबर सोशल ग्रुप फेडरेशन का शपथ विधि समारोह आयोजित

**शाजापुर।** जैन श्वेताम्बर सोशल ग्रुप्स फेडरेशन (रजि.) का शपथ ग्रहण समारोह इन्दौर के स्थानीय गार्डन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ तिरंगा थीम की रिल प्रदर्शन से हुआ। इसके पश्चात मंगलाचरण प्रस्तुति में कृतिका जैन एंड ग्रुप का यादगार नवकार महामंत्र मंगलाचरण नृत्य एवं अरिहंत ग्रुप की राष्ट्रीय थीम प्रस्तुति दी। संस्थापक अध्यक्ष विजय पुष्पा मेहता ने आशीर्वचन पश्चात राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष मामा लता जैन को शपथ दिलाई। स्थाई समिति राष्ट्रीय अध्यक्ष शिखरचंद बाफना द्वारा पदाधिकारीयों को एवं पूर्व अध्यक्ष किशोर पोरवाल द्वारा सभी कमेटी चेयरमेन को शपथ दिलाई गई। शाजापुर ग्रुप के मनोज जैन को राष्ट्रीय महासचिव बनाया गया। जैन के राष्ट्रीय महासचिव बनने पर ग्रुप सदस्यों ने बधाई देते हुए स्वागत किया। शपथ विधि समारोह में शाजापुर से 15 दंपति सदस्यों ने भाग लिया। निवृ अध्यक्ष संजय श्वेता छाजेड़ ने स्वागत उद्बोधन के साथ ही नव मनोनीत राष्ट्रीय अध्यक्ष मामा को पिन लगाकर कार्यभार सौंपा। पूर्व अध्यक्ष विजय ललवानी द्वारा शुभकामनाएं दी गई। राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष मामा ने अपने उद्बोधन में में कहा कि सभी दंपतियों का विश्वास, सहयोग एवं स्नेह ही फेडरेशन की सबसे बड़ी शक्ति है। आमंत्रित अतिथियों राजेश चेलावत, स्वप्निल कोठारी, एकता एवं सेवा भाव के साथ.. स्वधर्मी स्वावलंबी योजना को और अधिक सशक्त बनाने का अत्यंत प्रभावशाली संदेश दिया, उनके विचारों ने सभी पदाधिकारी एवं सदस्यों में नई ऊर्जा, प्रेरणा एवं सकारात्मक दिशा का संचार किया।

## ऑनलाइन टास्क के नाम पर 31 लाख की महाठगी

**शाजापुर।** शहर में साइबर ठगों ने एक बड़ी वारदात को अंजाम देते हुए एक व्यक्ति को अपना शिकार बनाया है। ऑनलाइन शॉपिंग कंपनियों (अमेजन-फ्लिपकार्ट) के ऑर्डर पूरे करने पर भारी-भरकम कमीशन का लालच देकर पीड़ित से 31 लाख रुपये से ज्यादा की रकम ऐंठ ली गई। अपनी जीवन भर की गाढ़ी कमाई, प्लॉट बेचने से मिले पैसे और कर्ज लेकर निवेश करने वाला यह कर्मचारी अब न्याय की गुहार लगा रहा है। मामले की गंभीरता को देखते हुए कोतवाली पुलिस ने बुधवार रात केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**इस तरह बुना गया ठगी का जाल**

काछीवाड़ा निवासी पीड़ित योगेंद्र शर्मा द्वारा पुलिस को दी गई शिकायत के अनुसार, उनके एक सहकर्मी विक्रम चौधरी ने उनकी मुलाकात सांपखेड़ा के रहने वाले सुरेश प्रजापति से कराई थी। बीते साल 5 अक्टूबर 2025 को शहीद पार्क गांधी हॉल के पास सुरेश ने योगेंद्र को यह फर्जी योजना समझाई। उसने दावा किया कि कंपनी नामी ई-कॉमर्स साइट्स की तर्ज पर काम करती है और इसके ऑर्डर प्रोसेस करने पर 15 से 20 फीसदी तक का मोटा मुनाफा होता है।

**प्लॉट बेचा, कर्ज लिया और लुटा दिए 31 लाख-** सुरेश के झांसे में आकर योगेंद्र ने 12 अक्टूबर 2025 से 1 मार्च 2026 के बीच अलग-अलग किस्तों में लाखों रुपये ट्रांसफर किए। शुरुआत में छोटे अमाउंट 99,088 और 20,000 रुपये भेजे गए। धीरे-धीरे यह रकम बढ़ती गई। पुलिस रिपोर्ट के मुताबिक, सुरेश से जुड़े फोन नंबरों पर लगभग 3 लाख 18 हजार 988 रुपये और अन्य फर्जी खातों व यूपीआई आईडी पर 27 लाख 84 हजार 651 रुपये डाले गए। पीड़ित ने बताया कि इस 31 लाख 3 हजार 639 रुपये की रकम को जुटाने के लिए उसने अपनी सारी बचत लगा दी, क्रेडिट कार्ड खाली कर दिया, एक प्लॉट बेच दिया और अपने परिचितों से भी उधार लिया।

**30 प्रतिशत अतिरिक्त रकम मांगने पर हुआ शक-** जब योगेंद्र ने अपना मूल पैसा और मुनाफा वापस मांगा, तो आरोपी बहाने बनाने लगे। सुरेश ने कहा कि नई रेटिंग और नए ऑर्डर आने पर ही पैसा मिलेगा। बाद में जिया उर्फ अमृता गुप्ता नाम की एक महिला से फोन पर बात कराई गई, जिसने खुद को कंपनी की प्रतिनिधि बताकर पीड़ित को गुमराह करना जारी रखा। हद तो तब हो गई जब आरोपियों ने फंसा हुआ पैसा निकालने के एवज में कुल रकम का 30 प्रतिशत हिस्सा और जमा करने की शर्त रख दी। इसके बाद योगेंद्र को अपने साथ हुई धोखाधड़ी का अहसास हुआ और उन्होंने तत्काल साइबर हेल्पलाइन 1930 पर संपर्क किया।

**पुलिस कर रही है खातों की जांच-** शिकायत के आधार पर कोतवाली थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस अब उन सभी बैंक खातों, यूपीआई आईडी और मोबाइल नंबरों की डिटेल निकलवा रही है, जिनका इस्तेमाल इस ठगी में किया गया है, ताकि आरोपियों की लोकेशन और पैसे के अंतिम ठिकाने का पता लगाया जा सके।

## खेत के रास्ते पर खड़ी बाइक चोरी के अपराध में संलिप्त फरार आरोपी गिरफ्तार

**शाजापुर।** खेत के रास्ते पर खड़ी बाइक चोरी करने के मामले में फरार चल रहे बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार 07 अगस्त 2026 को फरियादी मोहनलाल पिता सिद्धनाथ, उम्र 45 वर्ष, निवासी डंगीचा ने पुलिस थाना मोहन बड़ोदिया में शिकायत दर्ज कराई थी कि 03 अगस्त 2026 को दोपहर करीब 2.50 बजे वह अपनी बजाज कंपनी की प्लेटिना मोटरसाइकिल से अपने खेत पर खेती-बाड़ी का कार्य करने गया था। उसने मोटरसाइकिल को अपने खेत के बाहर रास्ते पर खड़ा किया था। कुछ देर बाद वापस आने पर मोटरसाइकिल वहां नहीं मिली। कोई अज्ञात चोर उसकी मोटरसाइकिल चोरी कर ले गया, जिसकी कीमत करीब 40,000 रुपये है। फरियादी की रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज किया गया। विवेचना के दौरान पुलिस टीम द्वारा मुख्य आरोपी सोनू पिता लखन कंजर उम्र 26 वर्ष, निवासी माधौपुर कंजर डेरा, थाना सुंदरसी को 08 अगस्त 2026 को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी गई मोटरसाइकिल बरामद की गई थी। अपराध में संलिप्त आरोपी लवकुश उर्फ संतोष सिसोदिया पिता नारायण, जाति कंजर, उम्र 25 वर्ष, निवासी माधौपुर कंजर डेरा, थाना सुंदरसी, घटना दिनांक से फरार चल रहा था।

## स्वतंत्रता दिवस समारोह की फाइनल रिहर्सल संपन्न, देशक्ति के रंग में रंगा स्टेडियम



**शाजापुर।** आजादी के महापर्व स्वतंत्रता दिवस को पूरे हर्षोल्लास और गरिमा के साथ मनाने के लिए जिला मुख्यालय पर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। 15 अगस्त को होने वाले मुख्य समारोह की गुरुवार को फाइनल रिहर्सल की गई। इस दौरान देशभक्ति की धुनों, जवानों की सधी हुई कदमताल और स्कूली बच्चों की रंगारंग प्रस्तुतियों ने मुख्य आयोजन की एक शानदार झलक पेश की। कलेक्टर ऋजु बाफना और पुलिस अधीक्षक प्रियंका शुक्ला की विशेष मौजूदगी में यह रिहर्सल संपन्न हुई। रिहर्सल में मुख्य अतिथि की भूमिका निभाते हुए कलेक्टर बाफना ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। राष्ट्रगान जन गण मन और राष्ट्रीय गीत वन्दे मातरम् के सामूहिक गान से पूरा वातावरण देशभक्ति के भाव से ओत-प्रोत हो गया।

**शानदार परेड और पीटी प्रदर्शन ने मोहा मन**

रिहर्सल के दौरान हुई परेड में विशेष सशस्त्र बल, जिला पुलिस बल, होमगार्ड के जवानों और महिला पुलिस बल ने शानदार मार्चपास्ट किया। इनके साथ ही एनसीसी कैडेट्स, रेडक्रॉस और शौर्या दल के छात्र-छात्राओं ने भी पूरे उत्साह के साथ कदमताल की। पुलिस बैंड और एमजी कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल के बैंड दल ने अपनी सुमधुर धुनों से परेड में और भी जोश भर दिया। इसके अलावा, स्कूली विद्यार्थियों द्वारा किया गया सामूहिक पीटी प्रदर्शन और विभिन्न विद्यालयों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियां आकर्षण का केंद्र रहीं।

**अधिकारियों को दिए गए सुव्यवस्थित इंतजामों के निर्देश**

आयोजन में किसी भी प्रकार की कमी न रहे, इसके लिए कलेक्टर बाफना ने पूरे कार्यक्रम की बारीकी से समीक्षा की। उन्होंने मौके पर मौजूद संबंधित अधिकारियों को दर्शक दीर्घा में बैठक व्यवस्था दुरुस्त करने और पार्किंग स्थल को पूरी तरह व्यवस्थित रखने के स्पष्ट निर्देश दिए, ताकि समारोह में आने वाले नागरिकों और अतिथियों को कोई असुविधा न हो। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ मनीषा वास्कले, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक घनश्याम मालवीय सहित विभिन्न विभागों के प्रमुख अधिकारी मौजूद रहे। संचालन ओपी विजयवर्गीय और रेखा पुरोहित ने किया।

## तिरंगा अभियान के तहत बनाई रंगोली

**शाजापुर।** हर घर तिरंगा अभियान अंतर्गत किला परिसर स्थित शासकीय कन्या महाविद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिनमें छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सेदारी की। प्रभारी प्राचार्य यतीश धाकड़ एवं क्रीड़ा अधिकारी डॉ. युगल किशोर शर्मा ने बताया कि महाविद्यालय में हर घर तिरंगा अभियान के तहत गुरूवार को तिरंगा रंगोली, हर घर तिरंगा विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वहीं शुक्रवार को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर व्याख्यान आयोजित किया जाएगा। इसके पश्चात 15 अगस्त को रंगोली एवं निबंध प्रतियोगिता में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को पुरस्कृत किया जाएगा।

## जाहिर सूचना

इस जाहिर सूचना के माध्यम से सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने दर्शन पिता विजय सिंहजी निगम निवासी 146 मंछामन गणेश नगर उज्जैन के स्वामित्व स्वत्व एवं आधिपत्य का मकान नगर पालिक निगम क्रमांक 146 का उत्तरी दिशावाला भाग जिसका वर्तमान कमांक 146 स्थित मंछामन गणेश नगर उज्जैन जिसका कुल क्षेत्रफल 67.50 वर्गमीटर का है जिसकी चर्तु:सीमा पूर्व की ओर-मकान क्रमांक 79, पश्चिम की ओर सडक कालोनी की, उत्तर की ओर मकान क्रमांक 147, दक्षिण की ओर-मकान क्रमांक 146 का दक्षिणी भाग ब्रजेश कपूर का तथा पेमाईश-लम्बाई-15.00 मीटर चौडाई 4.50 मीटर का है, उपरोक्त वर्णित मकान को कय करने का अनुबंध किया है तथा बयाना राशि अदा कर दी है शेष राशि अदा कर विक्रय पत्र की रजिस्ट्री कराई जाना है। यदि उपरोक्त मकान पर किसी भी व्यक्ति का कोई हित, अधिकार हो या मकान कहीं पर भी रहनग्रस्त, भारग्रस्त, दानग्रस्त व प्रतिभूतिग्रस्त अनुबंधग्रस्त, विक्रयग्रस्त, किया हुआ हो या किसी बैंक अथवा पेढी में मार्गेज किया हो अथवा मकान के संबंध में कोई वाद विवाद किसी भी न्यायालय में विचाराधिन हो या मकान विक्रय बाबत किसी को कोई आपत्ति हो तो इस जाहिर सूचना प्रकाशन से तीन दिवस में मय लेखी प्रमाण के आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद समयावधि व्यतीत होने पर मेरे पक्षकार द्वारा विक्रय-पत्र की रजिस्ट्री करवा ली जावेगी उसके पश्चात प्राप्त होने वाली आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधन कारक नहीं रहेगी। सूचित हो।

इति दिनांक 13/8/2026 स्थान उज्जैन

**राजेन्द्रकुमार जैन (पालरेचा)**
**एडवोकेट व नोटरी**
**51, दादाभाई नोरोजी मार्ग, खाराकुंआ उज्जैन**
**मो. 94250-91124, 8959999299**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को इस जाहिर सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि हमारी पक्षकार बैंक **आय सी आय सी आय बैंक लिमिटेड शाखा उज्जैन** (म.प्र.) द्वारा **श्रीमती रीमा पति श्री किशोर गुरनानी, श्रीमती गरिमा पति श्री पंकज गुरनामी** एवं **श्रीमती मुस्कान पति श्री चेतन गुरनानी निवासीगण** 09, सुभाष नगर, उज्जैन (म.प्र.), को निम्न वर्णित भूखण्ड, जिसका विवरण निम्नानुसार हैं, को साम्य बंधक कर ऋण प्रदाय करना प्रस्तावित है

**भूखण्ड क्रमांक 11, पुराना क्रमांक 2/975 (पश्चिम दिशा वाला भाग), तिलक मार्ग, गली नंबर 01 उज्जैन (म.प्र.)**

| | | |
|---|---|---|
| **साईज** | कुल क्षेत्रफल | 119.89 वर्गमीटर |
| **चतु:सीमा** | पूर्व में | श्री जगदीश प्रसाद बडाया का मकान, |
| | पश्चिम में | सरकारी गली एवं नासिर भाई एवं जमालभाई का मकान, |
| | उत्तर में | तिलक मार्ग गली क्रमांक 01 |
| | दक्षिण में | सीमेण्टेड बंद गली |

यह कि उपरोक्त वर्णित संपत्ति को प्रस्तावित ऋणीगण द्वारा जरिये रजिस्टर्ड बिक्रीखत ई-पंजीयन क्रमांक **MP432022021A1579155** दिनांक 14.07.2021 (प्रिन्ट दिनांक 15.07.2021) द्वारा श्री रविन्द्र पिता स्व. श्री राजकुमार राजौरिया व्यक्तिगत हैसियत से एवं रजिस्टर्ड आम मुख्त्यार तर्फे श्रीमती धनपतदेवी पति स्व. श्री राजकुमार राजौरिया, श्री बसंत पिता स्व. श्री राजकुमार राजौरिया, श्रीमती हेमलता पति स्व. श्री शिवकुमार खण्डेलवाल (पिता स्व. श्री राजकुमार राजौरिया), श्रीमती कुसुम पति श्री रमाकांत मोदी (पिता स्व. श्री राजकुमार राजौरिया), श्रीमती शांतिदेवी पति स्व. श्री ओमप्रकाश राजौरिया व्यक्तिगत हैसियत से एवं रजिस्टर्ड आम मुख्त्यार तर्फे श्री प्रेमप्रकाश पिता स्व. श्री ओमप्रकाश राजौरिया, श्रीमती वंदना पति श्री राकेश खण्डेलवाल (पिता स्व. श्री ओमप्रकाश खण्डेलवाल), श्री अमरनाथ एवं श्री प्रकाश पिता स्व. श्री बंशीधरजी राजौरिया, श्री विपिन पिता स्व. श्री परमानंद राजौरिया व्यक्तिगत हैसियत से एवं रजिस्टर्ड आम मुख्त्यार तर्फे श्रीमती गुंजन पति श्री अभय चौरसिया (पिता स्व. श्री परमानंदजी राजौरिया) से क्रय किया है। यह कि उपर वर्णित संपत्ति पूर्व विक्रेतागण के क्रमशः पिता, ससुर एवं दादाजी श्री बंशीधर पिता श्री दामोदारदसजी महाजन के एकमात्र आधिपत्य, स्वामित्व की होकर पुश्तेनी / पैतृक (**Ancestral**) होकर संपत्ति पूर्व विक्रेतागण के क्रमशः पिता पिता ससुर एवं दादाजी श्री बंशीधर पिता श्री दामोदारदसजी महाजन की मृत्यु दिनांक 08.03.2001 को हो जाने के पश्चात् उपरोक्त संपत्ति को उनके पुत्रगण श्री राजकुमार, श्री ओमप्रकाश, श्री अमरनाथ, श्री प्रकाश एवं श्री परमानंद पिता स्व. श्री बंशीधर महाजन द्वारा विधिक वारिसान होने के नाते विरासत में प्राप्त की है, तपरांत श्री राजकुमार, श्री ओमप्रकाश एवं श्री परमानंद पिता स्व. श्री बंशीधर महाजन की भी मृत्यु हो जाने के उपरांत उक्त वणित संपत्ति में से उनके हक्क /हिस्से (**Share**) को उनके विधिक वारिसान (उपर वर्णित विक्रेतागण) द्वारा विरासत में प्राप्त की है, तत्पश्चात् संयुक्त रूप से प्रस्तावित ऋणीगण के हित में विक्रय की गयी है। यह कि उपरोक्त वर्णित संपत्ति जिसका विवरण अग्र भाग में दिया गया है, के सबंध में प्रस्तावित ऋणीगण के निकटस्थ सबंधी / रिश्तेदार / विधिक उत्तराधिकारी, संस्था, शासकीय अशासकीय निकाय, सोसायटी, आदि को कोई आपत्ति हो अथवा कोई कर्ज, भार, गिरवी, मेंटेनेंस, दान, ट्रस्ट, स्वत्व सबंधी, विरासत सबंधी/ न्यायालयीन प्रकरण, पट्टा या अन्य किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस **जाहिरात सूचना के प्रकाशन के 05 दिवस** के अंदर मय दस्तावेजी प्रमाण के आपत्ति प्रस्तुत करे, बंधककर्ता के स्वत्व एवं बंधक के सबंध में किसी प्रकार की आपत्ति बाद मियाद मान्य नही होगी, सूचित हो। दिनांक 14.08.2026

**संजय गुप्ता (अभिभाषक)** सिविल लाईन्स, देवास (म.प्र.) मोबाईल : 9425367601

## न्यायालय कमिश्नर फॉर एम्प्लाई कम्पेनसेशन श्रम न्यायालय उज्जैन म.प्र.

**प्रकरण क्रमांक 94/2026 विविध**

**श्रीमती शबाना बी विधवा स्व. नदीम खान आदि निवासी- गली नं 2 बाडी मोहल्ला, कार्तिक चौक राजाभाउ महाकाल मार्ग उज्जैन**

**वि.**

**प्रबंधक, बंसल कन्स्ट्रक्शन वर्क्स प्रा.लि. अरेरा कॉलोनी भोपाल आदि**

### // सूचना-पत्र //

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मृतक स्व. श्री नदीम खान पिता जफर खान की मृत्यु दिनांक 28.04.2019 को घटित दुर्घटना में हुई थी जिसके मृत्यु मुआवजे बाबद् रूपये पन्द्रह 12,37,453=00 (बारह लाख सैतीस हजार चार सौ तिरेपन मात्र) इफको टोक्यों. जनरल इंशुरेन्स कंपनी लि. द्वारा जमा किये गये। अत: मृतक के कोई भी आश्रित हों तो वे अपना हक प्रार्थना पत्र के साथ अटेस्टेड फोटो सहित दिनांक 17.09.2026 को प्रात: 11.00 बजे श्रम न्यायालय कोठी प्रांगण उज्जैन मे प्रस्तुत करें। अन्यथा प्रकरण में आगे की कार्यवाही की जावेगी व बाद में सुनवाई नहीं होगी। मृतक के आश्रित होने संबंधि अटेस्टेड फोटो तथा पंचायत या नगर पालिका का प्रमाण पत्र भी साथ लावें। मेरे हस्ताक्षर व पदमुद्रा से आज दिनांक 13.08.2026 को जारी किया गया।

**(नीरज कुमार प्रजापति)**
**कमिश्नर श्रम न्यायालय उज्जैन म.प्र.**

## संशोधित जाहिर सूचना

मेरे पक्षकार गोदरेज फायनेंस लिमिटेड शाखा 402 चतुर्थ मंजिल खण्डेलवाल बिजनेस सेंटर 9/1 एम.जी. रोड इन्दौर की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि भवन म्यु. क्रमांक 26ए 26/1ए 26/2 स्थित कन्हैयालाल मनाना मार्ग तहसील व जिला उज्जैन म.प्र. में स्थित है। जिसका कुल क्षेत्रफल 88.11 वर्गमीटर है। उक्त संपत्ति की जाहिर सूचना का प्रकाशन दैनिक अंवतिका समाचार पत्र मे दिनांक 02/08/2026 को करवाया था उक्त जाहिर सूचना मे त्रुटिवष सम्पत्ति भवन म्यु. क्रमांक 26 एए 26/1एए 26/2 लिखा गया था उसके स्थान पर सम्पत्ति का सही क्रमांक 26ए 26/1ए 26/2 का भाग पढा जावे सुचित हो।

दिनांक 13/08/2026

**तेजपाल परिहार एडवोकेट**
**ऑफिस क्रमांक 11, भवन क्रमांक 87/3 तुलसी कॉम्पलेक्स विक्रम मार्ग टॉवर चौराहा फ्रीगंज, उज्जैन**
**मो. 9301860352**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा श्रीमती धारणा सोलंकी पति श्री अरविंद सोलंकी निवासी 50 ए अभिषेक नगर नानाखेडा, उज्जैन म.प्र से उनके स्वत्व स्वामित्व एवं आधिपत्य का भूखण्ड क्रमांक ए-2/8 एच आय जी पर निर्मित बहुमंजिला भवन अंजली अपार्टमेंट की तल मंजिल पर प्रकोष्ठ क्रमांक बी-5 नानाखेडा वेद नगर, उज्जैन (म.प्र.) में स्थित है प्रकोष्ठ का कुल क्षेत्रफल 25.18 वर्गमीटर है को क्रय करने का सौदा किया गया है यदि उक्त वर्णित संपत्ति पर किसी भी व्यक्ति, बैंक, वित्तीय संस्था इति आदि का भार, बोझा, गिरवी, हित, अधिकार, डिक्री, अटैचमेंट हो या इस विक्रय व्यवहार में किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो व इस सूचना प्रकाशन दिनांक से 7 दिनों में मय लेखी प्रमाण सहित अपनी आपत्ति पंजीकृत डाक से प्रेषित करें, अवधि पश्चात सदर संपत्ति के विक्रय पत्र का पंजीयन मेरे पक्षकार के हित में करवा लिया जायेगा एवं कोई आपत्ति मेरे पक्षकार के हितों पर बंधनकारक नही रहेगी।

**महेन्द्र मालवीय (एड्व्होकेट)**
**कार्यालय:-ऑफिस नं. 143, प्रथम तल, सी-21 मॉल नानाखेडा, उज्जैन मो. 7509801819**

## न्यूज-कॉलम

### ग्वालटोली बालाजी मंदिर पर प्रारंभ होगा राम रसोड़ा

**नीमच।** श्री बाबा रामदेव भक्त मंडल ग्वालटोली द्वारा राजस्थान के रुणीजा में स्थित सुप्रसिद्ध बाबा रामदेवजी के दर्शन करने हेतु जाने वाले यात्रियों की सेवा करने के उद्देश्य से चतुर्थ राम रसोडे का आयोजन आज हरियाली अमावस्या से किया जाएगा। आयोजक भक्त मंडल के सदस्यों ने बताया कि जन सहयोग से आयोजित यह राम रसोड़ा ग्वालटोली में हाईवे रोड पर स्थित श्री विराट विराय मारुति नंदन बालाजी मंदिर परिसर में लगाया जाएगा। १५ दिनों तक चलने वाले इस राम रसोडे में बाबा रामदेवजी के धाम पर जाने वाले यात्रियों के लिए चाय, पानी, नाश्ता, खाना, स्नान, रात्रि विश्राम एवं चिकित्सा सुविधा मुहैया कराई जाएगी। आयोजन के प्रथम दिन आज बुधवार को प्रातः ८:०० बजे बाबा रामदेवजी की पूजा अर्चना एवं आरती के साथ राम रसोडे का श्री गणेश किया जाएगा।

### विभाजन विभीषिका दिवस पर गोष्ठी आज

**नीमच।** अखिल भारतीय साहित्य परिषद जिला नीमच द्वारा विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर विचार व कवि गोष्ठी का आयोजन 14 अगस्त संध्या 7 बजे से अन्नपूर्णा सेवा न्यास कार्यालय , अम्बेडकर रोड़ नीमच पर किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए महासचिव अम्बिका प्रसाद जोशी ने बताया कि इस गोष्ठी में विभाजन के शिकार नागरिकों के त्याग और बलिदान का स्मरण किया जाएगा।आपसे सुधि श्रोताओं से इस गोष्ठी में सहभागिता करने की अपेक्षा की है।

### घर में सोए व्यक्ति के कान से सोने के झेले खींचे

**नीमच** जिले के मनासा थानान्तर्गत आने वाले ग्राम मालखेड़ा में बीता रात चार अज्ञात बदमाशों ने 50 वर्षीय सूरजमल बजारा के घर में बेखोफ प्रवेश किया व घर के हॉल में सो रहे सरजमल बजारा के कान से सोने के झेले खींचकर फरार हो गए। कान से डोले खींचने के कारण सूरजमल के कान कट गये और खून बह निकला। तुरंत परिजनों ने सूरजमल को चिकित्सालय ले जाकर उपचार कराया व उसके बाद सूरजमल ने मनासा थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने मामला जांच में लेकर बदमाशों की तलाश प्रारम्भ कर दी है।

### कार से 60 किलो अवैध डोडाचूरा जब्त

**मन्दसौर।** जिले के नारायणगढ़ पुलिस ने बरखेड़ा बिरपुरिया फंटे पर घेराबंदी कर एक स्विफ्ट डिजायर कार से 60 किलोग्राम अवैध डोडाचूरा जब्त कर पिपलियामंडी क्षेत्र के बाबूखेड़ा निवासी कमलेश पाटीदार को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने कार की डिक्की से छुपाकर रखा गया 60 किलो डोडाचूरा जब्त किया, जिसकी अनुमानित कीमत 1.20 लाख रुपये बताई गई है। इसके साथ ही 5 लाख रुपये मूल्य की स्विफ्ट डिजायर कार और दो एंड्रॉइड मोबाइल भी जब्त किए गए हैं। आरोपी कमलेश के खिलाफ पूर्व में भी विभिन्न थानों में एनडीपीएस एक्ट के कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/15 के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है, जबकि मामले में शामिल एक अन्य फरार आरोपी की तलाश जारी है।

### 22 अगस्त तक चलेगा नवकार महामंत्र का अखंड जाप

**मंदसौर।** आचार्य श्री अशोक सागर सूरीश्वरजी और आचार्य श्री सागरचन्द्र सागरजी महाराज आदि ठाणा 11 की पावन प्रेरणा व निश्रा में श्री आर्यरक्षित सुरि जैन तीर्थ धाम में 9 दिवसीय विशिष्ट नवकार महामंत्र धर्म साधना प्रारंभ हो रही है। 14 अगस्त से शुरू होकर 22 अगस्त तक चलने वाली इस आराधना में देश-विदेश से आए श्रावक-श्राविकाएं 24 घंटे अखंड नवकार महामंत्र का जाप करेंगे।साधना के दौरान श्रद्धालु एकासने रखते हुए जैन संतों के मार्गदर्शन में जाप, ध्यान विधि और अष्टप्रकारी पूजा के गूढ़ अर्थ को समझेंगे। सुमधुर संगीत की ध्वनि के बीच नवकार महामंत्र के पद अक्षरों के अनुसार विशिष्ट विधि से पूजन संपन्न होगा। तीर्थ ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने सभी धर्मावलंबियों से इस पावन और विशिष्ट आराधना से जुड़कर धर्मलाभ लेने की अपील की है।

## सांदीपनि सीएम राइज स्कूल में सार्थक संस्था व वृक्ष मित्रों ने रोपे 200 पौधे

दैनिक अवन्तिका ▶▶ मंदसौर

भारी बारिश के अलर्ट के बावजूद पर्यावरण और प्रकृति संरक्षण के प्रति संकल्पित सार्थक संस्था एवं वृक्ष मित्र परिवार ने सांदीपनि सीएम राइज स्कूल में छात्र-छात्राओं के साथ मिलकर पौधारोपण अभियान चलाया। जिसमें मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी पंकज जाट, वन विभाग के डीएफओ प्रतिनिधि, ग्राम साबाखेड़ा के जनपद सदस्य बंशीलाल तथा हिंदी साहित्य परिषद के अध्यक्ष नरेंद्र भावसार व सचिव नंदकिशोर राठौर भी शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ नरेंद्र त्रिवेदी द्वारा किए गए मंत्रोच्चार के बीच कचनार का पौधा रोपकर किया गया।



अभियान के दौरान विद्यार्थियों ने हाथों में पौधे लेकर जागरूकता रैली निकाली और परिसर को पर्यावरण बचाओ के नारों से गुंजायमान कर दिया। छात्रों को रोपे गए पौधों की विभिन्न प्रजातियों के बारे में भी जानकारी दी गई। आयोजन में विद्यालय परिसर की बाउंड्री वॉल के सहारे 22 प्रजातियों के कुल २०० फलदार एवं छायादार पौधे लगाए गए। इनमें कचनार, पारस पीपल, बकायन, पीपल, बरगद, अमलतास, आंवला, सीताफल, जामुन, बेलपत्र, करौंदा और मौलश्री जैसे पौधे शामिल हैं। विद्यालय के प्राचार्य विनीत अग्रवाल और स्टाफ ने इन पौधों की नियमित देखभाल और सिंचाई का आश्वासन दिया।

इस पूरे आयोजन में गड्ढे खुदवाने से लेकर पौधे उपलब्ध कराने तक का योगदान सार्थक संस्था की संस्थापक डॉ. उर्मिला तोमर, सचिव रचना दोषी तथा संस्था के अन्य सदस्यों द्वारा दिया गया।

## नाथूलाल हत्याकांड में पिपलोदा जनपद उपाध्यक्ष सुरेश जाट समेत 8 दोषियों को आजीवन कारावास

दैनिक अवन्तिका ▶▶ रतलाम,

जिले के जावरा क्षेत्र के बहुचर्चित कंचनखेड़ी नाथूलाल चौधरी हत्याकांड में जावरा न्यायालय ने बड़ा फैसला सुनाया है। प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश जे.बी.एस. राजपूत की अदालत ने गत दिवस इस हत्याकांड में निर्णय सुनाते हुए पिपलोदा के कांग्रेस नेता जनपद उपाध्यक्ष सुरेश जाट समेत आठ आरोपियों को दोषी करार दिया। सभी आरोपियों को हत्या के अपराध के लिए आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है।

अदालत के रिकॉर्ड के अनुसार मामले की रिपोर्ट विकास पिता मुकेश चौधरी निवासी ग्राम आक्या कोली, जिला उज्जैन (हाल मुकाम ग्राम कंचनखेड़ी, पिपलौदा) ने दर्ज कराई थी। फरियादी ने पुलिस को बताया था कि वह अपने रिश्ते के नानाजी नाथूलाल चौधरी के साथ खेती का काम करता था और घटना वाले दिन खेत पर मौजूद था। उसकी रिपोर्ट पर पुलिस ने पहले धारा ३०७, 147, 120-बी के तहत मामला दर्ज किया, बाद में नाथूलाल की मृत्यु होने पर धारा 302 जोड़ी गई थी ।

**खेत पर घेरकर किया था हमला**

अभियोजन के अनुसार 24 जनवरी 2024 को सुबह 11 बजे से 11..45 बजे के बीच नाथूलाल चौधरी खेत की ओर जा रहे थे। उसी दौरान पिपलोदा जनपद उपाध्यक्ष सुरेश जाट, राहुल जाट, कपिल जाट, विकास उर्फ भूरा जाट, सुभाष जाट, बलराम जाट, अवतार सिंह जाट और विक्रम जाट ने उन्हें घेर लिया। आरोपियों ने लोहे की टॉमी, लोहे के पाइप, लाठी-डंडों और अन्य घातक हथियारों से हमला किया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आरोपियों ने नाथूलाल को जान से मारने की नीयत से बेरहमी से पीटा, जिससे उनके हाथ-पैरों, उंगलियों और शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोटें आईं और अत्यधिक रक्तस्राव हुआ।

## एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत महाविद्यालय में औषधीय पौधों का रोपण

दैनिक अवन्तिका ▶▶ पिपलिया मंडी

हरियाली अमावस्या के अवसर पर पंडित अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय महाविद्यालय, पिपलिया मंडी में इको क्लब के तत्वावधान में "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान के अंतर्गत औषधीय पौधों के रोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महाविद्यालय परिसर के बगीचे में विभिन्न औषधीय पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण एवं हरियाली संवर्धन का संदेश दिया गया। इको क्लब प्रभारी प्रोफेसर राधेश्याम कटारा ने बताया कि औषधीय पौधे पर्यावरण को स्वच्छ एवं संतुलित बनाए रखने के साथ-साथ मानव जीवन के लिए भी अत्यंत उपयोगी हैं। विद्यार्थियों को पौधों के संरक्षण एवं उनकी नियमित देखभाल के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में डॉ. कन्हैयालाल लोहार, राजीव सिंह चौहान, गोविंद तंवर , मनुजेंद्र ,अमित धीमा एवं श्री विजय शर्मा भी उपस्थित रहे। इको क्लब के सदस्यों एवं विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक सहभागिता करते हुए महाविद्यालय प्रांगण में औषधीय पौधों का रोपण किया। इस अवसर पर इको क्लब के नोडल अधिकारी प्रोफेसर राधेश्याम कटारा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि पौधारोपण केवल एक दिन का कार्यक्रम नहीं, बल्कि पर्यावरण के प्रति हमारी निरंतर जिम्मेदारी है। उन्होंने विद्यार्थियों से लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल करने की अपील की।



## कंटेनर की चपेट में आने से बाइक सवार महिला की दुखद मौत

दैनिक अवन्तिका ▶▶ नीमच

शहर के बाईपास महू रोड स्थित भाटखेड़ा फंटे के समीप गुरुवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक पर सवार महिला की कंटेनर की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई द्य जबकि बाइक चालक को मामूली चोटें आई हैं।

हादसे के बाद मौके पर कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार एक बाइक सवार व्यक्ति रठाजना की ओर से आ रहा था। बताया जा रहा है कि रास्ते में जीरन के समीप जामक महिला ने बाइक सवार से लिफ्ट ली, दोनों बाइक से आगे जा रहे थे।

इसी दौरान भाटखेड़ा फंटे के समीप बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकरा गई। डिवाइडर से टकराने के बाद बाइक पर पीछे बैठी महिला सड़क पर गिर गई। इसी दौरान पीछे से आ रहा एक कंटेनर उसकी चपेट में आ गया, जिससे महिला की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं बाइक चला रहा व्यक्ति, जिसका नाम मुकेश बताया जा रहा है, हादसे के दौरान दुसरी तरफ गिर गया। इसके चलते उसे मामूली चोटें आई और उसकी जान बच गई।

## स्वतंत्रता दिवस पर देशभक्ति के रंग में रंगा मंदसौर, जिले भर में निकलीं भव्य तिरंगा यात्राएं

दैनिक अवन्तिका ▶▶ मंदसौर

स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर मंदसौर जिले में राष्ट्रभक्ति और राष्ट्रीय एकता का संदेश जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से भव्य तिरंगा यात्राओं का आयोजन किया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित के मार्गदर्शन में आयोजित इन यात्राओं में जनप्रतिनिधियों, संगठन पदाधिकारियों, संतगणों, पूर्व सैनिकों, विद्यार्थियों और आम नागरिकों ने अभूतपूर्व उत्साह के साथ सहभागिता की। पूरे आयोजन के दौरान भारत माता के जयकारों से संपूर्ण वातावरण देशभक्तिमय हो गया।

जिला मुख्यालय पर आयोजित मुख्य तिरंगा यात्रा में कलेक्टर दिव्यांकसिंह, एसपी विनोद कुमार मीणा, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित, प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक यशपालसिंह सिसौदिया, पूर्व जिलाध्यक्ष नानालाल अटोलिया, मदनलाल राठौर, जिला



पंचायत अध्यक्ष दुर्गा पाटीदार, नपाध्यक्ष रमादेवी गुर्जर, भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रियंका गोस्वामी सहित अनेक नागरिकों ने हिस्सा लिया।

शहर के मुख्य मार्गों से गुजरती हुई इस यात्रा का समापन भारत माता चौराहा पर भारत माता की महाआरती के साथ हुआ, जहाँ बड़ी संख्या में उपस्थित नागरिकों ने राष्ट्रध्वज के प्रति अपनी निष्ठा व्यक्त की।

इसी कड़ी में जिले के अन्य क्षेत्रों में भी तिरंगा यात्राओं को लेकर भारी उत्साह देखा गया। मेलखेड़ा मंडल में विधायक चन्द्रसिंह सिसोदिया, बाबूलाल बंजारा और मंडल अध्यक्ष महेंद्र पहाड़िया के नेतृत्व में भव्य यात्रा निकाली गई।

वहीं, सीतामऊ ग्रामीण मंडल के ग्राम तितरोद में मंडल अध्यक्ष धनसुख पाटीदार, मंडल प्रभारी सुनील जैन और सरपंच नवीन पंड्या की उपस्थिति में विशाल तिरंगा यात्रा संपन्न हुई, जिसमें स्कूली छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने बड़े उत्साह से भाग लिया।

## हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं ने मवेशी के कंकाल को सीएमओ की टेबल पर रखकर किया विरोध

दैनिक अवन्तिका ▶▶ जावरा

नगर पालिका के ट्रेंचिग ग्राउंड में से मवेशियों के कंकाल के भरे ठेले गायब हो जाने से हिंदू संगठन कार्यकर्ताओं में आक्रोश फैल गया। बुधवार सुबह कंकाल लेकर नगर पालिका संगठन कार्यकर्ता पहुंच गए और सीएमओ की टेबल पर रख दिए। कहा गया कि कंकाल नगर पालिका के ट्रैंचिग ग्राउंड पर दफनाए जाने वाले गोवंश के हैं इसको लेकर सुबह से शाम तक विरोध प्रदर्शन चला रहा ।कभी नगर पालिका औद्योगिक क्षेत्र पुलिस थाना फिर घंटाघर चौराहा पर करीब 2 घंटे तक धरना प्रदर्शन भी किया ।औद्योगिक क्षेत्र पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध प्रकरण पंजीबद



किया । हिंदू संगठनों के सदस्यों द्वारा नगर पालिका सीएमओ को कुछ वीडियो दिए जिनमें प्लास्टिक के कट्टों में हड्डियां दिखाई देने की बात कही गई ।संगठन ने मामले में निष्पक्ष जांच और जिम्मेदारों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की मामले को लेकर प्रदर्शनकारियों ने नगर पालिका में कंकाल रखकर विरोध जताया और ठोस कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी भी दी । नगर पालिका सीएमओ चंद्रशेखर सोनीस ने कहा कि वीडियो देखे हैं जिसमें प्लास्टिक कट्टे ट्रैकिंग ग्राउंड के बाहर नजर आ रहे हैं। किसी का चेहरा भी स्पष्ट दिखाई नहीं दे रहा मौके पर सीएसपी युवराज सिंह चौहान शहर थाना प्रभारी दीपक मंडलोई टीम के साथ भी पहुंचे तथा प्रदर्शनकारियों कई मर्तबा चर्चा की तथा उन्हें कार्यवाही का आश्वासन भी दिया थाना को औद्योगिक क्षेत्र पुलिस थाने पर अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध प्रकरण दर्ज किए जाने के पश्चात मामला शांत हुआ।



## नवांकुर सखी हरियाली यात्रा के जरिए दिया गया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**मन्दसौर।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के निर्देशन में प्रियदर्शन सामाजिक सेवा संस्था द्वारा ग्राम मैनपुरिया में नवांकुर सखी हरियाली यात्रा का भव्य आयोजन किया गया। इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य मातृशक्ति को पर्यावरण संरक्षण और जनभागीदारी से जोड़ना था। कार्यक्रम में जन अभियान परिषद के संभागीय समन्वयक शिवप्रसाद मालवीय, जिला समन्वयक तृप्ति बैरागी और विकासखंड समन्वयक अर्चना भट्ट विशेष रूप से उपस्थित रहे। अतिथियों ने शास्त्रों का हवाला देते हुए एक पौधे को दस पुत्रों के समान बताया और महिलाओं द्वारा पौधों की देखरेख किए जाने के योगदान की सराहना की। हरियाली यात्रा के दौरान गांव में जनजागरूकता रैली निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय महिलाओं और जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में भाजपा नेता नानालाल अटोलिया, जिला समन्वयक तृप्ति बैरागी, विनय दुबेला, प्रियंका गिरी गोस्वामी और ग्राम सरपंच चंपाबाई माली सहित कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। यात्रा के माध्यम से घर-घर पौधा लगाने और हरित वातावरण के निर्माण का संकल्प दिलाया गया।

## जिला पंचायत सीईओ की उपस्थिति में स्वतंत्रता दिवस समारोह का अंतिम पूर्वाभ्यास संपन्न

दैनिक अवन्तिका ▶▶ नीमच

जिले में स्वतंत्रता दिवस समारोह की सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक-2, नीमच के मैदान पर आयोजित किया जाएगा।

स्वतंत्रता दिवस समारोह का अंतिम पूर्वाभ्यास (रिहर्सल) गुरुवार को शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक-2 के मैदान पर संपन्न हुआ। जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्णव एवं एएसपी श्रीमती हेमलता अग्रवाल ने समारोह में होने वाली परेड के अंतिम पूर्वाभ्यास का अवलोकन किया।

पूर्वाभ्यास के दौरान जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्णव एवं एएसपी श्रीमती हेमलता अग्रवाल ने जीप पर सवार होकर परेड का निरीक्षण किया तथा विभिन्न परेड टुकड़ियों के कमांडरों से परिचय प्राप्त किया। समारोह में एसएएफ, जिला पुलिस बल पुरुष एवं महिला, वन विभाग, एनसीसी, स्काउट, शौर्या दल एवं होमगार्ड के दल भाग लेंगे। साथ ही जिला पुलिस बैंड एवं सीआरपीएफ बैंड भी अपनी प्रस्तुति देंगे।

पूर्वाभ्यास के दौरान विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने सामूहिक पीटी प्रदर्शन किया। इसके साथ ही पांच विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी।

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक हातिम अली सैफी पिता मुर्तजा अली सैफी द्वारा झोन क्रमांक 16 राजस्व आवेदन क्रमांक 818 विभाग पर आवेदन के साथ रजिस्ट्री, वसियत नामा, लिंक दस्तावेज प्रस्तुत कर सर्विस/पिन नं. 200023011 7 पता- 276 एवं 277 न्यू पलासिया नगर सेक्टर बी इंदौर पर नामांतरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 15 दिवस की समयावधि के अंतर्गत किसी भी वित्तीय संस्था, बैंक, निकाय, व्यक्ति को आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 16 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष मय दस्तावेज के अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

सहायक राजस्व अधिकारी
झोन क्रमांक 16
नगर पालिक निगम, इंदौर

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक स्वाती साहू पति विनोद कुमार साहू, विनोद कुमार पिता डालचंद साहू द्वारा झोन क्रमांक 16 राजस्व आवेदन क्रमांक 815 विभाग पर आवेदन के साथ रजिस्ट्री, वसियत नामा, लिंक दस्तावेज प्रस्तुत कर सर्विस/पिन नं. 200027818 8 पता- फ्लेट क्र. 401 एवं 404 श्री श्रमशक्ति भवन सर्वे क्र. 126/27 श्री सम्पदा इंदौर पर नामांतरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 15 दिवस की समयावधि के अंतर्गत किसी भी वित्तीय संस्था, बैंक, निकाय, व्यक्ति को आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 16 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष मय दस्तावेज के अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

सहायक राजस्व अधिकारी
झोन क्रमांक 16
नगर पालिक निगम, इंदौर

## न्यूज कालम



### शिवना नदी में आई जलकुंभी को हटाने स्वयं नदी में उतरे विधायक विपिन जैन

**मंदसौर।** पशुपतिनाथ मंदिर के समीप बारिश के पानी के साथ बहकर आई भारी जलकुंभी की सूचना मिलते ही स्थानीय विधायक विपिन जैन तुरंत मौके पर पहुंचे। उन्होंने देखा कि नगर पालिका कर्मचारियों द्वारा जलकुंभी को नदी से निकालकर वापस दूसरे हिस्से में ही डाला जा रहा था, जिस पर उन्होंने रोक लगाई और कचरे को नदी से पूरी तरह बाहर निकालकर अन्य स्थान पर ट्रॉलियों के जरिए शिफ्ट करने के सख्त निर्देश दिए। इसके बाद विधायक स्वयं नदी में उतरे और सफाई में जुट गए। विधायक विपिन जैन और शिवना योद्धाओं ने बारिश के बीच करीब दो घंटे तक निरंतर श्रमदान किया। इस दौरान नदी से लगभग 16 से 20 ट्रॉली जलकुंभी बाहर निकाली गई, जिससे नदी का प्रवाह क्षेत्र साफ हो गया। सावन माह में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ और नदी स्नान के महत्व को देखते हुए इस सफाई अभियान को बेहद अहम माना जा रहा है। विधायक ने कहा कि शिवना नदी की स्वच्छता पूरे शहर की सामूहिक जिम्मेदारी है और वे पिछले 15 महीनों से हर रविवार को इसी तरह श्रमदान अभियान चला रहे हैं।

### लायंस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर टीम ने किया नेत्र चिकित्सालय का अवलोकन



**जावरा** ।लायन्स क्लब द्वारा संचालित लायन्स नेत्र चिकित्सालय का डिस्ट्रिक्ट के प्रमुख पदाधिकारियों ने नगर प्रवास के दौरान अवलोकन किया। अतिथियों ने अस्पताल द्वारा दी जा रही चिकित्सा सेवाओं की सराहना करते हुए इसे निरंतर आगे बढ़ाने का आह्वान किया। डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एम.जे.एफ. जयप्रकाश त्रिपाठी, प्रथम वाईस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर. राम जाट, द्वितीय वाईस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर डॉ. राजेंद्र सोडानी डिस्ट्रिक्ट केबिनेट सेक्रेटरी अनिल मोदी ने जायजा लिया। क्लब और अस्पताल की पूरी टीम द्वारा किए जा रहे सेवाकार्यों की भूरि-भूरि प्रशंसा की । इस मोके पर अध्यक्ष . सुधीर जैन, सचिव. संदीप रांका, कोषाध्यक्ष . विपिन चौरडिया, नेत्र चिकित्सालय चेयरमैन प्रदीप शर्मा, राजेंद्र गर्ग,रीजन चेयरपर्सन. डॉ. शैलेन्द्र पाण्डेय,? झोन चेयरमैन . यश जैन, अनिल धारीवाल, . सजीवर्गीस अरुण संघवी,पवन मोदी सहित कई अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### नपाध्यक्ष श्रीमती चौपड़ा द्वारा स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं

**नीमच।** आजादी की सालगिरह स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नगरपालिका परिषद, नीमच की अध्यक्ष श्रीमती स्वाति गौरव चौपड़ा ने शहरवासियों को बधाई व शुभकामनाएं देते हुए सभी से राष्ट्र उत्थान में सहयोग बनाये रखने तथा स्वतंत्रता दिवस पर घर-घर तिरंगा, हर घर तिरंगा अभियान के तहत अपने-अपने घरों व संस्थानों पर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा लगाने का आह्वान किया है। अपने बधाई संदेश में नपाध्यक्ष श्रीमती स्वाति चौपड़ा ने कहा कि आजादी का यह पर्व हमे देश के वीर शहीदों के जीवन से प्रेरणा लेकर उनके बताये मार्ग पर चलने व नगर, प्रदेश व देश के उत्तरोत्तर विकास में सहभागी बनने को प्रोत्साहित करता है। श्रीमती चौपड़ा ने कहा कि हम प्रेम एवं भाई चारे के साथ देश की एकता व अखण्डता को बनाये रखने में कृत संकल्पित होकर समृद्ध एवं शक्तिशाली भारत का निर्माण करें।

### आईएमए हाउस पर 15 को ध्वजारोहण, डॉक्टर सुनाएंगे देशभक्ति के गीत

**नीमच।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त को आईएमए हाउस में ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में डॉ. मनीष चामड़िया ध्वजारोहण करेंगे। यह जानकारी आईएमए सचिव डॉ. आदित्य भंडारी ने दी। उन्होंने बताया कि ध्वजारोहण कार्यक्रम सुबह 8 बजे आईएमए हाउस परिसर में होगा। इस मौके पर देशभक्ति से ओतप्रोत गीतों की प्रतियोगिता भी आयोजित की जाएगी। इसमें आईएमए के चिकित्सक देशभक्ति के गीत प्रस्तुत करेंगे।

### नपा कार्यालय व शहीद स्मारक पर नपाध्यक्ष श्रीमती चौपड़ा करेंगी ध्वजारोहण

**नीमच।** राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नगरपालिका परिषद, नीमच की अध्यक्ष श्रीमती स्वाति गौरव चौपड़ा प्रातः 8 बजे नगरपालिका कार्यालय, नीमच में व प्रातः 8.15 बजे शहीद स्मारक, ज्ञान मंदिर के यहां नपा सभापतिगण, पार्षदगणों, गणमान्य नागरिकों व नपा स्टॉफ की उपस्थिति में ध्वजारोहण करेगी। उपरोक्त जानकारी देते हुए मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्रीमती दुर्गा बामनिया ने सभी सभापतिगण,पार्षदगण, पत्रकारगण, नपा स्टॉफ व गणमान्य नागरिकों से ध्वजारोहण कार्यक्रम में उपस्थित होने का अनुरोध किया है।

### पुरानी नगरपालिका में सीएमओ श्रीमती बामनिया करेगी ध्वजारोहण

**नीमच।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बंगला नं. 60 स्थित पुरानी नगरपालिका भवन के यहां नपा स्टॉफ की उपस्थिति में नगरपालिका, नीमच की मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्रीमती दुर्गा बामनिया 15 अगस्त को ध्वजारोहण करेंगे। उपरोक्त जानकारी कार्यालय अधीक्षक श्री कन्हैयालाल शर्मा ने दी।

### नपा उपाध्यक्ष ने दी स्वतंत्रता दिवस की बधाई

नीमच। राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नगरपालिका परिषद, नीमच की उपाध्यक्ष श्रीमती रंजना हरनारायण परमाल ने शहरवासियों को बधाई व शुभकामनाएं देते हुए सभी से आजादी की सालगिरह के अवसर पर घर-घर तिरंगा, हर घर तिरंगा अभियान के तहत अपने-अपने घरों पर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा लगाने का अनुरोध किया है।



## भाजपा मंडल ने निकाली तिरंगा यात्रा, भारत माता की जय के लगाए नारे

**महिदपुर रोड।** महिदपुर रोड गुरुवार को भाजपा मंडल महिदपुर रोड द्वारा तिरंगा यात्रा निकाली गई, जिसमें भा ज पा उज्जैन ग्रामीण जिला अध्यक्ष राजेश धाकड़, पूर्व विधायक बहादुर सिंह चौहान, जिला महामंत्री राकेश यादव, मंडल अध्यक्ष गुरु चरण सिंह चौहान, जिला उपाध्यक्ष संदीप व्यास, जिला मंत्री एवं महिदपुर रोड सरपंच ऋतु पाटीदार, मंडल महामंत्री शंभू लाल शर्मा, मान सिंह सिसोदिया,पल्लव पोरवाल, मंडल उपाध्यक्ष रमेश मीणा, राजेश कांठेड़, भारत सिंह पवार, गोपाल बैरागी, सरपंच भूपेंद्र सिंह राठौड़, महेंद्र सिंह चौहान, कुबेर सिंह पंवार आदि पार्टी पदाधिकारी कार्यकर्ता शामिल हुए तिरंगा यात्रा पेट्रोल पंप से प्रारंभ हुई जिसका समापन नागदा तिराहे पर हुआ तिरंगा यात्रा में स्कूली बच्चों के अलावा अन्य ?जन प्रतिनिधि नगर के विभिन्न समाजों के समाजजन नगर वासी एवं क्षैत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। नागदा तिराहे पर भाजपा मंडल ग्रामीण उज्जैन के अध्यक्ष राजेश तथा पूर्व विधायक बहादुर सिंह चौहान ने तिरंगा यात्रा में शामिल लोगों को संबोधित किया।

## गौशाला का किया निरीक्षण

**आगर मालवा।** कलेक्टर डॉ. शेरसिंह मीना ने राधा-कृष्ण गौशाला का निरीक्षण किया। गौशाला में आश्रित गोवंश की संख्या, पशु आहार की व्यवस्था, देखभाल एवं उपचार की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। बारिश में कीचड़ एवं पानी से गोवंश की सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने गौशाला परिसर में पशु आहार के भंडारण एवं कुएं का निरीक्षण कर कुएं की मरम्मत करवाने के लिए भी कहा। उन्होंने गौशाला में आश्रित गोवंश की समुचित देखभाल, उपचार एवं आहार के पर्याप्त प्रबंधन के निर्देश दिए।

## जनविश्वास अभियान के अंतर्गत आंगनवाड़ी केंद्र का निरीक्षण




**आगर मालवा।** कलेक्टर डॉ. मीना ने गुरुवार को जन विश्वास अभियान के तहत ग्राम दाबड़िया में आंगनवाड़ी केंद्र का आकस्मिक निरीक्षण किया तथा बच्चों और गर्भवती महिलाओं के टीकाकरण, पूरक पोषण आहार वितरण, टेक होम राशन वितरण, गरम पका हुआ भोजन, नाश्ते का वितरण, दर्ज बच्चों की संख्या, बच्चों की उपस्थिति आदि की विस्तार से जानकारी ली। कलेक्टर ने शाला पूर्व शिक्षा गतिविधियों के बारे में भी पूछा और बच्चों को नियमित रूप से शाला पूर्व शिक्षा गतिविधियां करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने केंद्र में उपलब्ध खिलौने, पठन-पाठन सामग्री फर्नीचर आदि के बारे में भी जानकारी ली। कलेक्टर ने द्वितीय चरण में ग्राम दाबड़िया की इस सक्षम आंगनवाड़ी को सक्षम बनाने और सुविधाएं उपलब्ध कराने के कार्य की सराहना की। कलेक्टर ने आंगनवाड़ी में सेम श्रेणी के एक बच्चे अर्चित मालवीय को सरपंच देवी सिह द्वारा गोद लेकर उसके समुचित पोषण एवं आहार व्यवस्था कर श्रेणी सुधार की पहल करने पर सरपंच की सराहना भी की। इस निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ बी.एस. सोलंकी, जिला कार्यक्रम अधिकारी राजीव गुप्ता, जिला जनसंपर्क अधिकारी जगदीश चंद्र मालवीय एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## डिवाइडर के लिए छोड़ी जगह में डाली काली मिट्टी, वाहन फंस रहे



**बड़नगर।** संगम चौराहे पर अधूरे निर्माण कार्य के चलते आए दिन ऐसे दृश्य देखे जा रहे हैं। संगम चौराहे पर बाबा साहेब आंबेडकर प्रतिमा के आसपास डिवाइडर के लिए छोड़ी गई जगह में काली मिट्टी डालने की वजह से चार पहिया वाहन आए दिन उसमें फंस जाते हैं। ऐसा ही एक वाहन मंगलवार सुबह 6 बजे चालक की असावधानी से डिवाइडर वाली जगह में उतर गया, जिसे एक चार पहिया वाहन और चौराहे पर खड़े लोगों की मदद से आधे घंटे की मशक्कत के बाद बाहर निकाला। सिर्फ डिवाइडर ही नहीं अपितु संगम चौराहे से सरस्वती स्कूल के मध्य सड़क खुदी हुई पड़ी होने से उनमें पानी भरा है। इससे शिक्षक कॉलोनी के रहवासियों को परेशानी हो रही है।

## बिना रेलिंग की पुलिया से जान जोखिम में डाल निकल रहे ग्रामीण

**खरसौदकलां।** क्षेत्र में पिछले दो दिनों से हो रही तेज और रुक-रुककर बारिश के चलते चामला नदी उफान पर है। नदी का पानी पुलिया के ऊपर से बह रहा है। बावजूद ग्रामीण बिना रेलिंग की पुलिया से जान जोखिम में डालकर आवागमन करने को मजबूर हैं। बुधवार को भी नदी में पानी का बहाव तेज रहा। इस दौरान दोपहिया वाहन चालक उफनते पानी के बीच से पुलिया पार करते नजर आए। तहसील के वषार्मापी यंत्र के अनुसार पिछले दो दिनों में करीब एक इंच बारिश दर्ज हुई है। वहीं मानसून सीजन में अब तक कुल 463 मिलीमीटर बारिश हो चुकी है। धार क्षेत्र में अधिक बारिश होने के कारण चामला नदी का जलस्तर बढ़ा और मंगलवार-बुधवार को दिनभर नदी उफान पर रही। पानी बढ़ने से पुलिया के ऊपर से भी बहाव जारी रहा। नदी पर बनी पुलिया बिना रेलिंग की है। सामान्य दिनों में भी यहां से ग्रामीणों का आवागमन रहता है, लेकिन बारिश के दौरान नदी का पानी पुलिया के ऊपर से बहने लगता है, जिससे खतरा और बढ़ जाता है।

बड़ वृक्ष से प्रकट हुई थीं मां भगवती

# हरियाली अमावस्या पर लगा 'दिवासे का मेला'

### मां को लगा घेवर-फेनी का विशेष भोग

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़नगर



हरियाली अमावस्या के अवसर पर बुधवार को अति प्राचीन भगवती माता मंदिर में प्रतिवर्ष की तरह 'दिवासे का विशाल मेला भव्य रूप से आयोजित किया गया। मेले को लेकर मंदिर परिसर को आकर्षक रूप से सजाया गया था और मां भगवती का विशेष श्रृंगार किया गया।

मंदिर के पुजारी जितेंद्र भारती ने बताया कि वर्षों पूर्व संन्यासी मान भारती बाबा ने यहां भगवान भोलेनाथ की कठोर तपस्या की थी। उनकी तपस्या से प्रसन्न होकर भगवती माता बड़ यानी बरगद के वृक्ष से प्रकट हुईं और बाबा को दर्शन दिए। इसके बाद बाबा ने मंदिर का निर्माण कराया। मान्यता है कि तभी से इस नगर का नाम बड़नगर पड़ा और हरियाली अमावस्या पर दिवासा पर्व मनाने की परंपरा शुरू हुई। इस पावन अवसर पर मां भगवती को घेवर और फेनी का विशेष भोग लगाया गया। फूलों, शीशे और सुनहरे काम से सजी माता की प्रतिमा को गुलाबी-पीले गेंदा की माला और चांदी के मुकुट से सजाया गया। दर्शन के लिए सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं। मेले में बच्चों के लिए झूले, खिलौने तथा खान-पान की अनेक दुकानें सजीं। नगर सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु माता के दर्शन के लिए पहुंचे। प्रशासन द्वारा सुरक्षा के विशेष प्रबंध किए गए थे। जानकारी पवन भारती, आशुतोष भारती, देवपुरी गोस्वामी एवं सेठी भारती ने दी।

जीवदया प्रेमी-तत्वज्ञानी साध्वीजी श्री राजेंद्र श्रीजी म. सा. की पुण्यतिथि मनाई

# गौ सेवा, श्वान सेवा, पक्षी सेवा एवं पौधारोपण भी किया गया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ महिदपुर



पंजाब केसरी आत्मवल्लभ समुदायवर्तनी जीवदया प्रेमी, तत्वज्ञानी सरलमना, मृदुभाषी, महिदपुर नगर के पुण्यशाली धमार्नुरागी कोचर परिवार की कुल दीपिका एवं नाबरिया परिवार की स्नुषा साध्वीवर्या प.पू. राजेंद्र श्रीजी म.सा. की पुण्यतिथि पर समाजसेवी धर्मनिष्ठ पुण्यशाली नाबरिया परिवार के द्वारा जीवदया के अनुकरणीय कार्य के रूप में श्री आदिनाथ ग्रुप महिदपुर के माध्यम से श्री गोपाल गौशाला झारड़ा कटन पर सर्वप्रथम गौ माता को तीन महामंत्र नवकार सुनाकर गौ माता को हरा चारा, खीर पुरी, लापसी, खली, पशु आहार खीरा ककड़ी से आहार कराया गया।

श्वानो को दूध-बिस्कुट से आहार, पक्षियों को ज्वार दाने से आहार - एवं हरियाली अमावस्या के पावन पर्व पर कनेर के पौधों का पौधारोपण किया गया । इस अवसर पर पत्रकार जवाहर डोसी पीयूष ने कहा कि गुरुणी का जीवो के प्रति करुणा भाव एवं सा धार्मिक के प्रतिभक्ति उनकी रग रग में बसी थी। महापूजन एवं अभिषेक में विशेष रूचि थी। पूजन की विविध सामग्री उत्कृष्ट होना।

विधि विधान में शुद्धता के भाव से कराना आदि कई उदाहरण रहे हैं। उनके जीवन में सहिष्णिता एवं जीवात्मा एवं साधार्मिक के प्रति मैत्री भाव साफ दिखता था । श्री आदिनाथ ग्रुप के चमन सोनी ने बताया कि गुरुणी ज्ञान की भंडार थी आपकी ओजस्वी वाणी के मुखारविंद से तत्व ज्ञान पर प्रवचन द्वारा अनेक उदाहरणों द्वारा श्रावक श्राविकाओं को जीवन जीने की कला शैली एवं जीवों के प्रति करुणा भाव का संदेश हमेशा देती थी। निलेश सोगानी ने कहां की जीवदया ही धर्म का मूल है। जीवदया ही ईश्वर की सच्ची पूजा है । निलेश बछावत ने अपने शुभ भावों में गुरुणी के गुणगान कर उनके क्षमा करुणा दया के भाव को बताते हुए अपने जीवन में उनके इन गुणों से सीख लेनी की बात करते हुए उनके प्रति अपने शुद्ध भावो से श्रद्धा सुमन के साथ भावांजलि दी। नरेश नाबरीया ने कहा कि कोचर परिवार और नाबरिया परिवार से 14 पुण्य आत्माओ के द्वारा जिनशासन की दीक्षा अंगीकार की गई जो हमारे महिदपुर नगर के लिए गौरव की बात है। 14 ही दीक्षार्थी अपने संयम पथ के मार्ग पर अपनी संयम यात्रा कर रही हैं । इस संपूर्ण कार्यक्रम के लाभार्थी कोमलबाई धर्मचंदजी नाबरिया परिवार रहे। इस अवसर पर महेंद्र सोनगरा, ज्ञानचंद कोचर, गिरीश नाबरिया, संयम कासलीवाल, संदीप सेठिया, यांशु कोचर, अमन नाबरिया, परम सेठिया आदि उपस्थित थे ।

### भाजपा नगर मंडल ने निकाली तिरंगा रैली

दैनिक अवन्तिका ▸▸ महिदपुर

भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल द्वारा भव्य तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। विजय स्तंभ से शुरू हुई रैली नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए अंबेडकर चौक पहुंची। पूरे मार्ग में भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारों से नगर गूंज उठा। रैली में मातृशक्ति ने हाथों में तिरंगा लेकर नेतृत्व किया, वहीं बड़ी संख्या में युवा मोटरसाइकिलों पर तिरंगा लेकर शामिल हुए। विभिन्न संगठनों और नागरिकों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर रैली का स्वागत किया। आयोजकों ने सभी नागरिकों, कार्यकर्ताओं और मातृशक्ति का आभार व्यक्त किया।

### विशेष आधार अपडेशन अभियान का आयोजन

**महिदपुर।** उपडाकघर महिदपुर में दिनांक 13 व 14 अगस्त को प्रातः 8 बजे से शाम 6 बजे तक आयोजित विशेष आधार अपडेशन अभियान का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें सभी प्रकार के आधार सम्बंधित कार्य जैसे बायोमेट्रिक अपडेशन, मोबाइल नंबर अपडेशन, नाम एवं पता, नये आधार कार्ड आदि का कार्य किया जायेगा। मुख्य पोस्ट ऑफिस अधिकारी ने अधिक से अधिक जनमानस से इसका लाभ लेने का अनुरोध किया है।

### आईटीआई में प्रवेश के लिए पंचम चरण की प्रक्रिया शुरू

**तराना।** आईटीआई तराना में सत्र 2026-27 के लिए रिक्त सीटों पर प्रवेश हेतु पंचम चरण की ऑनलाइन पंजीयन प्रक्रिया शुरू हो गई है। प्राचार्य ओमप्रकाश सोलंकी ने बताया पंजीयन व चॉइस फिलिंग प्रक्रिया 16 अगस्त तक चलेगी।

आनंद सागरसूरीश्वर मसा की 152 वीं जयंती पर किया वंदन

# साध्वी सुधाशनाश्रीजी ने कहा- धन दौलत के साथ कभी धर्म से भी संपन्न होना न भूले

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़नगर

आगमोद्धारक आनंदसागर सूरिश्वरत्री मसा. की 152वीं जन्म जयंती पर आराधना भवन में गुणानुवाद सभा संपन्न हुई। इस अवसर पर साध्वी सुधाशनाश्रीजी ने कहा कि चारित्र लेना सरल बात नहीं है। वे माता-पिता अपने आपको भाग्यवान समझें, जिनकी संतान दीक्षा अंगीकार करती है।

उन्होंने कहा कि आनंदसागर सूरीश्वरजी म. सा. ने बाल्यावस्था में ही दीक्षा ले ली थी। पूर्व जन्म के पुण्य से ही धर्म मार्ग मिलता है। वैराग्य की भावना दृढ़ संकल्प से पूर्ण होती है।

नंद सागर सूरीश्वरजी ने आगमों के अध्ययन के साथ संरक्षण के प्रति अपना जीवन समर्पित किया। वे ज्ञानार्जन के साथ लप व त्याग मार्गपर चलें। साध्वी मुदिताश्रीजी ने पद्म में गुणानु?वाद किया। आपने उपस्थितजनों से कहा कि धन-दौलत के साथ धर्म से भी संपन्न होना न भूलें। वृद्धावस्था की ओर बढ़ने वाली पीढ़ी भी रात्रि भोजन व जमीकंद का त्याग नहीं करती है। साध्वीजी ने प्रेरक उद्बोधन में यह भी कहा कि मालवांचल में व्यवहार बिगड़ गया है। परिवार में मृत्यू उपरांत उठावने के साथ शोक निवारण का काम भी निपटा देते है। मात्र 12 दिन भी कोई बैठने को तैयार नहीं, घर में शोक संवेदना का वातावरण भी दिखाई नहीं देता है। आपने कहा कि शर्म की स्थिति यह है कि सज-धज कर शोक सभा होती है, हसी-मजाक भी चलती रहती है। अपने कर्तव्य को समझें।

गुणानुवाद सभा में नीलम बोहरा व चांदनी चलिया ने ₹गुरुदेव तुम्हारे चरणों में दो फूल चढ़ाने आई हूँ₹ गीत की प्रस्तुति दी। गुरु के प्रति सामूहिक वंदन के पूर्व प्रदीप बुरड, राजकुमार पारख, नितीन सरनोत, साकेल जैन गामा ने आगमोद्वारक गुरुदेव पर विचार रखें। श्री संघ के विजय गोखरू ने बताया कि साध्वीद्वय के चातुर्मास में चल रहे आयम्बिल तप का लाभ श्रीमती टीना बहन राठौर ने लिया। प्रभावना तेजमल गेंदालाल बरड़िया परिवार एवं श्री संघ ने वितरीत की संचालन अजीत बोहरा ने किया।

### हरियाली अमावस्या के उपलक्ष्य में मुक्ति धाम में लगाए गए पौधे

**सारंगपुर।** पेंशन संघ की महिला संगठन मंत्री आशा सोनी तथा महादेव मित्र मंडल के सुमित सोनी ने हरियाली अमावस्या के उपलक्ष में मुक्तिधाम में बिल्व पत्र, नीम तथा चंपा का पौधे रोपित किए तथा उन पर ट्री गार्ड लगाकर उन्हें वृक्ष बनने तक संरक्षण करने का संकल्प लिया। पौधारोपण के समय पर्यावरण प्रेमी विष्णु जोशी, नंदकिशोर सोनी, रामनारायण टेटवाल, जयहिंद दुबे, राजेंद्र टेटवाल, शिव नारायण मालवीय, रमेश चंद्र गुजरिया तथा हुकम सोनी मौजूद थे। इस अवसर पर स्थानीय व्यापारी गिरिराज गुप्ता ने अपने माता पिता की पुण्य स्मृति में पर्यावरण दल को पौधों के संरक्षण के लिए 2100 रु की आर्थिक सहायता दी।

# शासकीय महाविद्यालय बड़नगर में एनसीसी भर्ती संपन्न

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़नगर



शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बड़नगर में 12 अगस्त बुधवार को एनसीसी भर्ती प्रक्रिया सफलतापूर्वक संपन्न हुई। भर्ती के दौरान महाविद्यालय के दूर-दराज ग्रामीण परिवेश से आए विद्यार्थियों का उत्साह एवं जोश देखते ही बनता था। विद्यार्थियों ने अनुशासन, शारीरिक दक्षता एवं देशसेवा की भावना के साथ भर्ती प्रक्रिया में उत्साहपूर्वक भाग लिया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य सुनील उदीवाल ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए एनसीसी भर्ती में उनकी सहभागिता पर हर्ष व्यक्त किया। उन्होंने चयनित कैडेट्स को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि एनसीसी विद्यार्थियों में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास एवं राष्ट्रसेवा की भावना विकसित करने का महत्वपूर्ण माध्यम है। एनसीसी भर्ती प्रक्रिया के दौरान 21 एमपी बटालियन एनसीसी, रतलाम से सूबेदार सरताज आलम ने निरीक्षण एवं मार्गदर्शन प्रदान किया। वहीं शासकीय चिकित्सालय बड़नगर की ओर से डॉ. कुरैशी एवं डॉ. चन्नी लाड़ द्वारा विद्यार्थियों को आवश्यक मेडिकल सेवाएं उपलब्ध कराई गईं। इस अवसर पर महाविद्यालय की रखी गुप्ता ने छात्राओं एवं गर्ल्स कैडेट्स का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें एनसीसी के माध्यम से अनुशासन, आत्मविश्वास एवं राष्ट्रसेवा के लिए प्रेरित किया। भर्ती प्रक्रिया में 20 से अधिक कैडेट्स ने अपना स्थान सुरक्षित किया, वहीं 10 पुरुष कैडेट्स ने भी अपना स्थान सुनिश्चित किया। चयनित कैडेट्स में एनसीसी को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला। एनसीसी भर्ती प्रक्रिया के सफल आयोजन में महाविद्यालय प्रशासन, 21 एमपी बटालियन एनसीसी, शासकीय चिकित्सालय बड़नगर एवं महाविद्यालय के समस्त सहयोगी स्टाफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा।यह जानकारी एनसीसी केयरटेकर ऑफिसर मोहित नागर ने दी।



## भाजपा मंडल बड़ौद द्वारा निकाली गई तिरंगा यात्रा

**बडौद।** आगामी राष्ट्रीय पर्व के उपलक्ष्य में भाजपा मंडल बड़ौद के तत्वावधान में एक विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन नगर परिषद बडौद से किया गया जो नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए गांधी चौक पहुंची। इस यात्रा में बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ताओं युवाओं और स्थानीय नागरिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। देशभक्ति के नारे भारत माता की जय और वंदे मातरम के गगनभेदी नारों से पूरा बड़ौद शहर गूंज उठा। तिरंगा यात्रा शहर के मुख्य मार्गों और चौराहों से होते हुए गुजरी, जहां जगह-जगह नागरिकों द्वारा पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया गया। इस अवसर पर मंडल प्रभारी लक्ष्मण सिंह कावल ,विधायक प्रतिनिधि शंकरसिंह नरेला, नगर अध्यक्ष प्रतिनिधि सचिन लववंशी नगर उपाध्यक्ष प्रतिनिधि, सूरज सिंह परिहार ,कमल श्रीमाल, चंद्रश शर्मा, मंडल महामंत्री विपिन चौहान ,पारस जैन , मुकेश शर्मा आदि कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## चोरी करने वाले 3 आरोपी को किया गिरफ्तार, 1 लाख रुपए का माल किया जप्त

**ब्यावरा।** राजगढ़ जिले में चोरी, नकबजनी एवं संपत्ति संबंधी अपराधों पर अंकुश लगाने हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना प्रभारी सुठालिया(मऊ) उप निरीक्षक अनिल राहोरिया ने कार्रवाई करते हुए दो प्रकरणों में 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से 5 पानी की मोटरें कीमत 50 हजार रुपए व एक मोटर साईकिल कीमत 50 हजार रुपए कुल कीमत 1 लाख रुपए का माल जप्त किया। सुठालिया क्षेत्रान्तर्गत ग्राम लक्ष्मणपुरा में रात्रि के समय अज्ञात चोरों ने एक कुंए से 5 पानी की मोटरों को चोरी किया था जिसमें फरियादी इंदरसिंह सौधिया की रिपोर्ट पर मामला कायम कर विवेचना में लिया। विवेचना के दौराने सायबर सेल राजगढ की मदद से एवं मुखबीर सूचना पर संदेही जगदीश पिता सालगराम भील 22 साल निवासी लडीयाखेडा, जामनेर जिला गुना, मेहरवानसिहं पिता प्रभूलाल भील 39 साल निवासी पहाडगढ, जामनेर जिला गुना को पुलिस अभिरक्षा मे लेकर पूछताछ की जिन्होंने चोरी की बारदात को अंजाम देना स्वीकार किया उक्त आरोपियो को गिरफ्तार कर मामलो मे चोरी गई 5 पानी की मोटरें कीमत 50 हजार रुपए को जप्त कर कब्जे में लिया आरोपियो को न्यायालय पेश किया गया है। सायबर सेल राजगढ एवं मुखबीर सूचना पर प्रकरण में संदेही मंगू उर्फ मांगीलाल पिता भारत सिंह भील 19 साल निवासी ग्राम गोविंदपुरा थाना मधुसुदनगढ जिला गुना को पुलिस अभिरक्षा मे लेकर पूछताछ की जिसने चोरी की बारदात को अंजाम देना स्वीकार किया आरोपी को गिरफ्तार कर मामलो मे चोरी गई मोटर साईकिल को जप्त कर कब्जा पुलिस लेकर आरोपी को न्यायालय पेश किया गया है।

## कलेक्टर ने ग्राम दाबड़िया का किया आकस्मिक निरीक्षण



**आगर-मालवा।** जन विश्वास अभियान के अंतर्गत आज जिला कलेक्टर डॉ. शेर सिंह मीना ने ग्राम दाबड़िया का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने सर्वप्रथम राशन दुकान का जायजा लिया। उन्होंने सीमा बाई एवं सुहाग बाई को अपने समक्ष में दो माह का राशन दिलवाया। ग्रामीणों से संवाद कर राशन दुकान के नियमित खुलने एवं समय पर राशन वितरण की जानकारी ली। कलेक्टर ने गेहूं एवं चावल की गुणवत्ता को भी परखा। इसके पश्चात कलेक्टर ने ग्राम के माध्यमिक विद्यालय का निरीक्षण किया। कक्षा 7 एवं 8 के विद्यार्थियों से संवाद करते हुए उन्होंने तीन छात्राओं से बारी-बारी से पढ़ाए जा रहे अंग्रेजी के पाठ को पढ़वाया। कलेक्टर ने शिक्षकों को निर्देश दिए कि विद्यार्थियों से नियमित रूप से अंग्रेजी लेखन एवं वाचन की प्रैक्टिस करवाई जाए। विद्यालय भवन की छत से पानी रिसाव की शिकायत पर उन्होंने सरपंच एवं उप यंत्री को छत की मरम्मत, वाटर प्रूफिंग एवं छत पर जल निकासी की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

## वैन लटकाकर आगजनी करने वाले तीन पर लगाई रासुका

**बड़नगर।** मोहर्रम जुलूस के दौरान जिले के बड़नगर में क्रेन से वैन लटकाकर पटाखों और आगजनी के खतरनाक प्रदर्शन के मामले में पुलिस और प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। घटना के तीन मुख्य आरोपियों के खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम रासुका के तहत कार्रवाई करते हुए उन्हें तीन महीने के लिए केंद्रीय जेल भैरवगढ़ भेज दिया है। गृह विभाग ने भी जिला प्रशासन के इस डिटेंशन आदेश की पुष्टि कर दी है। एसपी प्रदीप शर्मा ने कहा कि मामले में सख्त कदम उठाया है। एएसपी करणदीप सिंह, एसडीओपी बड़नगर महेंद्रसिंह परमार और बड़नगर थाना प्रभारी कमलेश सिंगार की टीम को जांच में जुटाया था। पुलिस के अनुसार अडान मोहल्ला स्थित हुसैनी अखाड़ा द्वारा 23 जून को जुलूस में क्रेन की मदद से एक पुरानी वैन को हवा में लटकाया गया था। इसके बाद उसमें पटाखे लगाकर आगजनी का खतरनाक स्टंट किया, जिससे इलाके में अफरा-तफरी और जनसुरक्षा का खतरा पैदा हो गया था।

# स्कूली स्तर पर दी जाए वित्तीय शिक्षा



**कृति** खरबंदा हाल ही में नई दिल्ली में आयोजित 'वी वुमेन वॉन्ट कॉन्क्लेव एंड शक्ति अवॉर्ड्स 2026' में भाग लेते हुए स्कूली स्तर पर वित्तीय शिक्षा शुरू करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि बच्चों को शुरू से ही पैसे कमाने, बचाने और निवेश करने की शिक्षा मिलनी चाहिए, ताकि वे भविष्य में आत्मनिर्भर बन सकें। अपना व्यक्तिगत अनुभव साझा करते हुए एक्ट्रेस ने बताया कि उन्होंने न सिर्फ 17 साल की उम्र से ही कमाना शुरू कर दिया था, बल्कि परिवार की जिम्मेदारी भी संभाली थी। कृति ने कहा, मैं हमेशा से एक लड़की और महिला के तौर पर आत्मनिर्भर बनने की समर्थक रही हूं। इस साल फरवरी से मैंने दोबारा पढ़ाई शुरू कर दी है और फिलहाल जियोपॉलिटिक्स के साथ अपने फाइनान्स को भी संभालना सीख रही हूं।

कृति ने कहा कि वह पहली बार अपना पूरा फाइनेंशियल पोर्टफोलियो खुद संभाल रही हैं और यह हर किसी को सीखना चाहिए। उन्होंने कहा, ₹जिस तरह हम हर महीने पीरियड्स और ओवरऑल वेल-बीइंग की बात करते हैं, उसी तरह बच्चों को यह भी सिखाया जाना चाहिए कि पैसे कैसे कमाने हैं, बचाने हैं, इन्वेस्ट करना है और फाइनान्स कैसे काम करता है।₹ उन्होंने कहा कि वित्तीय शिक्षा की कमी के कारण किशोरावस्था में कई बार बच्चों को आम जीवन के जरूरी फैसले लेना मुश्किल हो जाता है।

# 26 साल बाद हिंदी फिल्मों में कमबैक



**शिल्पा** शिरोड़कर 1990 के दशक की पॉपुलर एक्ट्रेस रही हैं। उनकी दमदार एक्टिंग और डांसिंग के लोग कायल थे। उनकी आखिरी हिंदी फिल्म 'गज गामिनी' थी, जो साल 2000 में रिलीज हुई थी। अब लगभग 26 साल बाद शिल्पा इंडस्ट्री में वापसी करने जा रही हैं। खबर है कि उनकी 'मालामाल वीकली 2' में एंट्री हो गई है। जल्द ही वह शूटिंग शुरू करेंगी। 'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' फेम डायरेक्टर अमित जोशी की इस कॉमेडी फिल्म में रवीना टंडन और परिणीति चोपड़ा भी काम कर रही हैं। जबकि परेश रावल की एंट्री पहले से ही कन्फर्म हो चुकी है। यह फिल्म साल 2006 में आई 'मालामाल वीकली' की सीक्वल फिल्म होगी। शिल्पा 'जटाधरा' से साउथ फिल्मों में कमबैक कर चुकी हैं।

# सुकृति कक्कड़ की सगाई



**गायिका** सुकृति कक्कड़ ने अपने ब्वॉयफ्रेंड शौमिक शेट्टी से सगाई कर ली है। इसकी खूबसूरत तस्वीरें उन्होंने इंस्टाग्राम पर साझा की हैं। एक तस्वीर में शौमिक घुटनों पर बैठकर उन्हें अंगूठी पहनाते दिख रहे हैं। अन्य तस्वीरों में दोनों के रोमांटिक पलों की झलक देखने को मिलती है, जिसमें खूबसूरत नजारों के बीच डिनर डेट भी शामिल है। गायिका ने कैप्शन में लिखा, ₹आज, कल, हमेशा। साथ में अंगूठी और दिल वाला इमोजी जोड़ा। सुकृति के मंगेतर शौमिक मुंबई में रहने वाले और पेशे से बिजनेसमैन हैं, जो स्वास्थ्य और हॉस्पिटैलिटी के क्षेत्र में सेवाएं देते हैं। सुकृति की बात करें, तो उन्होंने कपूर एंड सन्स' के गाने 'कर गई चुल्ल' और 'पठान' के गाने 'झूमे जो पठान' में आवाज देकर लोकप्रियता हासिल की है।

# टाइगर संग फिल्म पश्मीना ने दिखाई झलक



**ऋतिक** रोशन की चचेरी बहन पश्मीना रोशन ने लगभग दो साल पहले फिल्म 'इश्क विश्क रिबाउंड' से एक्टिंग करियर शुरू किया था। पहली फिल्म तो चली नहीं, अब दूसरी फिल्म में उनकी जोड़ी टाइगर श्रॉफ के साथ देखने को मिलेगी। दोनों कोरियोग्राफर डायरेक्टर रेमो डिसूजा के निर्देशन में काम कर रहे हैं। यह एक एक्शन फिल्म होगी। पश्मीना ने हाल ही में फिल्म के सेट से कुछ बिहाइंड-द-सीन तस्वीरें शेयर कीं, जिनमें उनके शूटिंग रुटीन की झलक देखने को मिली। शेयर की गई तस्वीरों में पश्मीना शूट के बीच अपनी वैनिटी वैन में नजर आ रही हैं। मेकअप रूम के कुछ कैंडिड मोमेंट्स के साथ उन्होंने अपनी स्क्रिप्ट की एक तस्वीर भी शेयर की है। पश्मीना ने पोस्ट में लिखा है, फिल्म के सेट पर बिताए दिनों से बेहतर कुछ नहीं, लेकिन इस बार का सफर कुछ ज्यादा ही खास है।

## देश के लिए क्रिकेट खेलना चाहते थे सुनील

**सुनील** शेट्टी की जन्मतिथि 11 अगस्त 1961 है और अब वह 65 वर्ष के हो गए हैं। हालांकि, उनकी कद-काठी और फिटनेस देखकर उनकी उम्र का अंदाजा लगा पाना मुश्किल है। कर्नाटक के मैंगलोर के निकट मुल्की में जन्मे सुनील ने 1992 में फिल्म 'बलवान' से एक्टिंग करियर शुरू किया था। आपको जानकर हैरानी होगी कि इस फिल्म में सुनील के साथ काम करने के लिए कोई एक्ट्रेस तैयार नहीं थी। बाद में दिवंगत अभिनेत्री दिव्या भारती राजी हो गई और सुनील के साथ उनकी जोड़ी देखने को मिली। अच्छी बात यह रही कि पहली ही फिल्म से सुनील एक्शन हीरो बनकर उभरे और उन्होंने 1994 की 'मोहरा' से लेकर 'धड़कन', 'दिलवाले', 'गोपी किशन', 'कृष्णा', 'रक्षक', 'बॉर्डर', 'हेराफेरी' समेत कई शानदार फिल्में दीं। एक्टर ने एक इंटरव्यू में बताया था कि उन्हें एक्टिंग का कोई शौक नहीं था। वह क्रिकेटर बनना चाहते थे और अपने देश के लिए खेलना चाहते थे। खिलाड़ी बनने के लिए उन्होंने मार्शल आर्ट सीखा, फिटनेस पर ध्यान दिया। वह किक बॉक्सिंग में ब्लैक बेल्ट हैं।

# Sport

गॉल टेस्ट- भारत तीन लेफ्ट आर्म स्पिनर उतार सकता है

## गेंदबाजी कोच मोर्केल ने संकेत दिए, कहा- कुलदीप, जडेजा और सुथार की स्किल्स अलग

एजेंसी ▶▶ मुंबई

भारत गॉल टेस्ट में तीन लेफ्ट आर्म स्पिनर उतार सकता है। टीम के बॉलिंग कोच मोर्ने मोर्केल ने गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में इसके संकेत दिए। टीम कुलदीप यादव, मानव सुथार और रवींद्र जडेजा को प्लेइंग-11 में मौका दे सकती है। मोर्केल ने कहा- ह्यतीनों गेंदबाज की स्किल्स अलग-अलग है। इनमें 20 विकेट लेने की काबिलियत है। कुलदीप बाएं हाथ की कलाई वाली स्पिन से गेंदबाजी करते हैं। जडेजा लगातार विकेट पर गेंदबाजी कर सकते हैं। वहीं सुथार उंचे कद के साथ पुराने दौर वाली बाएं हाथ की स्पिन डालते हैं।'

मोर्केल ने कहा कि- गॉल की पिच पर भारत के स्पिन गेंदबाज टीम को अटैकिंग ऑप्शन देते हैं। मैच आगे बढ़ने के साथ पिच पर स्पिनरों को मदद करेगी।' उन्होंने कहा- यहां खेले गए मैचों पर नजर डालें तो तीन स्पिनरों के साथ जाना सही लगता है।'

हालांकि मोर्केल का मानना है कि कप्तान शुभमन गिल इन गेंदबाजों का कैसे इस्तेमाल करते हैं, इसपर काफी कुछ निर्भर करेगा। टीम मोहम्मद सिराज के साथ एक और तेज गेंदबाज खेल सकता है। मोर्केल ने कहा कि प्रसिद्ध और गुरनूर में से जिसे प्लेइंग-11 में जगह मिलेगी, वह जिम्मेदारी निभाएंगे। उन्होंने कहा कि दोनों ने काफई डोमेस्टिक क्रिकेट खेला है।



### शॉर्ट बॉल का समझदारी से इस्तेमाल हो

मोर्केल ने माना कि उनके सामने सबसे बड़ी चुनौती गर्मी होगी। इसके अलावा उन्होंने कहा- तेज गेंदबाज के लिए 20 से 35 ओवर के बाद गेंद नरम हो जाएगी। गेंदबाजों को क्रीज का इस्तेमाल करने और शॉर्ट बॉल के इस्तेमाल में समझदारी दिखाने की जरुरत है।'

## बांग्लादेश के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया का लोएस्ट स्कोर

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश के खिलाफ डार्विन में खेले जा रहे पहले टेस्ट की पहली पारी में ऑस्ट्रेलिया 198 रन पर ऑलआउट हो गई। यह टेस्ट क्रिकेट में बांग्लादेश के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया का सबसे कम स्कोर है। बांग्लादेश के लिए हसन महमूद ने 17 ओवर में 55 रन देकर 6 विकेट लिए। तस्कीन अहमद और इबादत हुसैन को 2-2 विकेट मिले। बांग्लादेश ने पहले दिन का खेल खत्म होने तक 1 विकेट पर 96 रन बना लिए। एकमात्र विकेट मिचेल स्टार्क ने लिया। उन्होंने टेस्ट में सबसे ज्यादा विकेट लने वाले गेंदबाजों में कपिल देव की बराबरी कर ली। दोनों के 434 विकेट हैं।

## भारत पहली बार कॉमनवेल्थ फेंसिंग का ओवरऑल चैंपियन

**नई दिल्ली।** भारत ने नाइजीरिया के लागोस में कॉमनवेल्थ फेंसिंग चैंपियनशिप में पहली बार ओवरऑल चैंपियनशिप का खिताब जीता है। भारतीय फेंसर्स ने सीनियर और अंडर-23 कैटेगरी में कुल 35 मेडल जीते। इस प्रदर्शन के लिए भारत को विल्किंसन स्वॉर्ड ट्रॉफी भी मिली। यह कॉमनवेल्थ फेंसिंग फेडरेशन की ओर से चैंपियनशिप में सबसे अच्छे ओवरऑल प्रदर्शन के लिए दी जाती है। भारत ने पहली बार इस ट्रॉफी को अपने नाम किया है। सीनियर भारतीय फेंसर्स ने प्रतियोगिता के चौथे दिन 6 इवेंट में से 5 में गोल्ड जीते।

### नैनो न्यूज

- **हॉकी विश्व कप कल से** – 2026 हॉकी विश्व कप 15 अगस्त से बेल्जियम-नीदरलैंड्स में शुरू होगा। भारत पुरुष और महिला दोनों वर्गों में उतरेगा।
- **हसन महमूद चमके** – बांग्लादेश के तेज गेंदबाज हसन महमूद ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 6 विकेट लेकर करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया।
- **श्रीलंका से भिड़ेगा भारत** – भारत और श्रीलंका के बीच पहला टेस्ट 15 अगस्त से गॉल में खेला जाएगा। शुभमन गिल की टीम ने तैयारी शुरू कर दी है।
- **गंभीर के समर्थन में हरभजन** – पूर्व भारतीय स्पिनर हरभजन सिंह ने आलोचनाओं के बीच मुख्य कोच गौतम गंभीर का समर्थन किया और उन्हें समय देने की बात कही।
- **भारत ने ASEAN कप छोड़ा** – भारतीय फुटबॉल टीम ने अक्टूबर में ब्राजील के खिलाफ प्रस्तावित मुकाबले को प्राथमिकता देते हुए FIFA ASEAN Cup से हटने का फैसला किया।
- **स्वियातेक फाइनल में** – इगा स्वियातेक ने एलिना स्वितोलिना को 6-3, 1-6, 6-3 से हराकर कनाडियन ओपन के फाइनल में जगह बनाई।
- **रिबाकिना से होगा मुकाबला** – एलेना रिबाकिना ने कोको गॉफ को 5-7, 6-2, 6-2 से हराकर स्वियातेक के साथ फाइनल मुकाबला तय किया।

अटल-जादरान में 231 रन की साझेदारी, 16 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा

## अफगानिस्तान ने आयरलैंड को 42 रन से हराया

एजेंसी ▶▶ बेलफास्ट

अफगानिस्तान ने बुधवार को बेलफास्ट में आयरलैंड पर 42 रन की जीत दर्ज की। टीम ने 5 मैचों की सीरीज में 3-0 की अजेय बढ़त बना ली। सीरीज का आखिरी मैच 15 अगस्त को बेलफास्ट में ही खेला जाएगा।

अफगानिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 9 विकेट पर 343 रन बनाए। सेदिकुल्लाह अटल ने 143 और इब्राहिम जादरान ने 107 रन बनाए। जवाब में आयरलैंड 48 ओवर में 301 रन पर ऑलआउट हो गई। एंडी बालबर्नी ने 109 और कर्टिस कैम्फर ने 84 रन बनाए।

अफगानिस्तान से यमीन अहमदजई ने 4 विकेट और राशिद खान ने 3 विकेट लिए। आयरलैंड के मैकडोनफ ने 3 और गेविन होई ने 2 विकेट चटकाए। अटल को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।




अफगानिस्तान को शुरूआत में ही झटका लगा। पिछले मैच के टॉप स्कोरर रहमानुल्लाह गुरबाज दूसरे ओवर में आउट हो गए। इसके बाद अटल और जादरान ने दूसरे विकेट के लिए 231 रन की साझेदारी करके पारी संभाली। यह वनडे में अफगानिस्तान के लिए इस विकेट की सबसे बड़ी साझेदारी है।

दोनों ने 16 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा। यह रिकॉर्ड करीन सादिक और मोहम्मद शहजाद के नाम था, जिन्होंने स्कॉटलैंड के खिलाफ 218 रन की साझेदारी की थी।

**आवश्यकता**
छुरी वाली कटिंग मशीन एवं सर्कलकटिंग मशीन ऑपरेटर की जो दोनों मशीन चलाना जानता हो, चौकीदार की जो रात दिन फैक्ट्री पर रह सके.
संपर्क करे
श्री हरि पेपर इंडस्ट्री
8 मक्सी रोड इंडस्ट्रियल एरिया प्रवाह पेट्रोल पंप के पीछे, उज्जैन
मोबाइल 9425358095

**आवश्यकता**
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉ. मि. स्कूल भैरवगढ़ में अध्यापन हेतु शिक्षक-शिक्षिकाओं की आवश्यकता है- अनुभवी एवं प्रशिक्षित को प्राथमिकता-
**योग्यता-** B.E.D/D.E.D./Deled
**वेतन-** 7000 से 8000 प्रतिमाह
राजेश राव हाण्डे- 9977588698
Head Master
Shri Sanskriti Convent Middle School, Bhairavgar

**जमीन बेचना है**
ग्राम सुमराखेड़ा (तहसील तराना) में मेन रोड से एक खेत छोड़कर रेल पटरी से दक्षिण दिशा में भूमि खेत साढ़े तीन बीघा एवं बिड़ ढाई बीघा बेचना है।
संपर्क करें
940 6801069

**किराए से देना है**
शहर के मध्य, पुराने दारू गोदाम के सामने, बुनकर समिति के अंदर 1500 & 2000 SQFT कमर्शियल व गोडाउन उपयोग हेतु 16 फीट ऊंचाई टीन शेड, बोरिंग सुविधा, अटैच लेट-बाथ, सर्व सुविधा युक्त
6267735937

**खरीदना / किराए से चाहीए**
उज्जैन में कोई भी छोटी होटल या होम स्टे, जो चालू अवस्था में हो खरीदना / किराए से चाहीए
संपर्क
9893374872

**किराए से देना है**
ऑफिस किराए से देना है सी/21 नानाखेड़ा बस स्टैंड के सामने श्रीगंगा के ऊपर प्रथम मंजिल फ्रंट साईड लगभग 500 वर्ग फिट फाइनेंस कंपनी,या मोबाईल कंपनी को प्राथमिकता दी जावेगी
संपर्क करें - रवि गुप्ता
9926466157

**मकान बेचना है**
साईज 16X25, चार मंजिला होमस्टे हेतु उपयुक्त। कुंआ, दुकान सहित मकान बेचना है
पता
रामरतन शर्मा मार्ग, उज्जैन
फोन: 7869850570
9827832632

**बेचना है**
अगरबत्ती का कारखाना बेचना है, वियतनाम ऑटोमैटिक मशीन। ड्रायर मिक्सर और अन्य सामान बेचना है। स्थान- नागझिरी, उज्जैन
संपर्क
9111328540

**मकान बेचना है**
साईज 16X25, चार मंजिला होमस्टे हेतु उपयुक्त। कुंआ, दुकान सहित मकान बेचना है
पता
रामरतन शर्मा मार्ग, उज्जैन
फोन: 7869850570
9827832632

**आवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक-युवती की। पेन्ट-शर्ट बनाने वाले कारीगर की भी आवश्यकता है।
संपर्क करें
9575555715,
9425094114

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क
7773077762

**प्रॉपर्टी बेचना है**
प्रॉपर्टी बेचना है इंदौर में 1. 700, sqft शॉप मेन रोड, 2. 1500,sqft plot भवर कुआं चौराहे पर, 3. 1500,sqft plot पर बना हुआ शोरूम मेन खंडवा रोड पर, 4. 2,लाख किराए पर लगे बैंक, 5. हॉस्टल विष्णुपुर में, 6. शोरूम विजय नगर में, 7. 1200,sqft रानी बाग में 8. 1500,sqft इंद्रपुरी में 9. रेस्टोरेंट विजय नगर में, 10. लक्जरी फार्म हाउस
संपर्क करें
पीसी राजपूत रीयल एस्टेट
9893713817

**प्रवेश प्रारंभ**
**आवश्यकता है:-** शिक्षक / शिक्षिकाओ की (अंग्रेजी माध्यम स्कूल में)
**योग्यता :-** ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट,
**आफिस समय**
10 से 01 बजे तक
**आवेदन:** 23-06-2026
सेन्ट मदार कान्वेंट स्कूल
36, मदार गेट सरदार स्टील के पास उज्जैन
फोन नम्बर:-2557390

**तुरंत आवश्यकता है**
1 ग्राम ज्वेलरी व आर्टिफिशियल ज्वेलरी की मार्केटिंग के लिए युवक-युवतियों की आवश्यकता है। वेतनमान 15000 से शुरु। ड्यूटी 8 घंटे। कार्य क्षेत्र सिर्फ उज्जैन शहर के लिए।
नोट: इच्छुक व्यक्ति एजेंसी लेने हेतु संपर्क करें।
बाबा डायरेक्ट मार्केटिंग कंपनी
मालीपुरा, उज्जैन
मोबाइल- 9981248359

दैनिक अवन्तिका

www.awantika.com

INDORE METROPOLITANE DHAR • JHABUA • ALIRAJPUR

उज्जैन शुक्रवार 14, अगस्त 2026 | 12

## न्यूज कॉलम

### झाबुआ में गुरुपद महापूजन सैकड़ों गुरुभक्त पहुंचे

**झाबुआ।** झाबुआ में गुरुवार को गुरुद्विशताब्दी वर्ष और गुरुपद तप के निमित्त ऐतिहासिक गुरुपद महापूजन का आयोजन किया गया। पूज्य साध्वी श्री अविचलदृष्टा श्रीजी महाराज साहेब आदि ठाणा 7 की पावन निश्रा में आयोजित इस धार्मिक अनुष्ठान में 36 जोड़ों समेत सैकड़ों श्रद्धालुओं ने सहभागिता की। यह महापूजन दोपहर 12:39 बजे प्रभु श्रीमद् विजय राजेन्द्र सूरीश्वरजी महाराज के मंदिर प्रांगण में संपन्न हुआ। साध्वी श्री ने शास्त्रोक्त विधि-विधान और विभिन्न मंत्रोच्चार के साथ पूजन प्रक्रिया संपन्न कराई। पूजा अर्चना के दौरान जावरा से आए प्रसिद्ध संगीतकार आशीष चोरड़िया और उनकी टीम ने संगीतमय प्रस्तुतियां दीं।

### सूने मकान से 13 .50 लाख की अवैध शराब मिली

**आलीराजपुर।** आलीराजपुर जिले के उदयगढ़ कस्बे में आबकारी विभाग ने अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई की है। विभाग ने एक सूने मकान पर छापा मारकर 230 पेटी अवैध शराब जब्त की है। जब्त की गई शराब की कीमत करीब 13 लाख 50 हजार रुपए बताई जा रही है। बुधवार को जिला आबकारी अधिकारी राधेश्याम राय ने बताया कि विभाग को मुखबिर से गुप्त सूचना मिली थी। इसी खबर के आधार पर आबकारी विभाग की विशेष टीम ने उदयगढ़ कस्बे के एक संदिग्ध सूने घर पर दबिश दी। जब मकान की तलाशी ली गई, तो अंदर भारी मात्रा में अवैध शराब का जखीरा छिपाकर रखा हुआ मिला।

### मनावर में 1.5 किमी लंबी तिरंगा यात्रा निकली

**मनावर।** मनावर में गुरुवार शाम भाजपा की ओर से तिरंगा यात्रा निकाली गई, जिसमें सभी धर्मों के हजारों लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। लगभग 1.5 किलोमीटर लंबी इस यात्रा में बच्चे, लोग और नेता सब एक साथ पैदल चले। यात्रा की शुरूआत शाम 4 बजे मान नदी किनारे स्थित लोहार समाज के राम मंदिर से हुई। हाथों में तिरंगा थामे बड़ी संख्या में नेता, युवा और आम लोग आगे बढ़ते रहे। इस दौरान बोहरा समाज का बैंड और करीब 1000 स्कूली छात्राएं हाथों में तिरंगा लिए यात्रा की खास रौनक बनीं। यात्रा का समापन धार रोड स्थित कृषि उपज मंडी में भारत माता की आरती के साथ हुआ।

### धार में यात्री बस ने स्कूल बस को मारी टक्कर



**12 महिलाएं समेत 16 घायल, सभी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया**

**धार।** धार के नौगांव थाना क्षेत्र में गुरुवार सुबह इंदौर-अहमदाबाद राष्ट्रीय राजमार्ग पर यात्री बस और स्कूल बस की टक्कर हो गई। हादसा पीपलखेड़ा के पास हुआ, जिसमें 16 लोग घायल हो गए। सभी घायलों को उपचार के लिए धार जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे के बाद मौके पर कुछ देर अफरा-तफरी की स्थिति बनी रही। जानकारी के अनुसार, निजी यात्री बस इंदौर की ओर जा रही थी, जबकि स्कूल बस बच्चों को लेने के लिए घटाबिल्लौद की तरफ जा रही थी। इसी दौरान पीपलखेड़ा के पास यात्री बस का चालक ओवरटेक करने का प्रयास कर रहा था। इसी दौरान दोनों बसों की टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों बसों को नुकसान पहुंचा। हादसे के बाद आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर बचाव कार्य शुरू किया और बसों में फंसे यात्रियों को बाहर निकाला। घटना की सूचना मिलते ही 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची। सभी घायलों को एंबुलेंस की मदद से धार जिला अस्पताल लाया गया। जिला अस्पताल के सिविल सर्जन मुकुंद बर्मन के अनुसार, कुल 16 मरीज अस्पताल पहुंचे हैं। इनमें 12 महिलाएं, एक स्कूली बच्ची और 3 पुरुष शामिल हैं। सिविल सर्जन ने बताया कि सभी घायलों को मामूली चोटें आई हैं और उनका उपचार किया जा रहा है।

## नैनो न्यूज

- **प्याज के दामों में तेजी-** इंदौर मंडी में प्याज की कीमतों में तेजी का माहौल बना हुआ है। आवक और मांग के बीच कारोबारियों की नजर बाजार पर है।
- **मंडी में सब्जियों की आवक-** इंदौर सब्जी मंडी में विभिन्न सब्जियों की आवक जारी है। स्थानीय बाजारों में मांग के अनुसार कीमतों में उतार-चढ़ाव देखा जा रहा है।
- **त्योहारी खरीदारी से बाजार गुलजार-** रक्षाबंधन के पहले इंदौर के प्रमुख बाजारों में खरीदारी बढ़ने लगी है। कपड़ा, राखी, मिठाई और उपहार कारोबारियों को अच्छी ग्राहकी की उम्मीद है।
- **कपड़ा बाजार में ग्राहकी बढ़ी-** त्योहारी सीजन शुरू होने से कपड़ा कारोबारियों के यहां ग्राहकों की आवाजाही बढ़ी है। व्यापारियों को आने वाले दिनों में बिक्री और बढ़ने की उम्मीद है।
- **राजवाड़ा बाजार में चहल-पहल-** त्योहारी खरीदारी को लेकर ग्राहकों की आवाजाही बढ़ी है। दुकानदारों ने नए स्टॉक और आकर्षक विकल्प तैयार किए हैं।
- **खजूरी बाजार में कारोबार तेज-**त्योहार को लेकर खरीदारी बढ़ी है। विभिन्न दुकानों पर ग्राहकों की आवाजाही सामान्य दिनों की तुलना में बेहतर बनी हुई है।

यात्रा से पहले मंच से देशभक्ति गीतों की प्रस्तुतियां देकर कलाकारों ने बढ़ाया उत्साह

# जयघोष के साथ राष्ट्रपथ तिरंगा यात्रा निकली, बड़ी संख्या में शामिल हुए लोग

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

वंदेमातरम गीत के 150 साल के अवसर पर इंदौर के संकल्पित युवा-विकसित भारत के जयघोष के साथ राष्ट्रपथ तिरंगा यात्रा निकली। राष्ट्र की स्वाधीनता और भारतवासियों को राष्ट्रभक्ति और राष्ट्र उत्कर्ष की प्रेरणा देने वाले वंदे मातरम गीत के 150 वें वर्ष के अवसर पर राष्ट्र पथ तिरंगा यात्रा समिति के माध्यम से पूरे इंदौर के युवाओं और लोगों की तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया।



### बड़ी संख्या में लोग और जनप्रतिनिधि शामिल

यह यात्रा देवी अहिल्या विश्वविद्यालय (तक्षशिला) परिसर से शुरू होकर भंवरकुआं पर टंट्यामामा प्रतिमा से राजीव गांधी चौराहे से वापस भंवरकुआं होते हुए वापस देवी अहिल्या विश्वविद्यालय पर सामूहिक वंदे मातरम गीत के साथ समाप्त हुई। इस यात्रा में बड़ी संख्या में लोग और जनप्रतिनिधि शामिल रहे।
इंदौर में राष्ट्रपथ तिरंगा यात्रा से पहले मंच से देशभक्ति गीतों की प्रस्तुतियां दी गईं। कलाकारों की प्रस्तुति पर कार्यक्रम में मौजूद लोग उत्साह बढ़ाया गया। मौके पर बड़ी संख्या में युवा और भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

11 साल पुराने ब्लाइंड मर्डर का खुलासा

# क्रिकेटर से छेड़छाड़ करने वाला हत्या में गिरफ्तार

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

खजराना पुलिस ने 11 साल पुराने ब्लाइंड मर्डर का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। वहीं तीसरे आरोपी की मौत हो चुकी है।

17 अप्रैल 2015 को खजराना बायपास के पास 17 वर्षीय कृष्णा की हत्या सोने का लॉकेट देखकर अकील खान उर्फ नाईट्रा, मोहम्मद आरिफ उर्फ महुआ और परवेज ने की थी। हत्यारोपी अकील ने ही दिसंबर 2025 में भारत आई ऑस्ट्रेलियन महिला क्रिकेटर से भी छेड़छाड़ की थी।



### जेल में कैदी को दी धमकी

जेल में कैदी को दी धमकी जिससे खुला हत्या का राज अकील जब इंदौर जेल में बंद था, तब बैरक में कैदी से झगड़े के दौरान कैदी को धमकाते हुए कृष्णा की हत्या का भी जिक्र कर दिया। जमानत पर जेल से बाहर आए इसी कैदी से यह बात पुलिस तक पहुंची। इसके बाद पुलिस ने पहले आरिफ को गिरफ्तार किया। उससे पूछताछ के बाद अकील को भी गिरफ्तार किया लिया है।

इसलिए पकड़ में नहीं आए आरोपीः हत्या के बाद तीनों आरोपी फरार हो गए। इसके बाद उन्होंने बायपास पर एक कार भी लूटी और उज्जैन पहुंचकर एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी। इस मामले में उज्जैन पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। अकील और आरिफ करीब 8 साल जेल में रहे। परवेज की जेल में ही मौत हो गई। जमानत पर छूटने के बाद आरिफ उज्जैन में रहने लगा, जबकि अकील इंदौर आकर आजाद नगर में रहने लगा। इस वजह से कृष्णा हत्याकांड में पुलिस को आरोपियों का सुराग नहीं मिल सका।

# लिवइन में रखकर शादी से किया इनकार

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

भंवरकुआ इलाके में दो युवतियों से शादी का झांसा देकर रेप के मामले सामने आए हैं। दोनों मामलों में पुलिस ने बुधवार को एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की है। एक मामले में आरोपी युवती को लिवइन में रखकर शादी की बात टालता रहा, जबकि दूसरे मामले में आरोपी ने शादी से इनकार कर पीड़िता का नंबर ब्लॉक कर दिया।

पुलिस के मुताबिक 22 साल की युवती की शिकायत पर अजय पुत्र शंकर मंसारे के खिलाफ रेप की एफआईआर दर्ज की गई है। युवती ने बताया कि अजय उसके इलाके में ही रहता है और 2024 में दोनों की पहचान हुई थी। जुलाई 2024 में अजय ने युवती से कहा कि वह उसे पसंद करता है और उससे शादी करना चाहता है। इसके बाद दोनों साथ रहने लगे और पिपल्यापाला में किराए का फ्लैट ले लिया। पीड़िता के मुताबिक साथ रहने के दौरान दोनों के बीच कई बार संबंध बने। युवती शादी के बारे में बात करती रही, लेकिन अजय हर बार बात टालता रहा। 20 जून 2026 को अजय ने शादी करने से इनकार कर दिया और कमरा छोड़कर चला गया। इसके बाद युवती ने परिजनों को पूरी बात बताई और पुलिस में शिकायत की। दूसरे मामले में शेफ का काम करने वाली युवती की शिकायत पर भंवरकुआ पुलिस ने कमलेश पुत्र राजाराम सोलंकी, निवासी बड़वानी, के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। पुलिस के मुताबिक दोनों की पहचान इंस्टाग्राम के जरिए हुई थी। अगस्त 2025 में कमलेश ने युवती से शादी की बात कही। इसके बाद दोनों तीन इमली इलाके में किराए का कमरा लेकर साथ रहने लगे।

पीड़िता के मुताबिक 10 अगस्त 2026 को कमलेश ने शादी करने से इनकार कर दिया। इसके बाद उसने पीड़िता का मोबाइल नंबर ब्लॉक कर दिया और बड़वानी चला गया। पीड़िता ने कमलेश को समझाने का प्रयास किया, लेकिन उसने उसकी बात नहीं मानी। इसके बाद युवती ने भंवरकुआ थाने पहुंचकर रेप की एफआईआर दर्ज कराई।

एक दिन पहले शिकायत पर एनसीआर दर्ज की थी

# फ्रूट व्यापारी पर दोबारा हमला

## हमला करने पहुंचे दो युवक, बाइक छोड़कर भागे

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

द्वारकापुरी में फ्रूट व्यापारी दीपक कटारिया पर बुधवार रात दो युवक हथियार लेकर दोबारा हमला करने पहुंचे। एक दिन पहले ही दीपक के साथ मारपीट और ब्लेड से हमला करने की कोशिश हुई थी, जिसकी शिकायत पर पुलिस ने एनसीआर दर्ज की थी। बुधवार रात दीपक और उसके परिवार के लोगों ने एक युवक को पकड़ लिया और डायल-112 पर पुलिस को सूचना दी। पुलिस के पहुंचने से पहले दोनों आरोपी बाइक छोड़कर भाग गए। व्यापारी का आरोप है कि बुधवार की घटना को भी पुलिस ने पहले की शिकायत में शामिल करने की बात कही।

द्वारकापुरी थाना क्षेत्र के 60 फीट रोड पर बुधवार रात करीब 11:30 बजे दो युवक दीपक कटारिया पर हमला करने पहुंचे। दीपक और उसके परिवार के लोगों ने एक युवक को पकड़ लिया। पूछताछ में युवक ने बताया कि वे दीपक पर हमला करने आए थे और संदीप नाम के युवक ने उन्हें यहां भेजा था। परिवार ने युवक का वीडियो बना लिया। इसी दौरान डायल-112 पर पुलिस को सूचना दी गई। करीब 15 मिनट बाद पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक दोनों युवक बाइक छोड़कर भाग चुके थे। पुलिस बाइक अपने साथ थाने ले गई। दीपक पर मंगलवार रात करीब 12:30 बजे भी हमला हुआ था। वह पैदल अपने घर की ओर जा रहा था, तभी दो युवकों ने उसे रोककर मारपीट की। एक युवक ने उसके चेहरे पर ब्लेड मारने की कोशिश की, लेकिन दीपक पीछे हट गया और उसे हल्की चोट लगी। इसके बाद दीपक द्वारकापुरी थाने शिकायत करने पहुंचा।

# ट्रेडिंग के नाम पर ऑनलाइन ठगी

## टेलीग्राम पर संपर्क कर दिया मुनाफे का झांसा बिजली बिल के नाम पर भी 80 हजार उड़ाए

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

खजराना में ट्रेडिंग के नाम पर एक युवक से करीब 76 हजार रुपए की ऑनलाइन ठगी का मामला सामने आया है। आरोपियों ने टेलीग्राम के जरिए संपर्क कर पहले मुनाफा दिखाया, फिर अलग-अलग पेमेंट के नाम पर रकम जमा करवाई। पीड़ित संयोग मोहे की शिकायत पर खजराना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

संयोग निजी कंपनी में काम करता है। 1 अगस्त को वह टेलीग्राम पर ट्रेडिंग देख रहा था। इसी दौरान उसने स्क्रीन पर दिए नंबर पर कॉल कर ट्रेडिंग करने की इच्छा जताई। इसके बाद संबंधित व्यक्ति ने उसे क्यूआर कोड भेजा, जिस पर संयोग ने 1 हजार रुपए यूपीआई से जमा किए। फिर 2 हजार रुपए और जमा करने को कहा गया और 3 हजार रुपए का स्लॉट देने की बात कही गई। इसके बाद 50% मुनाफा बताया गया और बढ़ी हुई रकम संयोग के अकाउंट में दिखाई गई। मुनाफा दिखने के बाद संयोग ने भरोसा कर पेमेंट करना शुरू कर दिया। उससे 4,600 रुपए के दो पेमेंट करने को कहा गया और बाद में अलग-अलग प्रक्रिया बताकर करीब 76 हजार रुपए जमा करवा लिए गए। जब संयोग ने तय पेमेंट करने के बाद मुनाफे की रकम मांगी तो आरोपियों ने पैसे देने से इनकार कर दिया। उन्होंने और पेमेंट करने को कहा, तब संयोग को ठगी का एहसास हुआ और उसने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई।

### 16 साल की किशोरी से दुष्कर्म के मामले में 20 साल का कारावास

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

द्वारकापुरी थाना क्षेत्र में 16 वर्षीय किशोरी के साथ दुष्कर्म करने के मामले में आरोपी को 20 साल के कारावास की सजा मिली है। उपनिदेशक अभियोजन राजेंद्र सिंह भदौरिया ने बताया कि पीड़िता की मां ने 30 अक्टूबर 2024 को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह कैटरिंग का काम करती है। 29 अक्टूबर 2024 की रात करीब 8 बजे उसकी बेटी अपनी नानी के घर जाने का बोलकर निकली थी, लेकिन वहां नहीं पहुंची। अभियोजन पक्ष ने अदालत के सामने 11 गवाहों की गवाही कराई और जुर्म को पूरी तरह साबित किया।

### महिला बाइक से गिरी, इलाज के दौरान अस्पताल मे तोड़ा दम

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

इंदौर बायपास पर डीपीएस स्कूल के पास बुधवार देर शाम सड़क हादसे में एक महिला की मौत हो गई। महिला अपने पति और दो बच्चों के साथ बाइक से घर लौट रही थी। सड़क खराब होने के कारण पति ने बाइक धीमी की, इसी दौरान महिला पीछे की तरफ गिर गई। सिर में गंभीर चोट लगने पर पति उसे ऑटो से अस्पताल लेकर पहुंचा, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। लसूड़िया पुलिस के मुताबिक मृतका की पहचान सपना (30) पत्नी सुरेश बारेले निवासी गुराड़ ग्राम सांवेर के रूप में हुई है।

# इंदौर पुलिस के किराए के गवाह, 2000 केस में पेश

## कोर्ट के आदेश पर 4 अफसरों पर एक्शन, खजराना टीआई का डिमोशन, चंदन नगर टीआई को हटाया

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

इंदौर पुलिस विभाग में थाना प्रभारियों की कार्यप्रणाली को लेकर लगातार सवाल गहराते जा रहे हैं। एक जैसे 'पॉकेट गवाहों' के नाम पर करीब 2000 केस दर्ज करने का मामला सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचने के बाद विभाग ने कार्रवाई की। जांच के बाद चार थाना प्रभारियों पर टीआई से एसआई (डिमोट) बनाने और पद से हटाने की कार्रवाई की गई है।

खजराना के पूर्व टीआई दिनेश वर्मा के कार्यकाल में जुआ, सट्टा और आर्म्स एक्ट के करीब 700 मामलों में दो तय गवाहों (इरशाद और नवीन) के नाम पाए गए। विभागीय जांच में आरोप सिद्ध होने पर पुलिस कमिश्नर संतोष सिंह ने उन्हें टीआई से एसआई पद पर डिमोट कर दिया। दिनेश वर्मा इस फैसले के खिलाफ वरिष्ठ अधिकारियों के समक्ष अपील और हाईकोर्ट जाने की तैयारी कर रहे हैं।

चंदन नगर थाने में करीब 1350 मामलों में चार गवाहों (अमीन रंगरेज, सलमान, अब्दुल और माजिद) का बार-बार इस्तेमाल सामने आया। सुप्रीम कोर्ट की तल्ख टिप्पणी के बाद इंदौर पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी को कोर्ट में उपस्थित होना पड़ा। इंद्रमणि पटेल को थाने से हटा दिया गया है। जांच जारी है। हाल ही में हुए डीएसपी प्रमोशन में उनका नाम रोक दिया गया है। वर्ष 2022 में व्यापारी के खिलाफ शिकायत लेकर आई युवती के मामले में समय पर एफआईआर दर्ज न करने और बाद में युवती पर ही मामला दर्ज करने के मामले में कार्रवाई हुई। कोर्ट की रिपोर्ट के आधार पर अजय वर्मा को टीआई से एसआई और जांच अधिकारी धीरज शर्मा को एएसआई से आरक्षक बनाया गया है। अजय वर्मा का मामला फिलहाल हाईकोर्ट में लंबित है।

वर्ष 2024 में विजयनगर थाने के अंतर्गत नाबालिगों को सट्टे के फर्जी केस में फंसाने के आरोप सिद्ध होने के बाद रवींद्र गुर्जर को भी डिमोट कर एसआई बना दिया गया। डिमोशन से नाराज गुर्जर ने डेढ़ साल से ड्यूटी जॉइन नहीं की है। सिंगल बेंच से राहत नहीं मिलने के बाद यह मामला अब हाईकोर्ट की डबल बेंच में है।

श्री गणेश बैंड उज्जैन
हमारे यहां घोड़ी, बग्गी, हाथी, ऊंट, लाइट, जनरेटर, लाजमा, ताश पार्टी, ढोल पार्टी, फूल की तोप, दूल्हन की ढोली, गाड़ी वाली लाइट, नाचने वाली घोड़ी आदि उपलब्ध है।
मास्तर : विजय सिंह सरगरा
Mob. 9981908694, 7828525454, 7067237220
अंकपात मार्ग, मीणा धर्मशाला, अंकपात मार्ग गायत्री शक्तिपीठ के पास जीवाजीगंज थाना ढोली गली, उज्जैन

होटल लक्ष्य
पंजाबी, साउथ इंडियन, चायनिज
आवश्यकता है
अनुभव 5 साल
होटल मैनेजमेंट, हाउसकीपिंग या ड्राइवर के लिए आवश्यक है
होटल मैनेजमेंट सैलरी: 15000 से 20000 रु.
हाउसकीपिंग सैलरी: 15000 से 20000 रु.
ड्राइवर सैलरी: 15000 से 20000 रु.
लग गई लाटरी! 2400 Sq. Feet Rooftop रेस्टोरेंट 5 लाख से 7 लाख लगाने पर 1000000 रु. महीने कमाएं
पता: आगर रोड मंडी गेट के सामने, डोमिनोज्स वाली बिल्डिंग, उज्जैन सम्पर्क: 9826398272

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

कालसर्प दोष
मंगल दोष, पितृदोष विशेषज्ञ
उज्जैन में कालसर्प दोष के लिए संपर्क करें
पंडित देवकीनंदन
अवंतिका तीर्थ पुरोहित
पंडित देवकीनंदन बृजमोहन जी द्विवेदी
यजुर्वेद आचार्य ज्योतिर्विद्
पता: म.नं. 58, योगीपुरा, हरसिद्धि माता मंदिर के पास, उज्जैन
मोबा. : 9907584370, 7772877083

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इंदौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com